रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 25 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-272 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मोदी ने भी शराब घोटाले को फ़र्जी माना : केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कबूल कर ही लिया कि तथाकथित शराब घोटाला पूरी तरह से फर्जी है और प्रवर्तन निदेशालय और केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पास का कोई सबूत नहीं है। केजरीवाल ने कहा, कल मोदी से एक साक्षात्कार में पूछा गया कि केजरीवाल कह रहे हैं कि इस तथाकथित शराब घोटाले में कोई सबूत या पैसा नहीं मिला है। इसपर प्रधानमंत्री ने कहा कि सबूत इसलिए नहीं मिला क्योंकि केजरीवाल अनुभवी चोर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मोदी ने ये कबूल किया कि शराब घोटाले में उनके पास कोई सबूत नहीं है। किसी तरह का कोई एक नया पैसा भी रिकवर नहीं हुआ है। उसे छिपाने के लिए वह कहते हैं कि केजरीवाल अनुभवी चोर है। इसका मतलब आपकी सारी सीबीआई और उसके अफसर निकम्मे हैं।

### लोक सभा चुनाव : छठे चरण मतदान के लिये तैयारियां पूरी

**नई दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के लिये 42 सीटों पर मतदान सुचारु रूप से कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। दिल्ली की सात सीटों सहित छठे चरण में सभी 58 सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा। कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय परिवर्तित किया जा सकता है।

### दिल्ली के अलीपुर में रिर्ज़ॉट में लगी आग

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक रिज़ॉर्ट में भीषण आग लग गयी। अग्निशमन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्निवल रिजॉर्ट में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की गाड़ियां मौके पर तुरंत भेज दी गयीं अनुमान है कि आग बिजली के तारों के शार्ट-सर्किट के कारण लगी। अंतिम सूचना मिलने तक आग बुझाने के प्रयास किये जा रहे थे।

# मोदी ने कहा-कांग्रेस और इंडिया समूह स्वार्थी और अवसरवादी है

## एक तरफ मोदी की गारंटी व दूसरी तरफ कांग्रेस की बर्बादी का मॉडल

एजेंसी ◄ नाहन
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि एक तरफ 'मोदी की गारंटी' है और दूसरी तरफ कांग्रेस की 'बर्बादी का मॉडल'। मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता पाने के लिए कांग्रेस ने हिमाचल के लोगों से खूब झूठ बोला। उन्होंने कहा, पहली कैबिनेट में ये होगा, वो होगा। लेकिन पहली कैबिनेट में कुछ भी नहीं हुआ, बल्कि कैबिनेट ही टूट-फूट गई। कांग्रेस और इंडिया समूह स्वार्थी है और अवसरवादी है। ये घोर सांप्रदायिक हैं, ये घोर जातिवादी हैं और ये घोर परिवारवादी हैं। प्रधानमंत्री ने नाहन के चौगान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत को जो स्पीड और स्केल चाहिए, वो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही दे सकती है। उन्होंने अपने भाषण से पूर्व हिमाचल में गुजारे समय को याद किया, मां शालूनी और सभी देवी देवताओं को याद किया। उन्होंने कहा कि जब में हिमाचल का प्रभारी था तब भी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानता था और आज भी मानता हूं। उन्होंने कहा कि समय बदल है पर मोदी नहीं बदला है। उन्होंने अपने भाषण में अपने हिमाचल के साथियों को भी याद किया। उन्होंने कहा,÷मेरे लिए न नाहन नया है और न ही सिरमौर नया है लेकिन मुझे कहना पड़ेगा कि आज का माहौल नया है। जब देश मोदी को जानता नहीं था, तब भी आप लोगों ने मुझे आशीर्वाद और प्यार देने में कोई कमी नहीं रखी। समय बदला है, लेकिन मोदी नहीं बदला है। मोदी का हिमाचल से वही पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा की मुझे आशीर्वाद चाहिए। एक ताकतवर भारत बनाने के लिए, दूसरा विकसित भारत बनाने के लिए और तीसरा विकसित हिमाचल के लिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सीमा से सटा हुआ राज्य है, हिमाचल के लोग एक मजबूत और ताकतवर सरकार का मतलब जानते हैं। मोदी आपके लिए जान की बाजी लगा देगा, लेकिन आप पर कभी संकट नहीं आने देगा। मोदी ने कहा, आपने कांग्रेस का दौर देखा है, जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था, कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी। लेकिन मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया से भीख नहीं मांगेगा, भारत अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा। उन्होंने कहा, हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे अपना हौसला बुलंद रखना सिखाया है। हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे अपना सिर गर्व से ऊंचा रखना सिखाया है। मैं मां भारती का अपमान नहीं सह सकता। लेकिन कांग्रेस, मां भारती के अपमान से भी बाज नहीं आती। कांग्रेस को भारत माता की जय कहने से दिक्कत है, कांग्रेस को वंदे मातरम् कहने से दिक्कत है। ऐसी कांग्रेस कभी हिमाचल का भला नहीं कर सकती। मोदी ने कहा, एक तरफ मोदी की गारंटी है और दूसरी तरफ कांग्रेस का बर्बादी का मॉडल।

### अब तक हुए चुनाव में भाजपा व राजग को बहुमत

**मंडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने को दावा किया कि देश में अब तक हुए पांच चरणों में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय गठबंधन को बहुमत से ज्यादा सीटें मिल चुकी हैं। मोदी ने कहा,'अब इसमें हिमाचल की चार सीटें जुड़ जाएंगी, तो सोने पर सुहागा हो जाएगा। मैं देख रहा हूं कि हिमाचल फिर एक बार 4-0 से हैट्रिक बनाने जा रहा है। देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है।' मोदी ने हिमाचल के मंडी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के जिस 'शाही परिवार' ने हिमाचल को धोखा दिया, उसने फिर मुड़कर यहां अपनी शक्ल नहीं दिखाई है। मोदी ने कहा की पालमपुर यहां से ज्यादा दूर नहीं है। आज याद दिलाना चाहता हूं कि पालमपुर में भाजपा की कार्यसमिति की बैठक थी, उसमें जो निर्णय हुआ था, उससे एक इतिहास रचा गया था। इसी अधिवेशन में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। यानी हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि है। हिमाचल में लिया गया वो ऐतिहासिक संकल्प सिद्ध हो चुका है। 500 साल का इंतजार, 500 साल अविरत संघर्ष चला, लाखों लोगों ने शहादत दी। अब वो 500 साल का इंतजार खत्म हुआ। ये इंतजार खत्म किया है आपके एक वोट ने, आपके वोट की ताकत ने 500 साल का इंतजार खत्म किया। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हुए, हिमाचल खुश हुआ है, देवी-देवता आशीर्वाद बरसा रहे हैं।

# वित्त मंत्री चौधरी ने राजधानी के मास्टर प्लान में हुई गड़बड़ी में दिए जांच के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के मास्टर प्लान में जांच समिति का मानना है कि व्यवस्थित शहर के लिए प्लान में एक तिहाई तक बदलाव करना होगा। दरअसल, मास्टर प्लान में मिली शिकायतों के बाद मार्च में पहली बार जांच समिति बनी थी। उसने जांच में पाया कि शहर के बड़े हिस्से में नियमों के बाहर जाकर बदलाव किया गया है। कांग्रेस शासन काल में राजधानी के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर ने वर्ष 2031 के लिए जो मास्टर प्लान लागू किया है इनमें थोक में गड़बड़ियां पाई गई है। इसकी जानकारी प्रारंभिक रिपोर्ट में सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर शासन अब दोबारा दावा-आपत्तियां मंगाने की तैयारी में है। यह दावा-आपत्ति सिर्फ उन्हीं प्रकरणों के लिए मंगाई जाएंगी, जिनमें गड़बड़ी मिली है। जानकारी के मुताबिक, कमेटी की प्रारंभिक जांच में नये मास्टर प्लान में कई तरह की गड़बड़ी सामने आई है। इसमें कहीं जलाशय की जगह को आवासीय घोषित कर दिया गया है तो कहीं आवासीय क्षेत्र को जलाशय क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है। इसके अलावा कई जमीनों को आवासीय की जगह में तो कहीं कृषि भूमि को मिश्रित एवं व्यवसायिक क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा, मास्टर प्लान के संबंध में अनेक बार यह विषय विधानसभा में भी उठा था। लगातार शिकायत भी हुई थी। अभी मास्टर प्लान की जो भी गड़बड़ियां हुई है जो भी प्रक्रिया है गलतियां है गड़बड़ियां है, किसी के द्वारा गलत किया गया हो उसके लिए एक कमेटी आवास पर्यावरण विभाग के अंतर्गत उसके जांच का काम कर रही है। जो भी गलत हुए हैं उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उसे ठीक करने का काम भी किया जाएगा। रायपुर शहर के 2031 के मास्टर प्लान से पहले दो बार ही प्लान लागू किया गया था। राज्य बनने के बाद पहला मास्टर प्लान 2000 में लाया गया था, जो 2001 से 2011 तक के लिए लागू था। फिर 2011 से 2021 तक लाया गया, लेकिन 2011 में जारी मास्टर प्लान विवादों के चलते पहले जारी किए गए। प्लान में कई संशोधन के बाद इसे 2011 में फिर से जारी किया गया था। 2021 के बाद 2031 तक के लिए तीसरा प्लान बनाया गया। बता दें कि रायपुर जिले में मास्टर प्लान को 2 पार्ट में तैयार किया गया है। पहला पार्ट 2023 से 2025 और दूसरा पार्ट 2026 से 2031 तक के लिए लागू किया जाएगा। पहला पार्ट पूरा होने के साथ ही दूसरे पार्ट को धरातल में लाया जाएगा। बनाए गए इस मास्टर प्लान गड़बड़ियों से आने वाले समय में रायपुर जिले के रहवासियों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। लिहाजा मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश के बाद इस मास्टर प्लान की कड़ाई से जांच की जा रही है।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा-नक्सली मुख्य धारा में जुड़े


पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर में नक्सल मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नारायणपुर बीजापुर में जवानों ने 8 वर्दीधारी नक्सली मार गिराएं। जवानों के शौर्य और भुजाओं का यह आधार है। उन्होंने नक्सलियों को संदेश देते हुए कहा कि नक्सली मुख्य धारा में जुड़े लक्ष्य निर्धारित करें, अगर उन्नति उनका रास्ता है तो एक रास्ता बन सकता है। वही, नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी के लिखे हुए लेटर पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा ऑपरेशन जहां आवश्यक है वहां करना होता है। सड़क भी बनानी होगी। इन सभी बातों के साथ कहना चाहता हूं कि चाणक्य की बात करते, वही राग अलापते है इसका कोई अर्थ नहीं होने वाला है। नक्सलियों से आग्रह है कि वार्तालाप करें।

## पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और उसे लेकर रहेंगे, यह हमारा संकल्प है : शाह

पायनियर संवाददाता ◄ आरा
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर दोहराया कि पाकिस्तान के परमाणु बम से हम नहीं डरते हैं, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) हमारा है और हम उसको लेकर रहेंगे, ये भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है। शाह ने आज यहां वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कहा, ये कांग्रेस और लालू जी का घमंडिया गठबंधन हमें डराता है कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं लालू यादव एंड कंपनी से कहना चाहता हूं कि हम तो भाजपा वाले हैं, पाकिस्तान के एटम बम से नहीं डरते। पीओके हमारा है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे, ये भाजपा का संकल्प है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि घमंडिया गठबंधन वाले लोग हमारे पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं और मुसलमानों के लिए आरक्षण लाना चाहते हैं । कल कोलकाता हाईकोर्ट ने उनके आरक्षण पर रोक लगाई । उन्होंने जोर देकर कहा, जब तक हम हैं आरक्षण को खत्म नहीं होने देंगे। आप एनडीए को 400 पार करा दो, हम मुस्लिम आरक्षण को खत्म कर पिछड़ा को देने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि घमंडिया गठबंधन गठबंधन के लोगों ने 12 लाख करोड़ का घोटाला भ्रष्टाचार किया लेकिन श्री नरेंद्र मोदी ने 23 साल तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए चार आने का भी भ्रष्टाचार नहीं किया । उन्होंने जनता से पूछा,अब आप 12 लाख करोड़ के घोटाले वाले को चुनना चाहेंगे या ईमानदार और गरीब का कल्याण करने वाले मोदी जी के प्रतिनिधि आर के सिंह को।

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा घोटाला की फोरेंसिक जांच कराएगी सीबीआई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




सीबीआई ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में हुई अनियमितता की जांच शुरू कर दी है। पीएससी की 2020 और 2021 के डिप्टी कलेक्टर-डीएसपी की भर्ती परीक्षा में चयनित विवादित उम्मीदवारों की प्रीलिम्स और मेंस की आंसरशीट को जांच के लिए सीबीआई की फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। जांच एजेंसी यह पता लगाने के प्रयास में है कि आंसरशीट में रोल नंबर और प्रश्नों के जवाब अलग-अलग समय में तो नहीं लिखे गए हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों की हैंडराइटिंग की भी विशेषज्ञों से जांच कराई जाएगी। 18 चयनित उम्मीदवारों से पूछताछ की भी तैयारी है। भर्ती परीक्षा के बाद आरोप लगाया गया है कि कुछ उम्मीदवारों का चयन गलत तरीके से किया गया है। उन्होंने परीक्षा हाल में आंसरशीट खाली छोड़ दी थी। जिसे दूसरे लोगों ने भरा है। फारेंसिक जांच से इन आरोपों का सच सामने आएगा, उसके बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। सीबीआई साक्षात्कार लेने के लिए बनाए गए तीन पैनलों का रिकार्ड भी खंगाल रही है। एक बोर्ड में तो तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी भी थे। सीबीआई यह भी पता लगा रही है कि किस बोर्ड की ओर लिए गए साक्षात्कार में सबसे ज्यादा लोगों का चयन हुआ। बोर्ड के सदस्यों का चयनित अभ्यर्थियों या उनके स्वजनों से कोई संबंध तो नहीं है। इंटरव्यू बोर्ड के सदस्यों के पांच साल का काल डिटेल, गूगल लोकेशन से लेकर वाट्सएप चैट तक खंगाले जाने की तैयारी है। वहीं चयनित अभ्यर्थियों के फोन की भी तकनीकी जांच की जाएगी।

## क्या मोदी कभी किसानों से माफी मांगेंगे: जयराम रमेश

वार्ता ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा संसद जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जानना चाहा कि क्या वह कभी किसानों से माफी माँगेंगे? उन्होंने चंडीगढ़ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'किसान विरोधी' भाजपा जब कोविड-19 महामारी के बीच तीन काले कृषि कानून लायी, पंजाब-हरियाणा समेत देश के किसानों के सामने आंदोलन के सिवा कोई चारा नहीं रहा। उन्होंने कड़कड़ाती ठंड, महामारी के बीच दिल्ली पुलिस की हिंसा के बीच महीनों आंदोलन किया कि उनकी आवाज 'अहंकारी' प्रधानमंत्री तक पहुंचे। इस दौरान भाजपा की दुष्प्रचार मशीन प्रदर्शनकारी किसानों को 'नक्सली', 'खालिस्तानी' और 'देशद्रोही' करार देती रही। जिन किसानों ने राष्ट्र की भोजन की जरूरतें पूरी करने के लिये हमेशा कड़ी मेहनत की है, जिन्होंने अपने बच्चों को देश की सीमाओं पर भेजा, प्रधानमंत्री क्या कभी उन किसानों से माफी मांगेंगे कि उन्हें बदनाम किया गया और देश के प्रति उनकी निष्ठा पर सवाल उठाया गया। रमेश ने जोर देकर कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये मतदान के पहले दो चरणों से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा दक्षिण में साफहै और उत्तर में हाफ । उन्होंने कहा कि काँग्रेस पाँच न्याय और 25 गारंटियों के साथ चुनाव लड़ रही है और किसानों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून और कर्ज माफी प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार ने किसानों का 72000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था।

### छत्तीसगढ़ में पांच सालों में बने जाति प्रमाण पत्रों की होगी जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने पिछले पांच सालों में बने जाति प्रमाण पत्रों की जांच कराएगी। फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने की शिकायत के बाद विष्णु देव सरकार एक्शन मोड में है। वहीं जाति प्रमाण पत्रों की जांच को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि हमारी सरकार पांच सालों में बने सभी जाति प्रमाण पत्रों की उच्च स्तरीय जांच कराएगी। शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पांच सालों में नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में फर्जी प्रमाण पत्र बने। राज्य सरकार ऐसे सभी फर्जी प्रमाण पत्रों की जांच कराएगी। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के जाति प्रमाण पत्रों पर दिए फैसले के बाद राज्य की विष्णु देव सरकार का यह बड़ा कदम है।

**मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल में मिले समस्याओं के त्वरित और उचित निदान के लिए एक बड़ा फैसला लिया**

## जन समस्याओं के त्वरित निराकरण करने नियुक्त किये जाएंगे नोडल अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



### जनता की समस्या का त्वरित निराकरण ही हमारा मकसद : विष्णु देव साय

आम आदमी की दिक्कतों को तुरंत दूर करना ही हमारी सरकार का मकसद है। मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल पर आए आवेदनों का त्वरित निराकरण जनता के लिए राहत भरा होगा। इसी लिए मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल पर आवेदनों के संबंध में नोडल अफसर नियुक्त होंगे, जो पंद्रह दिन के भीतर आवेदनों का संतुष्टीदायक निराकरण करेंगे। संतुष्टि न होने पर आवेदक अपील भी कर सकेगा। जिसके लिए अपीलीय अधिकारी भी नियुक्त होंगे। अफसरों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

जन समस्याओं के निराकरण के लिए मंत्रालय से लेकर जिला स्तर तक नोडल एवं अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति होगी। जो पंद्रह दिन के अंदर आवेदनों का निराकरण करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार का स्लोगन विष्णु का सुशासन को चरितार्थ करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। आम तौर पर बेहद शांत और सरल माने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने अभी पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था कि सामान्यतः वे बेहद शांत हैं, मगर जनता की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर उन्हें गुस्सा आता है। संभवतः इसी परिप्रेक्ष्य में सीएम साय ने मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल में मिले समस्याओं के त्वरित और उचित निदान के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत नोडल अधिकारी और अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति की जानी है। मंत्रालय स्तर पर अवर सचिव नोडल अधिकारी होंगे जबकि उपसचिव अपीलीय अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर अथवा संयुक्त कलेक्टर नोडल अफसर होंगे और अपर संचालक को अपीलीय अधिकारी का दायित्व मिलने जा रहा है। जबकि संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक नोडल अफसर होंगे और अपर कलेक्टर अपीलीय अधिकारी होंगे। साय सरकार ने जनता से मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक और त्वरित गति से निराकरण के लिए अफसरों को केवल पंद्रह दिन का समय देना निर्धारित किया है। संबंधित विभाग अथवा शाखा के द्वारा आवेदनों के संबंध में कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत संबंधित नोडल अधिकारी उसका परीक्षण करेंगे और अंतिम निराकरण की कार्यवाही पर अपनी मुहर लगाएंगे। व्यवस्था यह होगी कि जिन विभागों या जिलों के द्वारा पंद्रह दिन के भीतर आवेदनों का सही तरीके से निराकरण नहीं किया जा रहा हो तो उसकी सूची स्वतः ही पोर्टल पर प्रदर्शित हो जाएगी। इतना ही नहीं साय सरकार ने आवेदकों को उसके आवेदन के निराकरण की जानकारी तथा निराकरण के बाद फीडबैक एवं अपील करने की सुविधा दिया जाना तय किया है। जिससे आवेदक के प्रकरणों के निराकरण की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर दिये गये आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

वार्ता ◄ नयी दिल्ली/नैनीताल
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में उत्तराखंड उच्च न्यायालय की शिफ्टिंग को लेकर प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से दिये गये आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही प्रतिवादियों से जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने विगत आठ मई को एक न्यायिक आदेश जारी कर प्रदेश सरकार को हाईकोर्ट शिफ्टिंग के लिये एक महीने के अदंर भूमि की व्यवस्था करने के आदेश दिये थे। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को इस मामले में सात जून तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपने को कहा था। उत्तराखंड उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन लगातार इस निर्णय का विरोध करती आ रही है। बार एसोसिएशन की ओर से उच्च न्यायालय के आदेश को विशेष अपील के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी। उच्चतम न्यायालय की अवकाशकालीन पीठ में इस मामले में आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने सभी पक्षकारों से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अब इस मामले में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विस्तृत सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की ओर से न्यायिक आदेश का विरोध किया गया। स्थगनादेश की खबर मिलते ही उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं में खुशी की खबर फैल गयी।

## शपथ पत्र में बताएं हादसे रोकने क्या कर रही सरकार : हाईकोर्ट



हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** कवर्धा सड़क हादसे में 19 आदिवासियों की मौत पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व नेशनल हाईवे अथॉरिटी से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा, शपथ पत्र में बताएं कि राज्य सरकार सड़क हादसे रोकने क्या कर रही है। मामले में अब 26 जून को सुनवाई होगी। कबीरधाम जिले में तेंदूपत्ता तोड़कर लौटने के दौरान पिकअप पलटने से 19 लोगों की मौत हुई थी। इस पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की गई। राज्य सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी से सड़क हादसे रोकने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कितना अमल हुआ, इसकी रिपोर्ट मांगा गया है। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच में हुई। 26 जून तक सभी पक्षकारों को जवाब देने कहा गया है।

### सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह में 17 सीमा प्रहरियों को पदक



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सीमा सुरक्षा बल के 17 अधिकारियों और जवानों को वीरता तथा जीवन रक्षा पदकों से सम्मानित किया। सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह में दस सीमा प्रहरियों को वीरता के लिए पुलिस पदक और सात को जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया गया। सात सीमा प्रहरियों को यह पदक मरणोपरांत दिया गया है। उनके परिजनों ने यह सम्मान हासिल किया। अलंकरण समारोह में केन्द्रीय पुलिस बलों के वरिष्ठ सेवारत तथा पूर्व अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस अलंकरण समारोह का आयोजन सीमा सुरक्षा बल के पहले महानिदेशक, पद्म विभूषण के एफ रूस्तमजी के सम्मान में किया जाता है।

# पंजाब की सभी 13 सीटों पर आप उम्मीदवार को जितायें : भगवंत मान

वार्ता < होशियारपुर/ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने होशियारपुर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ राजकुमार चब्बेवाल के लिये चुनाव प्रचार किया। मान ने भुलत्थ में एक जनसभा को संबोधित किया और लोगों से आप को 13-0 से सीटें जिताने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस नेता और भुलत्थ के विधायक सुखपाल सिंह खैरा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, मैं गारंटी देता हूं कि वह ही आपके विधायक रहेंगे क्योंकि संगरूर से हम उनको हराकर फिर यहां भेज देंगे। उन्होंने कहा कि सुखपाल खैरा खुद कहीं चुनाव जीतने के लिये नहीं जाते हैं। वह मिलीभगत के तहत किसी को हराने और किसी को जिताने जाते हैं। पिछली बार उन्होंने हरसिमरत कौर बादल को जिताने के लिये बठिंडा से चुनाव लड़ा था। इसके लिये उन्हें काफी पैसै मिले थे। उन्होंने कहा कि अगर सुखपाल खैरा दो नंबर के काम और भ्रष्टाचार नहीं करते तो उनके पास इतनी जमीन और पैसे कहां से आए। उन्होंने भुलथ के लोगों से अपील की और कहा कि अब आप उन्हें विधायक से भी हटा दो ताकि उन्हें आपको छोड़कर जाने का मतलब पता चले।

# मुरैना में रेत माफिया और पुलिस के बीच गोलीबारी

वार्ता < मुरैना
www.dailypioneer.com

मुरैना जिले में अवैध रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली को छुड़ाने को लेकर रेत माफिया के लोगों और पुलिस के बीच गोलीबारी होने की घटना सामने आई है। गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। पुलिस सूत्रों ने सराय छोला थाना प्रभारी भूमिका दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के लिये कल चंबल नदी के कैमरा और बरवासिन घाट गई थी। अवैध रेत से भरे तीन ट्रेक्टर ट्रालियां को पकड़ने का प्रयास किया तो दो ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर और ट्रालियों को भगा ले गए लेकिन एक ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के कब्जे से ट्रेक्टर को छुड़ाने के लिये ग्राम बरवासिन लोगों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ चालीस चक्र गोलियां दागी, लेकिन गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। पुलिस की कार्यवाई को देखकर रेत माफिया के लोग गांव छोड़कर बीहड़ों में छिप गए। ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## हरियाणा में 10 लोस सीट के लिये 25 को मतदान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के लिये शनिवार 25 मई को प्रातः सात से सायं छह बजे तक मतदान किया जायेगा। हरियाणा के दो करोड़ 76 हजार 768 पंजीकृत मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि वे घरों से बाहर निकल कर अपने मतदान केंद्र पर अवश्य जायें और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 20,031 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इनमें 19,812 स्थाई तथा 219 अस्थाई मतदान केंद्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में 5,470 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 14,342 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि 176 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। 99 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जो पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किये जायेंगे।

# आपात स्थिति में उतरे हेलिकॉप्टर में सवार थे तमिलनाडु के यात्री

एजेंसी < रुद्रप्रयाग/देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जनपद स्थित केदारनाथ धाम में तकनीकी खराबी के कारण आपात स्थिति में उतरे हेलिकॉप्टर में पायलट सहित कुल सात लोग सवार थे। इसमें सवार सभी छह तीर्थयात्री तमिलनाडु के रहने वाले हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि आज सुबह सात बजे क्रिटन एविएशन कंपनी का हैलिकॉप्टर ने शेरसी से छह यात्रियों को लेकर केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। तकनीकी खराबी के कारण हेलिकॉप्टर को केदारनाथ हैलीपैड़ से लगभग 100 मीटर पहले आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। उन्होंने बताया कि पायलट कैप्टन कल्पेश द्वारा सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे आपातकालीन स्थिति में सकुशल लैंडिंग कराया गया जिसमें सवार श्रद्धालु, शिवाजी, अल्लू वेंकटचलम, महेश्वरी, सुन्दरा राज, सुमति और मयूर बाघवानी, सुरक्षित एवं सकुशल हैं। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर यात्रियों की सहायता कर उन्हें मंदिर तक पहुंचाया गया। रजवार ने बताया कि उक्त हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी एवं घटना की जांच डीजीसीए द्वारा की जा रही है। उक्त जांच पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त एविएशन कंपनी द्वारा केदारघाटी में उड़ान प्रारंभ की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि उक्त हैली कंपनी में जिन यात्रियों ने अपने टिकट बुक कराए हैं, उनको यथासंभव अन्य हैली कंपनियों के माध्यम से उड़ान की व्यवस्था कराई जा रही है।

## शिंदे-भाजपा सरकार सूखे की स्थिति को लेकर गंभीर नहीं : पटोले

**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने राज्य की शिंदे-भारतीय जनता पार्टी सरकार पर सूखे की स्थिति को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया है और कहा है कि सरकार को आचार संहिता के बहाने संकोच नहीं करना चाहिए और राज्य के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जानवरों को चारा, पीने का पानी और लोगों को काम तुरंत उपलब्ध कराना चाहिए। पटोले ने नागपुर में मीडियाकर्मियों से कहा, राज्य में सूखे की स्थिति बहुत गंभीर है, कुछ गांवों को महीनों तक पानी नहीं मिला है, जानवरों के लिए चारा नहीं है, पीने का पानी नहीं है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को छत्रपति संभाजीनगर में सूखे की समीक्षा बैठक की, लेकिन इस बैठक से पांच अभिभावक मंत्री अनुपस्थित रहे। इससे साफहै कि सरकार सूखे को लेकर गंभीर नहीं है। मुख्यमंत्री को मौके पर ही आदेश देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने सिर्फ बैठक कर खानापूर्ति कर दी। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार असंवैधानिक है और इस सरकार को आम लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, गरीब लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। लोग सूखे के कारण पीड़ित हैं, लेकिन सरकार कोई उपाय नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि डोंबिवली में एक रासायनिक कारखाने में विस्फोट में 11 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि डोंबिवली में एक पूर्व घटना के बाद महाविकास अघाड़ी सरकार ने इन कारखानों को बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन उसके बाद आई भ्रष्ट गठबंधन सरकार ने पैसे लिए और कारखानों को चालू रखा।

# एईएसएल ने हिंदी भाषा में किया 'आकाश आईट्यूटर' का शुभारंभ




एजेंसी < उदयपुर
www.dailypioneer.com

परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हिंदी माध्यम के छात्रों के लिये नया कदम उठाते हुये हिंदी भाषा में 'आकाश आईट्यूटर' का शुभारंभ किया है। एईएसएल के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने पत्रकारों को बताया कि यह नयी सेवा हिंदी माध्यम में छात्रों को नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिये शिक्षा सामग्री प्रदान करेगी। यह भारत में विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के छात्रों के लिये क्षेत्रीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एईएसएल की योजना का प्रतीक है। भविष्य में जेईई के लिये भी यही सुविधा प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि हिंदी में अपने प्रसिद्ध शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करके, हमारा लक्ष्य हिंदी भाषी छात्रों की अनूठी जरूरतों को पूरा करना और उन्हें उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को साकार करने में सक्षम बनाना है।

उल्लेखनीय है कि एईएसएल पहले से ही राजस्थान बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुरूप हिंदी में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। पाठ्यक्रम और शिक्षण हिंदी में है और पूरे राज्य में अलग-अलग हिंदी माध्यम बैच संचालित किये जाते हैं।

# नेपाल सीमा पर 424 सुरक्षा समितियां चौकस

एजेंसी < बस्ती
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के बस्ती परिक्षेत्र मे लोकसभा चुनाव को देखते हुए सिद्वार्थनगर जिले मे नेपाल सीमा पर आपरेशन कवच के तहत 424 सुरक्षा समितियां निगरानी कर रही है। चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से समपन्न कराने के लिए भारत-नेपाल सीमा सील कर दिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामकृष्ण भारद्वाज ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से समपन्न कराने के लिए लोकसभा क्षेत्र बस्ती, डुमरियागंज तथा सिद्वार्थनगर मे तैयारी पूरी कर ली गयी है। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये है। उन्होने बताया कि आपरेशन कवच के तहत सिद्वार्थनगर में नेपाल बार्डर से 10 किलो मीटर अन्दर आने वाले 424 गांवो में ग्राम सुरक्षा समिति का भी निगरानी कर रही है। इन समितियों में 4173 सदस्य शामिल है। सीमावर्ती बूथों पर सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। मतदान की तिथि पर मतदान केंद्रों के आसपास के 200 मीटर के क्षेत्र में किसी भी चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं दी जाएगी। आयोग से नियुक्त प्रेक्षकों और अधिकृत चुनाव, पुलिस अधिकारियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होने बताया कि चुनाव मे लगे समस्त अधिकारियों,सुरक्षा कर्मियों को निर्देश प्रदान करते हुए कहा गया है कि मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर किसी भी उपकरण द्वारा ह्यूमन वायस को बढ़ाने की अनुमति नहीं है। किसी भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में अधिकृत सुरक्षा कर्मियों के अलावा कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता है। कोई भी व्यक्ति बूथ के अंदर मोबाइल फोन, किसी प्रकार की रिकार्डिंग डिवाइस, अस्त-शस्त्र आदि के साथ प्रवेश नहीं करेगा।

## देवनानी ने कविता संग्रह का किया विमोचन

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में रेखा शर्मा के कविता संग्रह ''वातुल मन'' का विमोचन किया। देवनानी ने शर्मा को इस रचनात्मक प्रयास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रथम प्रति पर हस्ताक्षर किये। शर्मा ने देवनानी को बताया कि इस कविता संग्रह में 77 कविताओं का संकलन है। लोक जीवन एवं लोक संस्कृति के विभिन्न पहलुओं और मानवीय संवेदनाओं पर मानव मन के भावों को शब्दों में उकेरा गया है।

## टीटीडी ने वीआईपी दर्शन रद्द किए

**तिरुमाला।** आंध्रप्रदेश में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा है कि गर्मी की छुट्टियों में तीर्थयात्रियों की भीड़ को देखते हुए 30 जून तक शुक्रवार, शनिवार और रविवार को वीआईपी दर्शन बंद कर दिये गये हैं। टीटीडी ने आम तीर्थयात्रियों के व्यापक हितों को देखते हुए यह निर्णय लिया है। सर्व दर्शन तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन समय में पहले से ही लगभग 30-40 घंटे लग रहे हैं। टीटीडी ने आज यहां एक विज्ञप्ति में कहा ऐसे में वीआईपी दर्शन के लिए किसी तरह का सिफारिश पत्र स्वीकृत नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भक्तों से अनुरोध है कि वे इसे ध्यान में रखे और टीटीडी के साथ सहयोग करें।

## रेल पटरियों पर मिला एक व्यक्ति का शव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाना क्षेत्र में पुलिस ने रेलपटरियों से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कल रात ऐशबाग इलाके के ओल्ड सुभाष नगर में रेलवे पटरी पर एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है। उसकी मौत का कारण अभी पता नहीं चला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है।

## महाजन फील्ड रेंज में सेना के हवलदार की मौत

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में बीकानेर जिले के महाजन थाना क्षेत्र में महाजन फील्ड रेंज में अभ्यास के दौरान सेना के एक हवलदार की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार हवलदार संदीप यादव (41) हरियाणा के भिवानी जिले में सदर थाना क्षेत्र के सिरसा घोपड़ा का निवासी था। रेजीमेंट के एक लेफ्टिनेंट कैप्टन वासूसिंह द्वारा दी गयी रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गयी है। पुलिस को दी गयी रिपोर्ट में बताया गया है कि संदीप सिंह 22 मई को कैंप स्थान गन टोइंग वाहन से उतरते समय में बेहोश हो गया। उसे तुरंत एम आई रूम बेस्ड कैंप ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि इन दिनों इलाके में भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 46 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

# एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रचार एक जून तक प्रतिबंधित

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण एक जून तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन प्रतिबंधित है। राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विगत 28 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार आदर्श आचार संहिता के दौरान एक जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि आयोग की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार के ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा।

# पुनर्वासित बंगाली राजस्व रिकॉर्ड में जाति दर्ज कराने के संघर्षरत

एजेंसी < बारां
www.dailypioneer.com

राजस्थान में बारां जिले में निवासरत बंगलादेश विभाजन के बाद पुनर्वास विभाग द्वारा राजस्थान में बसाये गये पुनर्वासित बंगाली समुदाय अब भी राजस्व रिकॉर्ड में अपनी जाति दर्ज कराने के लिये संघर्ष कर रहा है। इस मुद्दे को लेकर राजस्थान के बारां जिले के किशनगंज क्षेत्र के नाहरगढ़ इलाके के पुनर्वासित बंगाली समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक ललित मीणा के साथ जिला कलेक्टर रोहताश्व सिंह तोमर से मिला। जाति के मुद्दे को लेकर विधायक मीणा ने जिला कलेक्टर से कहा कि पुनर्वास के 50 साल बाद भी बंगाली समुदाय के लोग जाति प्रमाण पत्र में अपनी वास्तविक जाति अंकित नहीं कर पा रहे, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का उचित लाभ नहीं मिल रहा है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जयकुमार हलदर, विश्वजीत रॉय, सुनील तरफ्दार ने बताया कि 1971 में बंगलादेश नवोदित देश बनने से विस्थापित हुये असंख्य हिन्दू परिवारों को तत्कालीन केन्द्र सरकार ने भारत देश के भिन्न भिन्न प्रान्तों में पुनर्वास करके बसाया था। इन पुनर्वास प्राप्त परिवारों में से कुछ परिवारों को राजस्थान के कोटा जिले के अब बारां उपखंड किशनगंज एवं शाहाबाद के ग्राम घट्टी, परानिया, नेहरूपुरा एवं नाटई में पुनर्वास करके बसाया गया था। उस समय पुनर्वास विभाग द्वारा आजीविका के लिए इन परिवारों को 10-10 बीघा भूमि खेती बाड़ी के लिये आवंटित की गयी, लेकिन पुनर्वास विभाग द्वारा आवंटित भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में जाति के कालम में जाति बंगाली लिख दिया गया, क्योंकि उन परिवारों की मातृभाषा बंगाली होने एवं ये सभी बंगाल से विस्थापित होने के कारण उनकी जाति बंगाली मान लिया गया, जबकि बंगाली समुदाय में भी सभी तरह की जातियां होती हैं। जाति के मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे समिति के संजय बनर्जी, विशाल मंडल, विनय कुमार ने बताया कि इस जाति की विसंगति को दूर करने के लिये तीन वर्ष पहले तत्कालीन जिला कलेक्टर इंद्रसिंह राव को ज्ञापन सौपा गया था। उस समय उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुये एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने अपने अनुसंधान एवं तथ्यों की जांच में यह पाया कि बंगाली वास्तविक जाति नहीं है, अतः वास्तविक जाति राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए कमेटी द्वारा अनुशंसा की गयी। कमेटी की अनुशंसा के बाद तत्कालीन जिला कलक्टर ने जिले के सभी तहसीलदार को आदेश दिया गया कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज जाति बंगाली के स्थान पर उपनाम लिखा जाये।


ऐसे में उपनाम को जाति मान लेने से फिर विसंगति रह गयी, क्योंकि एक ही उपनाम का प्रयोग अपने नाम के साथ अलग-अलग जाति के लोगों द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि पुनर्वास विभाग द्वारा जोधपुर, कोटा देवली में भी इसी तरह बसाये गये बंगाली समुदाय के लोगों का जाति प्रमाण पत्र बन गया है।

# आधा शहर पानी की किल्लत से त्रस्त, पेयजल से धुल रहे हैं वाहन

**बारां।** राजस्थान में बांरा जिले में पिछले 10 वर्ष से पानी की ऐसी किल्लत नहीं देखी गई, जो इस वर्ष भीषण गर्मी के सीजन में देखी जा रही है। राजस्थान के बारां शहर की आधी से अधिक आबादी टंकियों में क्षमता के अनुसार जल भराव नही होने से पानी के लिये परेशान हैं। दूसरी ओर शहर के प्रमुख मार्गों पर खुलेआम पेयजल से सेंकडों वाहनों की धुलाई की जा रही है। जिला कलेक्टर जल ही जीवन का संदेश देते हुये पानी की बचत के साथ पानी व्यर्थ नहीं करने का अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन उसका भी कोई असर नहीं दिख रहा। इस मामले में पूर्व परिषद सभापति कैलाश शर्मा ने कहा कि शहर की सबसे पुरानी पानी की टंकियां जो पूरे शहर को पर्याप्त पानी उपलब्ध करवा रही थीं, इन दिनों क्षमता के अनुसार जल भराव नहीं होने से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं करवा पा रही हैं, इससे शहर की आधी से अधिक आबादी पेयजल की किल्लत से जूझ रही है।

# भ्रष्टाचार बन्द करके 2200 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया : सुक्खू

एजेंसी < केलांग
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बन्द करके 2200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। सुक्खू लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी अनुराधा राणा और लोक सभा क्षेत्र मण्डी से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए चुनाव प्रचार किया तथा मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने उपचुनाव का बोझ लाहौल-स्पीति की जनता पर थोपा है क्योंकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया और भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक मंडी में अपना ईमान बेच दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सम्मान से ज्यादा भाजपा की अटैची में रखे सामान के बोझ के नीचे वे दब गए और बेशर्मी की सारी हदें पार कर दीं।

उन्होंने कहा कि जब कुछ साथी कांग्रेसी विधायक उनसे राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट करने का कारण पूछने गए तो रवि ठाकुर ने उन कांग्रेसी विधायकों को भी भाजपा में शामिल होने के लिए उकसाया और कहा कि भाजपा 15-15 करोड़ रुपये दे रही है, ले लो। सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर की हर मांग को कांग्रेस सरकार ने पूरा किया। आजादी के बाद पहला हिमाचल दिवस उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद स्पीति घाटी में मनाया गया और स्पीति की महिलाओं को 1500 रूपये प्रति माह देने की योजना भी यहीं से शुरू की गई। एक मई 2023 से स्पीति घाटी की सभी महिलाओं को 1500 रूपये पैंशन मिलना शुरू हो गई तथा 1 फरवरी, 2024 से पूरे जिले की महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाया गया। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल स्पीति की महिलाओं को पैंशन मिलना आरम्भ हो गई है और उनके खाते में पैसे आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर का गणित कमजोर है और एक महीने तक सरकार गिराने की उनकी कोशिशें असफल हुई। सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लाहौल स्पीति से एक ईमानदार उम्मीदवार के रूप में अनुराधा राणा को टिकट दिया है और क्षेत्र के मतदाता उन्हें सफल बनायें। उन्होंने कहा कि आजाद प्रत्याशी को वोट देकर मतदाता अपना वोट खराब न करें क्योंकि अनुराधा की जीत लाहौल-स्पीति से तय है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार अपना इस्तीफा स्वीकार करवाने के लिए धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं।

# हल्द्वानी दंगा के साजिशकर्ता मलिक को राहत, 2.42 करोड़ की वसूली पर रोक

वार्ता < नैनीताल
www.dailypioneer.com




उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी दंगा के कथित मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक को राहत देते हुए 2.44 करोड़ की वसूली पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में इस प्रकरण पर दोपहर बाद सुनवाई हुई। हल्द्वानी नगर आयुक्त की ओर से इसी साल आठ फरवरी को हुए बनभूलपुरा दंगा में संपत्तियों को नुकसान के बदले में आरोपी अब्दुल मलिक को 12 फरवरी, 2024 को 2.42 करोड़ का नोटिस जारी किया गया था। नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 470 के तहत भेजे गये नोटिस में तीन दिन के अदंर उक्त धनराशि नगर निगम में जमा कराने को कहा गया था। यही नहीं प्रशासन ने वसूली कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। हल्द्वानी तहसीलदार की ओर से मुख्य आरोपी को 25 अप्रैल, 2024 को वसूली नोटिस जारी किया गया था। आरोपी की ओर से नगर निगम की ओर से जारी नोटिस और प्रशासन की ओर से की जा रही वसूली की कार्यवाही को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नगर निगम की ओर से जारी किया गया नोटिस गलत है। अभी उसके खिलाफवाद लंबित है। वह दोषी साबित नहीं हुआ है। अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रावधान है कि दोष सिद्ध होने के बाद ही वसूली नोटिस और कार्यवाही अमल में लायी जा सकती है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अहरार बेग के अनुसार एकलपीठ ने मामले को सुनने के बाद नगर निगम की ओर से जारी नोटिस और वसूली कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

# सड़क निर्माण की अनियमितता सुधारने पहुंचा लोक निर्माण विभाग

## सड़क गुणवत्ता दुरुस्त कर समय पर पूरा करने का दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पायनियर
खबर का असर


2 करोड़ 22 लाख से अधिक की सड़क निर्माण में अनियमतता
ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से स्तरहीन सड़क निर्माण
एक्सपर्ट के साथ मिलकर जब सड़क का किया मुआयना
मिट्टी उखड़वा कर मुरूम डालने बोले है : सब इंजीनियर



कोण्डागांव जिला में लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम बफना से मालगुजारपारा गांव छोटे बनबंजोड़ा तक सड़क निर्माण के कार्य 2करोड़ 22लाख 32हजार रुपए की लागत से 2.20किमी लंबाई किया जा रहा हैं। जो मेसर्स कुशवाहा कांस्ट्रेक्शंस कंपनी के द्वारा बनाया जा रहा हैं। इस सड़क निर्माण में भारी अनियमितता को लेकर में दिन मंगलवार को पायनियर राष्ट्रीय अखबार में 21मई के अंक में 2करोड़ 22 लाख से अधिक की सड़क निर्माण में अनियमता नमक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जानकारी अनुसार लोक निर्माण विभाग का अमला निर्माण स्थल पर पहुंचा और बारीकी से पूरी सड़क का जायजा लिया साथ ही सड़क निर्माण कार्य में उपलब्ध चौड़ाई अनुसार जीएसबी का कार्य निश्चित मापदंड अनुसार कार्य कराया गया है। तत्पश्चात डबल्यू बी एम का कार्य दो परत में मोटाई जांच कर जिन स्थानों पर थिगनेस कम पाई गई थी उसे रेक्टिफाईड कर सुधार करने एवं कुछ स्थानों पर पटरी पर काली मिट्टी डाला गया है उसे हटवाया गया। तथा मेसर्स कुशवाहा कांस्ट्रक्शंस को वांछित सुधार कर कार्य की गुणवत्ता सहित समय सीमा पर पूर्ण करने निर्देशित किया गया। निर्देश का पालन नहीं करने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# आयुष्मान योजना में मरीजों की सुविधा के लिए अस्पतालों की संख्या बढ़ाने का प्रयास


पायनियर संवाददाता ∢ सोलर
www.dailypioneer.com




आयुष्मान भारत योजना में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से निजी अस्पतालों की संख्या बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। निजी अस्पताल संचालकों से लगातार बातचीत जारी है। योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में रहने वाले पात्र परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उसके तहत आयुष्मान योजना में मरीजों की सुविधा के लिए अस्पतालों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का प्रदेश में क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड धारी 2.10 करोड़ से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। बाकी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों के अलावा 553 निजी चिकित्सालय योजना के अंतर्गत पंजीकृत है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10.92 लाख हितग्राहियों ने शासकीय अस्पतालों में योजना का लाभ लिया है। निजी अस्पताल में 4.73 लाख लोगों ने योजना का लाभ उठाया है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में निर्धारित हेल्थ पैकेज के अनुसार समुचित इलाज की मानिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए राज्य नोडल एजेंसी के द्वारा नियमित निगरानी की जाती है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 1500 से भी अधिक बीमारियों को शामिल किया गया है। प्रदेश में किसी व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड नही है तो शासकीय और पंजीकृत अस्पतालों में राशनकार्ड से निःशुल्क इलाज किया जाता है। अस्पतालों में राशन कार्ड से तत्काल आयुष्मान कार्ड बन जाता है। आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डा. खेमराज सोनवानी ने कहा, स्वास्थ्य विभाग का प्रयास पात्र परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उसके तहत आयुष्मान योजना में मरीजों की सुविधा के लिए अस्पतालों की संख्या बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। निजी अस्पताल संचालकों से इसे लेकर लगातर बातचीत की जाती है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत्तीसगढ़ का लाभ लेने के लिए लोगों के पंजीयन तो कराए जा रहे हैं मगर सोलर प्लांट के कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। चार जून के बाद आम लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। इससे प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिल सकेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर छत्तीसगढ़ के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और कम समय में ही 3,363 घरों ने अपना पंजीकरण करवा लिया है। इनमें 1,941 आवेदन स्वीकार भी कर लिए गए हैं। 1,422 आवेदन चारणीय नहीं किए गए हैं । इस योजना के तहत कुल स्थापित रूफटाप सौर संयंत्रों की संख्या 36 है। इस योजना के तहत प्रदेश में एक लाख से अधिक सोलर प्लांट लगाने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ में आरईसी लिमिटेड को नोडल अधिकारी बनाया गया है। आम घरेलू उपभोक्ता अपने स्वीकृत भार तक की क्षमता के रूफटाप सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं। आरटीएस कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा जिलेवार नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। पीएम सूर्यघर योजना के तहत हर परिवार को दो किलोवाट के सोलर प्लांट के खर्च राशि में से 60 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में अकाउंट में आएगा। इसी तरह तीन किलोवाट के सोलर प्लांट के लिए अतिरिक्त एक किलोवाट के प्लांट पर 40 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। उदाहरण के लिए अगर आप तीन किलोवाट का प्लांट लगाएंगे तो लगभग 1.45 लाख रुपये की लागत आएगी। उसमें से 78 हजार रुपये की सब्सिडी सरकार देगी। बचे हुए 67,000 रुपए के लिए सस्ते बैंक लोन की व्यवस्था सरकार ने की है। बैंक रेपो रेट से केवल 0.5 प्रतिशत ज्यादा ही ब्याज वसूल सकेंगे। एक किलोवाट क्षमता के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट और अधिक की क्षमता के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। केंद्र सरकार ने पीएम सूर्यघर योजना के लिए नेशनल पोर्टल लांच किया है। इसमें आपको अपने बिजली कनेक्शन का कंज्यूमर नंबर, नाम, पता, राज्य और कितनी क्षमता का प्लांट लगाना है जैसी जानकारियां भर सकते हैं। उसी के अनुसार आपके यहां सोलर प्लांट लगेगा और उसी के अनुरूप आपको सब्सिडी मिल पाएगी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना 13 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लांच किया था। इसके तहत देश में एक करोड़ घरों में छत पर सौर संयंत्र स्थापित करना है। लोगों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान किया जाना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 फरवरी 2024 को 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम-सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी।

# अवैध उर्वरक के परिवहन पर ट्रक सहित खाद जब्त

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



खरीफ फसल सीजन के प्रारंभ होने के पूर्व ही जिले में अवैध उर्वरक का परिवहन शुरू हो गया है। इस पर नियंत्रण करने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक के भण्डारण और वितरण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर सक्रियता बरती जा रही है। इसी कड़ी में बीते 21 मई 2024 को विकासखण्ड दरभा के ग्राम केशापुर में ट्रक कंमाक यूपी 91 टी 6465 में मुजफ्फर नगर उत्तरप्रदेश से लगभग 600 बोरी डीएपी लेकर किसानों को विक्रय करने के लिए पहुंचा था। जिस पर कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के द्वारा तत्परता से इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई और अनुविभागीय कृषि अधिकारी तोकापाल सह उर्वरक निरीक्षक योगेश कुमार नाग, सहायक संचालक कृषि लखनधर दीवान एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर तरुण प्रधान द्वारा मौके पर पहुंच कर संबंधित ट्रक चालक से 600 बोरी डीएपी के वैध दस्तावेज मांगे जाने पर ट्रक चालक के द्वारा दस्तावेज नहीं होना बताया गया। जिससे संदेह होने पर ट्रक कंमाक यूपी 91 टी 6465 सहित 600 बोरी डीएपी को जब्त कर पुलिस चैकी कामानार के अभिरक्षा में रखकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। साथ ही उक्त जब्त उर्वरक डीएपी का सैम्पल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया है। उपसंचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव ने इस बारे में बताया कि जिले में बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक के अवैध भण्डारण एवं परिवहन सहित शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय के प्रकरण पर विभाग द्वारा कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने किसानों से अपील है कि बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के संबंध में अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड के कृषि कार्यालय, उपसंचालक कृषि कार्यालय अथवा जिले के बीज-उर्वरक गुण नियंत्रण कक्ष को सूचना देवें ताकि विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा सके।

# निगम जोन 10 ने अमलीडीह मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाने एवं दुकान में डस्टबिन नहीं रखने पर 15 दुकानदारों पर 1850 रुपए जुर्माना वसूला

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com






नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम जोन क्रमांक 10 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गंदगी फैलाये जाने से सम्बंधित जनशिकायत मिलने पर उसकी वस्तुस्थिति की जानकारी लेने हेतु नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांड़ी की उपस्थिति में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं, जोन 10 स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में जोन क्षेत्र के तहत अमलीडीह मुख्य मार्ग के किनारे की दुकानों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी फैलाये जाने एवं दुकान में डस्टबिन नहीं रखे जाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत स्थल निरीक्षण के दौरान सही मिली, इस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने दुकान में डस्टबिन नहीं रखने एवं गंदगी फैलाने वाले सम्बंधित 15 दुकानदारों पर कुल 1850 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला. इस तरह गंदगी फैलाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

# माधव सेवा समिति द्वारा मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा पर्व





पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

गजराज कैम्प में माधव सेवा समिति के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के सदस्यों ने महात्मा गौतम बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौतम बुद्ध मानवता के लिए सदैव काम किए। उन्होंने युद्ध से नहीं बल्कि ज्ञान से लोगों को जीने का मार्ग दिखाया। महात्मा बुद्ध की जीवनी एवं उपदेशों से हर इंसान को सीख लेनी चाहिए। इस दौरान मुख्य अतिथि दिलीप सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि थानेश्वर जोशी, मृत्युंजय साहू, मोहित देशमुख उपस्थित थे।

# ड्रॉपआउट मुक्त पंचायत अभियान के तहत युवोदय कोंडानार के स्वयंसेवक के साथ की गई ऑनलाइन मीटिंग

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शाला त्यागी बच्चों को फिर से शिक्षा से जोड़ने के लिए ड्रॉपआउट मुक्त पंचायत अभियान प्रारम्भ किया गया है। इसके तहत युवोदय कोंडानार चैम्पस के स्वयंसेवकों के द्वारा घर घर जाकर 6 से 18 वर्ष उम्र के शाला त्यागी बच्चों को वापिस शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रेरणा प्रदान की जा रही है। इसके लिए बच्चों के परिजनों से चर्चा करने के साथ बच्चों से भी चर्चा करते हुए शाला त्याग के कारणों का पता लगाते हुए उनका निराकरण कर बच्चों को अगले शिक्षण सत्र में स्कूलों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए युवोदय कोंडानार चैम्पस के स्वयंसेवकों के साथ ऑनलाइन मीटिंग की। जिसमें अभियान से संबंधित जानकारी उनके साथ साझा की गई एवं उनके साथ डाटा कलेक्शन फॉरमैट भी साझा किया गया एवं अभियान के संबंध उद्देश्य साझा किया गया। इसके साथ ही शाला त्यागी बच्चों की जानकारी गूगल फॉर्म में भर कर जानकारी एकत्र की जा रही है। इस मीटिंग में जिला प्रोग्राम यूनिट से अजीत राणा, अभिनय रात्रे एवं पीरामल फाउंडेशन से प्रदीप कुमार राव, सुरज झरिया एवं यूनिसेफ से सभी ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

# वैसाख पूर्णिमा की संध्या को महादेव घाट रायपुर में फिर दिखा खारुन गंगा महाआरती का उल्लास

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



महादेव घाट रायपुर में बुद्ध पूर्णिमा की संध्या को माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति रायपुर एवं करणी सेना द्वारा समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं करणी सेना छत्तीसगढ़ के प्रमुख वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में पुनः बनारस की तर्ज पर रायपुर में भक्ति की छटा बिखर गई और रायपुर का महादेव घाट श्रद्धालुओं की भीड़ से सराबोर हो उठा। विगत 01 वर्ष से अधिक समय से हर माह की पूर्णिमा को निरंतर होती आ रही खारुन आरती ने इस माह 19वीं बार अपना प्रभाव अमत सनातनियों के हृदय पर जमाया। इस मासिक सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज़ करते हुए रायपुर के प्रसिद्ध भजन सम्राट लह्लू महाराज ने अपनी स्वर लहरियों से आगंतुक श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तत्पश्चात् सभी ने एक स्वर में भारत की समस्त नदियों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की सौंगन्ध ली। इस बार कि आरती में समता कॉलोनी रायपुर की संस्था श्याम परिवार मित्र मण्डल के पदाधिकारी एवं सदस्य गण आरती के प्रमुख यजमान के रूप में उपस्थित रहे साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की धर्म पत्नी शशि दुबे, आरती में सम्मिलित हुए। प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा संकल्प कराकर सम्पूर्ण विधि विधान से खारुन गंगा मैया की पूजा संपन्न कराई और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने संपूर्ण भक्तिभाव से आरती कर खारुन मैया के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। आरती के पश्चात् समस्त भक्तों को खीर प्रसादी का वितरण किया गया। तोमर ने शहर के समस्त सनातनी बंधुओं-बहनों से आह्वान किया कि हिन्दू धर्म की एकता और प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से की जा रही इस आरती में हर महीने सपरिवार उपस्थित होकर अपना अमूल्य योगदान दें और साथ ही खारुन मैया और बाबा हटकेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्यलाभ के भागी भी बनें। आरती में विशेष रूप से आरती के प्रमुख आचार्य पंडित धीरज शास्त्री, प्रमुख संरक्षक रमेश कुमार सिंह, संरक्षक बबलू सिंह, अखिलेश सिंह एवं प्रभात सिंह, करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह ठाकुर, पप्पू सिंह, आयोजन समिति से प्रिया सिंह, सूर्या वर्मा, कायम सिंह, रोहित सिंह तिरंगा, धरम सिंह, राणा आनंद सिंह, अजय सिंह, लक्ष्मी, कार्यकारिणी सदस्य लता सोनी एवं मिथिला अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही।

# नगर निगम ने मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए टैगोर नगर गंगानगर सहित विभिन्न स्थानों पर फॉगिंग अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में नगरवासियों को मच्छरों से राहत दिलवाने मच्छरो पर कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य विभिन्न वार्डो एवं जोनों में स्वास्थ्य विभाग एवं जोनो के स्वास्थ्य अमले द्वारा निरन्तर जारी है। आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्तगणों, स्वास्थ्य अधिकारी, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे फॉगिंग अभियान का सतत निरीक्षण विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन नम्बर 6 के तहत शहीद पंकज विक्रम वार्ड नम्बर 58 में टैगोर नगर, जैन मन्दिर के समीप मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु फॉगिंग अभियान चलाया गया। नगर निगम जोन नम्बर 1 के यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 के अंतर्गत गंगानगर बस्ती में शिव मन्दिर के समीप के क्षेत्र सहित विभिन्न बस्तियों मार्गो, स्थानों में फॉगिंग अभियान चलाया गया।

# नि :शुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को आमचो सरगी प्रकृति हरे गार्डन में योगा कराया

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को आमचो सरगी प्रकृति हरे गार्डन में योगा कराया गया। प्रशिक्षणार्थियों को योगा कराने के बाद गार्डन के अंदर में स्थित सुन्दर कलाकृतियो और मनमोहन पेड़-पौधों को दिखाया गया। जिसको देखकर बच्चे मंत्र मुग्ध हो गये। कुछ बच्चों ने झुला झूलने का आनंद लिया तो कुछ बच्चों ने गार्डन की सुंदरता के साथ अपना फोटो खींचा।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 04-06-2024 TIME : 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://egold.auctiontiger.net
Contact No. 6351896640

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS
**Bagbahara:** 75230000399387, **Bhatapara:** 75230000503433, 534824, **Bilaspur:** 75230000527488, **Champa:** 75230000806023, **Dhamtari:** 63230000409208, 462586, **Mahasamund:** 75230000714636, 714686, **Pithora:** 63230000098841, 75230000787927, **Rajnandgaon:** 63230000039263, 423511, 75230000109515, 243652, 554976

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.
Thrissur
Date: 25-05-2024
Sd/-
Authorized Signatory

# अस्पताल बिल्डिंग निर्माण में कोई भी कोताही बर्दास्त नहीं : विधायक इंद्र साव

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुरानी दीवाल के सहारे ही लेंटर डाले जाने की शिकायत पर अस्पताल पहुंचकर विधायक इंद्र साव ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को दो टुक शब्दों में कहा कि अस्पताल बिल्डिंग निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। पूरा निर्माण कार्य पूरी गुणवता और एस्टीमेट के अनुसार होना चाहिए। विदित हो कि नगर के एक मात्र शासकीय अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी वाले कक्ष जिसमें सभी एक्सपर्ट डॉक्टर बैठकर मरीजों का इलाज करते थे, उक्त बिल्डिंग पुरानी जर्जर होने और बारिश का पानी अंदर आने की शिकायत पर उक्त बिल्डिंग को तोड़कर नए सिरे से बनाया जा रहा था, लेकिन वर्तमान में ठेकेदार द्वारा उक्त ओपीडी कक्ष के अंदर की दीवाल को तोड़े बिना ही निर्माण कार्य कराया जा रहा था, इस बात की जानकारी क्षेत्र के विधायक इंद्र साव को मिलने पर वे तुरंत अपने कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुंचकर कर मौके पर निर्माण एजेंसी आरईएस के अधिकारी को बुलवाकर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य रोकने और पूरा निर्माण कार्य सतह स्थल से नए एस्टीमेट के साथ करने का निर्देश दिया। विधायक साव ने कहा कि आप लोग अस्पताल की बिल्डिंग बना रहे हो,जहा हमेशा मरीजों की और डॉक्टरों की उपस्थिति रहती है, जिसके निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी।कोई भी निर्माण कार्य शुरू करने से पहले उसको समतल करे पुरानी दिवालो के सहारे उस पर नया निर्माण ना, हो इस बात की जानकारी एस्टीमेट में हो और संबंधित ठेकेदार भी ऐसा ना करे इसकी मानीटरिंग अधिकारी स्वयं करे।गुणविता विहीन कार्य इस क्षेत्र में किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किए जाने की बात विधायक इंद्र साव ने अधिकारियों से कही। फिलहाल विधायक साव की घुड़की का असर अस्पताल बिल्डिंग निर्माण में देखने को मिल रहा है। निर्माण कार्य रोक दिया गया है। वही बताया जा रहा है,की उक्त स्थल पर पूरे नए सिरे से नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य कराए जाने का आश्वासन भी अधिकारियों ने विधायक को दिया है।

## पैकिन में पेयजल समस्या को लेकर प्रशासन ने लिया संज्ञान, पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था



**सरायपाली।** विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पैकिन के डीपापारा मोहल्ला में बोर खराब होने के कारण पेयजल की समस्या आ गई थी। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए मोहल्ला वासियों को निजी बोर से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा लगभग 100 मीटर की दूरी पर सार्वजनिक बोर से भी पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद सीईओ अमित हालदार ने बताया कि बोर खराब की सूचना मिलते ही उसकी मरम्मत कराई जा रही है। इसके अलावा एक नया बोर खनन भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंचल में पेयजल की समस्या को लेकर प्रशासन सचेत है और तत्काल पेयजल उपलब्धता के लिए प्रयासरत है।

# जाम: बिगड़ रही सेहत, कारोबार की है विकल्प लेकिन ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन



पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बिजली बिल और किराए का भुगतान कैसे किया जा सकेगा? होलसेल काउंटर को भी पिछले महीने का उधार वापस करना है। यह चिंता कृषि उपज मंडी क्षेत्र के आसपास की दर्जनों कारोबारी संस्थानों में देखी जा रही है, क्योंकि चौतरफा आवक के बाद रोजाना की जाम, लगातार झटके दे रही है। रबी फसल की चौतरफा आवक के बाद जाम से बचने के उपाय तो हैं लेकिन प्रशासन जिस तरह उदासीन बना हुआ है, उसने कारोबारी संस्थानों की चिंता बढ़ाई हुई है। आवासीय क्षेत्र की परेशानी भी कमतर नहीं है क्योंकि सुरक्षित आवाजाही आसान नहीं है। लिंक रोड की भी स्थिति ठीक नहीं है क्योंकि उपज से भरी, भारी वाहनें दोनों किनारों पर अपनी बारी की प्रतीक्षा में हैं।

### कारोबार ठप्प

चालू माह कई तरह की दिक्कतों के साथ सामने है। चौतरफा जाम से उपभोक्ताओं की पहुंच संस्थानों तक नहीं हो पा रही है। इस वजह से दैनिक जरूरत के लिए पूंजी संकट जैसी स्थितियां बन रहीं हैं। बड़ी चिंता किराया और बिजली बिल के भुगतान को लेकर है, जिसके दिन एकदम करीब आ चुके हैं। लिहाजा सुरक्षित उपाय की खोज की जा रही है।

### होलसेल की चुकानी है उधारी

चौतरफा जाम से उपभोक्ताओं की पहुंच खत्म। ऐसे में बीते माह होलसेल मार्केट से लिया गया सामान जस-का-तस पड़ा हुआ है। नया महीना करीब आ चुका है। इसलिए होलसेल से लाई गई उधारी की वापसी कैसे और कहां से की जा सकेगी? यह चिंता इस वजह से भी बड़ी मानी जा रही है क्योंकि बारिश के दिनों के लिए भंडारण भी करना है।

### इस पर सब मौन

पुराना बस स्टैंड कृषि उपज मंडी प्रशासन की ही है यह भूमि। इस खाली जगह का उपयोग कृषि उपज लेकर आ रही भारी वाहनों की पार्किंग के लिए किया जा सकता है। इससे मुख्य मार्ग पर जाम से छुटकारा पाया जा सकेगा, तो संस्थानों को कारोबारी गतिविधियों के संचालन में भी सुविधा मिलेगी। लेकिन मौन हैं जिम्मेदार।

# कथा सुनने आने के दौरान माता-पिता से भटके बच्चे को परिजन से मिलाया गया

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस द्वारा 16 मई से 22 मई 2024 के दौरान ग्राम भरदा कुरूद वृद्धि विहार राजिम रोड कुरूद में आयोजित भव्य श्री शिव महापुराण कथा में सम्मिलित होने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम, सुरक्षित पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था की गई,इस दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं व्हीआईपी को आने जाने में परेशानी न हो इसलिए पृथक.पृथक रूट एवं पार्किंग व्यवस्था की गई थी। पूर्व से बनाये गये व्यवस्था के कारण रोजाना आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को कथा स्थल तक पहुंचने पर किसी प्रकार की असुविधा नही हुई और न ही वापस जाने के समय इस हेतु पार्किंग, यातायात व्यवस्था बनाने के लिए कथा स्थल को तीन सेक्टर में विभाजित कर जिला रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, के यातायात बल के अलावा जिले के यातायात और थानों के बल के द्वारा व्यवस्था बनाया गया, साथ ही यातायात को निर्बाध बनाने के लिए धमतरी पुलिस के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्थित करने के फ्लस्वरूप ही कथा के आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना व जाम की स्थिति निर्मित नही हुई। कथा सुनने आने वाले श्रद्धालुओं के बच्चे, परिवार के सदस्य भीड के कारण बिछड़ जाने पर यातायात पार्किंग व्यवस्था में लगे अधिकारी कर्मचारी के द्वारा बिछड़े बच्चे परिवार के सदस्यों को परिवार के सुपुर्द किया गया। सुगम एवं सुरक्षित सफ्ल कार्यक्रम के लिए बाहर से आये श्रद्धालुगण द्वारा धमतरी पुलिस की प्रशंसा की जा रही है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतगणना कक्ष का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा कृषि उपज मंडी परिसर पिटियाझर के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष पहुंचकर लिया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार रसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मंडी परिसर में बनाए गए विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं मीडिया सेंटर का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कंगाले ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की और व्यवस्था संबंधित विषयों पर जानकारी ली। कंगाले ने महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मतगणना के लिए किए गए पुख्ता इंतजाम पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने बताया कि मतगणना हाल में मोबाईल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सहित आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस के मतों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आने जाने के लिए प्रवेश मार्ग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना की सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में चार विधानसभाओं के वोटों की गिनती यहां मंडी परिसर में होगी। पूरे लोकसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गिनती भी यही होगी। ईवीएम से मतगणना के लिए चारों विधानसभा कक्ष में 14-14 टेबल लगाए गए हैं। अतिरिक्त हॉल में 10 टेबल पोस्टल बैलेट के लिए लगाए गए हैं। काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए 31 मई शाम 5:00 बजे तक नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी काउंटिंग हाल में वीडियोग्राफी और सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। पोस्ट बैलेट की गिनती सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगी एवं मशीनों से सुबह 8:30 से गिनती प्रारंभ होगी। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर निर्भय साहू, रवि साहू, एसडीएम उमेश साहू सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

# मालवाहक में सवारी कैसे? यातायात पुलिस से शहर का सवाल



पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

2 माह में 2 बार जांच, 163 प्रकरण, कुल जमा अर्थदंड- 29 हजार 220 रुपए, यातायात पुलिस से सवाल- सवारी बिठाकर ले जाने वाली मालवाहकों पर कब कार्रवाई होगी? शहर यह भी जानना चाहता है कि जांच में इन्हें रियायत क्यों दी जा रही है? सघन ही नहीं, नियमित जांच की जरूरत है, खासकर रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड चौक। रेस्ट हाउस के करीब का क्षेत्र। सामुदायिक अस्पताल, महारानी चौक और फिल्टर प्लांट तिराहा। ताजा माहौल में मंडी क्षेत्र में सर्वाधिक जरूरत जांच और कार्रवाई की है ताकि यातायात बाधारहित हो लेकिन इन सभी क्षेत्र से विभाग की दूरी कई सवाल खड़े कर रही है।

### विशेष रियायत

मालवाहक में सवारी का बिठाया जाना। शहर में विशेष छूट मिलती है, वाहन चालक और मालिकों को। यह तब भी जारी है, जब तीन दिवस पूर्व ऐसी ही गतिविधियों में कवर्धा में 19 जान जा चुकी है। इसके बावजूद शहर और यातायात पुलिस ने सबक नहीं लिया है। बड़ा सवाल- कब करेंगे ऐसी हरकतों पर कार्रवाई?

### इस पर मौन

सक्रियता केवल बस स्टैंड चौक पर। पक्ष में तर्क- शहर प्रवेश और निर्गम यहीं से इसलिए। रेलवे स्टेशन, गोविंद चौक, हटरी बाजार, जय स्तंभ चौक, सिविल हॉस्पिटल तिराहा और आगे के दो और तिराहे। नजर नहीं आते जवान। रबी फसल की खूब आवक हो रही है, ऐसे में भारी वाहनों का घंटो जमाव। यहां भी उपस्थिति नजर नहीं आती।

### निभाई औपचारिकता

23 मई को हुई जांच की रिपोर्ट देखने पर पता चलता है कि एक ही ढर्रे पर जांच की जा रही है। हेडलाइट का आधा हिस्सा काला नहीं होने के 15 प्रकरण बने- वसूले गए 4500 रुपए। 11 मामले और 3300 रुपए के अर्थ दंड के साथ दो पहिया में तीन सवारी के साथ वाहन चालन के भी बने। नो पार्किंग में पार्किंग के दो मामले में 600 रुपए, बगैर लाइसेंस के पांच प्रकरण में 1300 रुपए, बगैर दस्तावेज के चार प्रकरण में 1200 रुपए और बगैर नंबर वाहन चालन पर एक प्रकरण में 300 रुपए अर्थ दंड लिया। आदेश और नियमों की अवहेलना के आठ मामले में क्रमशः 2000 और 1200 रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

# पानी की समस्या देखते हुए संगम सेवा समिति ने पैकीन में पहुँचाया पानी



पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्राम पैकीन में ग्रामीण विगत कुछ दिनों से पानी की समस्या को लेकर काफ़ी परेशान थे,जिसकी जानकारी संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल को समाचार पत्रों के माध्यम से हुई, समस्या के निवारण के लिए प्रखर ने अपने समिति में संचालित टैंकर सेवा में से एक टैंकर तत्काल में ग्राम पैकीन पहुँचाया, पानी टैंकर देख कर ग्रामीणों चेहरे खिल उठे,ग्रामीणों ने समिति को धन्यवाद दिया ,विगत कई दिनों से पानी की समस्या को देखते हुए संगम सेवा समिति द्वारा सरायपाली नगर वार्डो में निःशुल्क जल उपलब्ध कराया जा रहा है इसी कड़ी में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रखर अग्रवाल ने समिति के माध्यम से निर्णय लिया है कि अब गंभीर पानी समस्या वाले ग्रामीण छेत्रों में भी उनके द्वारा पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने की शहर में नियुक्तियां



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में शहर कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में विप्र नगर तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र के उपस्थित समाज सेवियों को शहर में निम्नानुसार पदों पर नियुक्त किया गया। सचिव चंद्र कुमार शर्मा, संगठन सचिव नरेंद्र कुमार चौबे तथा अरविंद घर दीवान, प्रचार सचिव शिवेश धार दीवान, कैलाश कुमार, दयानंद मिश्रा, सांस्कृतिक मंच सचिव विनीत दुबे। अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसका हर्ष ध्वनि और तालियो की गड़गड़ाहट के साथ उपस्थित पदाधिकारियो ने स्वागत किया एवं बधाई दी।

# इन्द्रप्रस्थ कालोनी के महिला समिति ने राजेश मूणत से मुलाकात की



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पश्चिम क्षेत्र की जनता के चहेते विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कदावर मंत्री राजेश मूणत के जन्मदिन के शुभ अवसर में भेंट मुलाकात नहीं हो पाई थी, जिसके कारण विधायक ने 24 मई को भेंट किये। इस अवसर पर इन्द्रप्रस्थ कालोनी फेश 2 ई डबलू एस बी ब्लाक की समस्त महिला समिति सदस्य एवं निवासी गण उपस्थित होकर धायक को कैनवास ऑइल पेन्टिंग (छायाचित्र) भेंट किये व कालोनी की निम्न समस्याओं से अवगत कराया गया। ईडबलूएस बी ब्लाक की समस्त महिला समिति के कार्य को देखकर सराहना किये और निकट भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया, इसमे समिति के सदस्य दीपिका साहू (अध्यक्ष) अनुराधा श्रीवास (उपाध्क्ष) रेणु विश्कर्मा (सचिव) राजेश्वरी देवी (संगठन सचिव) स्वेता वर्मा (कोषाध्यक्ष) सोनूदेवी शुक्ला (सा. कोषाध्यक्ष) रिंकी दास (महामंत्री) लीला शर्मा (सदस्य) प्रतिमा जैन (सलाहकार), ज्योति कंवर, संतोषी बसेना, धैर्य शर्मा, अर्चना प्रजापती, प्रीती शर्मा, विजेता उर्मिला देवी तथा ठाकुर विवेक सोलंकी, सुनील शुक्ला, सनत कुमार, राजू शर्मा, सुनील जैन, आशिष तिवारी ,दिनेश बांधे, उमाशंकर वर्मा, अर्जुन चौधरी, तुलसीराम सेन, नरेन्द्र चन्द्राकर एवं समस्त निवासीगण मौजूद रहे।


## आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों का ड्रॉपआउट रोकने करें समुचित पहल : कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल में जिले के आरटीई नोडल प्राचार्यो और प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में जिले में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत बच्चों को दिये जाने वाले प्रवेश और आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियें के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम गरीब एवं असहाय परिवार के बच्चों को निजी स्कूलों में भी निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण कानून है। इसका जिले में समुचित और नियमानुसार पालन किया जाए। निजी स्कूलों में आरटीई के तहत बच्चों का नियमानुसार प्रवेश सुनिश्चित करें। कलेक्टर अग्रवाल ने पिछले पांच वर्षो के दौरान निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों और उनके ड्रॉपआउट के संबंध में जानकारी लेकर बच्चों के ड्राप आउट को रोकने समुचित पहल करने के निर्देश दिये। जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार कानून से वंचित न हो पाये। साथ ही सभी को शिक्षा मिले। उन्होंने आरटीई नोडल प्राचार्यो से इसकी नियमित समीक्षा कर आरटीई अधिनियम का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। नये सत्र 18 जून से प्रारंभ होगा। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने शाला प्रारंभ के पूर्व शाला भवनों परिसर, अध्यापन कक्षों की साफ-सफाई एवं मरम्मत तथा आवश्यक रंग-रोगन समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अध्ययन, अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार करने तथा स्कूलों बचों को आत्मविश्वास में बढ़ोतरी के लिए अच्छे और खुशहाल वातावरण में बच्चों का शाला प्रवेश किया जायेगा।

# देवलभांठा से खपरीडीह के मध्य बनी कच्ची सड़क की हालत हुई खराब

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली देवलभांठा से खपरीडीह में पक्की सड़क नहीं बन पाने के कारण पंचायत के द्वारा कच्ची सड़कों का निर्माण किया गया था, ताकि ग्राम वासियों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। लेकिन कुछ स्थानों पर उन सड़कों की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण सड़क खराब हो रही है, जो लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। कुछ इसी तरह का मामला ग्राम देवलभांठा से खपरीडीह के बीच बने कच्ची सड़क पर देखा गया, जिसमें मरम्मत के अभाव में कई छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस मार्ग से कई वाहनों का आना-जाना होता है, जिन्हें सड़क पर बने गड्ढों से बहुत अधिक परेशानी हो रही है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत देवलभांठा के आश्रित ग्राम खपरीडीह के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2010 में ग्राम पंचायत के द्वारा देवलभांठा से खपरीडीह के बीच कच्ची सड़क का निर्माण करवाया गया था। वर्तमान में इस मार्ग पर कई छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देवलभांठा से खपरीडीह होते हुए कई बच्चे ग्राम किसड़ी में पढ़ने के आते हैं। बरसात के दिनों में मार्ग के गड्ढों में पानी भर जाने से उन बच्चों को बहुत अधिक समस्या होती है। इसके अलावा अन्य दुपहिया, चारपहिया एवं अन्य वाहन भी हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग के मध्य एक राईस मिल है, जिसके कारण समय-समय पर कई ट्रेक्टर, ट्रक जैसे माल वाहक वाहन भी उस मार्ग पर आते हैं। सड़क के गड्ढों के कारण इन वाहनों को भी गुजरने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि समय-समय पर पंचायत के द्वारा इस मार्ग की मरम्मत की जाती है और गड्ढों को पाटा जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद स्थिति पुनः जस-की-तस हो जाती है। उपरोक्त समस्याओं को देखते हुए दोनों ओर के ग्रामवासियों के द्वारा इस कच्ची सड़क के स्थान पर पक्की सड़क बनाये जाने की मांग की जा रही है, ताकि सभी प्रकार के मौसम में मार्ग पर आवाजाही सुगम हो सके।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण, जिले में मतगणना के लिए किए गए प्रबंध की प्रशंसा की

- मतगणना हाल में मोबाईल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित
- दुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना के लिए शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई दुर्ग के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव रसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं उद्घोषक स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अन्य जिले के विधानसभा क्षेत्र की जानकारी गूगल लिंक के माध्यम से डेटा अपडेट होगा। उन्होंने दुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले में मतगणना हेतु किए गए प्रबंध की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मतगणना हॉल में मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य के अवलोकन हेतु मीडियाकर्मियों को 5-5 के समूह में एक बार अवलोकन कराया जाएगा। पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए अलग-अलग रंग के पास बनाई जाएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल का और मतगणन कक्षों के ड्राइंग डिजाइन चार्ट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा निर्वाचन अभिकर्ताओं की सुगमता के लिए मतगणना स्थल में विधानसभावार कक्षों का ड्राइंग डिजाइन परिसर में प्रदर्शित किया जाए, जिससे संबंधित अभिकर्ता निर्धारित मतगणना कक्ष तक पहुंच सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सहित आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस के मतों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल में विधानसभावार मतगणना कक्ष तक पहुंचने बनाए गए मार्गों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारी की जा रही है। मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए उन्हें वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचनाएं प्रदान की जा रही है। विधानसभावार ईव्हीएम रनर की ड्यूटी लगाई गई है। रनर को संबंधित विधानसभा में ईव्हीएम पहुंचाने प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज, एसडीएम भिलाई लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश सिंह राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अवैध प्लाटिंग करने वालो पर नगर निगम भिलाई ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहका में खसरा क्रमांक 716 के 3 एकड़ भूमि पर किये जा रहे अवैध प्लाटिंग पर निगम प्रशासन एवं पुलिस बल की टीम ने कार्यवाही कर निर्माण किये गये अवैध बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त कर भूमि को मूल स्वरूप प्रदान किया। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर तहसीलदार गुरूदत्त पंच भाई, राजस्व अमला एवं पुलिस बल की संयुक्त टी ने कार्यवाही करते हुए ग्राम कोहका के खसरा नं. 716 के 3 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बनाये गये बाउण्ड्रीवाल को जे.सी.बी के से गिराया गया। निगम को शिकायत प्राप्त हुआ था कि ग्राम कोहका के खसरा नं. 716/1 के तीन एकड़ भूमि पर बिना अनुमति के शिव बिहार कालोनी के नाम पर नई कालोनी बनायी जा रही है, जहॉ स्थित प्लाट पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। सूचना पर आयुक्त ने भवन शाखा तथा जोन-1 के राजस्व विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिये थे। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और वहां मुरूम डालकर बनाये गये बाउण्ड्रीवाल को जे.सी.बी. से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही में भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उपअभियंता सिद्वार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, निगम का तोड़फोड़ दस्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम भिलाई प्लाट खरीदने वाले हितग्राहियो से यह अपील करती है कि निगम क्षेत्र में भूमि क्रय करने के पूर्व अवैध प्लाटिंग के संबंध में दस्तावेज दिखाकर के. आर. कृष्ण वर्मा मोबाईल नम्बर 91-8770060356 से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय में विगत दिवस 24 मई 2024 से प्रारंभ हो गया है। जिसमें फुटबॉल, तैराकी, बैडमिंटन और ताइक्कांडो खेलों का प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में सब-जूनियर, जूनियर बालक, बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेमलाल सिदार के द्वारा रणजीता स्टेडियम जशपुर में किया गया और उनके द्वारा सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आग्रह किया गया। इस दौरार उदघाटन कार्यक्रम में जिले के क्रीड़ा अधिकारी, कोच-प्रशिक्षक, व्यायाम शिक्षक, अधीक्षक, पी.टी.आई. सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर में 21 दिवसीय 24 मई से 14 जून 2024 तक प्रातः 6.30 से 8.30 बजे तक एवं सायं काल 4.00 से 5.00 बजे तक कराया जाएगा।

रणजीता स्टेडियम में फुटबॉल, तरण ताल में तैराक खेल, बैमिंटन हॉल में बैडमिंटन एवं इंडोर हॉल जशपुर में ताइक्कांडो खेल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# नोटिस के बाद भी नाली से नहीं हटाया भवन निर्माण सामाग्री, निगम ने किया जब्त




पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com

आयुक्त मोनिका वर्मा ने भवन निर्माण की आड़ में नाली के ऊपर सामाग्री रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। निगम कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए रूआबांधा से निर्माण सामाग्री ईट, रेत को जब्त भी किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग ऐसे लोगों की सूची तैयार कर रहा है जो निर्माण सामाग्री को नाली पर रख पानी निकासी को अवरूद्ध कर दिया है। निगम आयुक्त ने बारिश के पहले नाला और मुख्य नाली की सफाई प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। मुख्य नाला की सफाई चैन माउंटेन मशीन से की जा रही है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि पानी निकासी के संसाधन में आड़े आने वाले के खिलाफ निगम सख्ती से पेस आए। इसी तारतम्य में निगम कर्मियों ने वार्ड 3 निवासी अखिलेश जैन को नाली पर से भवन निर्माण सामाग्री हटाने के नोटिस का हल्के में लेने से जब्ती कार्रवाई की।

**मल्बा अच्छे से निकाले**-आयुक्त मोनिका वर्मा नाला सफाई कार्य का निरीक्षण की। प्रगति नगर नाला का सफाई कार्य देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि नाला से बड़ा-बड़ा पत्थर भी निकाले। ताकि पानी निकासी अच्छे से हो।

# जो मिक्स कचरा दे रहे है वो सीख ले, और जो अलग-अलग दे रहे है उनका थैंक्स




पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने उस अपार्टमेंट के पदाधिकारियों को थैंक्स कहा जो गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर दे रहें है। वहीं कुछ पदाधिकारियों को सीख लेने की हिदायत दी। उन्होंने मंगलवार को नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में बने अपार्टमेंट सोसायटी के पदाधिकारियों की बैठक ली। आयुक्त मोनिका वर्मा ने लगभग 20 दिनों की समझाईस के बाद भी गीला और सूखा मिक्स कचरा देने वाले चिन्हित अपार्टमेंट के पदाधिकारियों को चर्चा पे बुलाया। उन्होंने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कचरा अलग-अलग नहीं देते है तो निगम कर्मी कचरा नहीं उठाऐंगे। कचरा नाली व खुले स्थान में फेंकते पाए गए तो एक्ट के तहत जुर्माना कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**पानी की समस्या होने पर टैंकर से आपूर्ती**-अपार्टमेंट में बने सोसायटी के पदाधिकारियों का कहना था कि गर्मी में ग्राउंड वाटर लेबल नीचे चला गया है। पानी की तकलीफहो रही है। आयुक्त ने कहा कि जिस अपार्टमेंट में पानी की कमी है वहां निगम टैंकर से पेयजल आपूर्ती करेगा।

# आयुक्त के निर्देश पर की कुर्की वारंट तामील कराकर संपत्ति कर 148000 की वसूली



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में ऐसे संपत्ति करदाता जो मार्च अप्रैल में संपत्ति कर जमा नहीं किए थे उन्हें नगर निगम अधिनियम 1956 के धारा 174 के तहत नोटिस तामील कराई गई गई थी इसमें से कुछ व्यापारियों द्वारा संपत्ति कर की राशि जमा कर दी गई थी परंतु कुछ ऐसे व्यापारी भी है जो संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे थे उन व्यापारियों के विरुद्ध आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा धारा 175 के तहत वारंट शक्ति पत्र जारी किया गया इसके लिए सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को कुर्की दल का अधिकारी नियुक्त किया गया था उनके द्वारा आज मदर टैरेसा नगर 5 क्रमांक 3 के राजस्व के आमला को लेकर के हैं पावर हाउस सर्कुलर मार्केट जाकर बकाया दारो से संपर्क किया गया नोटिस तामील की सूची दिखाई गई।

इसके बाद कुर्की दल द्वारा संपत्तिकर की वसूली की गई कुल चार व्यवसाईयों से संपत्ति कर की राशि 148000वसूली किया गया. यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी इसमें व्यापारी संघ भी सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया है नगर निगम भिलाई सभी संपत्तिकर बकाया दारो से अपील करती है कि अपने दायित्वों का संपत्ति कर जमा कर देवे अन्यथा वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

# नालियों पर किए गए अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई शुरू

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निचली बस्तियों में बरसात के समय पानी ना भरे इस हेतु निगम आयुक्त देवेश ध्रुव द्वारा मीटिंग के दौरान सभी को निर्देश दिए थे बारिश के समय किसी भी तरह से कहीं पर भी निचली बस्तियों में जल जमाव न हो, मानसून की आने की संभावना समय पर होने के कारण युद्ध स्तर पर सफाई अभियान शुरू हो गया है इसी के तारतम में 5 2 कमिश्नर ईशा लहरे अपने दल के साथ वार्ड क्रमांक 23 एवं 25 में हुए नाली के ऊपर अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए पहुंच गई नालियों के ऊपर स्लैब बनाकर लोग पार्किंग का उपयोग कर रहे थे पहले भी इन्हें हटाने का निर्देश दिया गया था लेकिन लोग नहीं माने यह बात अच्छी रही की स्थानी निवासी भी नालियों पर हुए अवैध निर्माण को तुड़वाने में सहयोग करने लगे जिनके घरों में अवैध निर्माण किया गया था उनको समझाइए दे रहे थे जो नहीं हटाए उसको जेसीबी से तोड़ दिया गया ईशा लहरे ने बताया कि बरसात के समय बुद्ध विहार के पास लगभग 50 घरों में पानी भर जाता था अभी सूर्यकुंड के पास 10 लोग ऐसे मिले जो अपने सामने सरकारी पक्के नाली पर स्लैब बना लिए थे जिससे सफाई नहीं हो पा रही थी कचरा वहां जाम हो जा रहा था आज पक्का निर्माण को तोड़ा गया जिससे समुचित सफाई हो पाए बुध विहार एवं सूर्य कुंड का तालाब के आसपास रहने वाले लगभग 100 परिवार को आने वाली बारिश के दिनों में जल भराव से निजात मिल सके. निगम भिलाई के सभी जोन में नालियों पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ने का काम चल रहा है आयुक्त देवेश ध्रुव ने लोगों से अपील की सब लोग सहयोग करें स्वयं हटा लेंगे तो ठीक है नहीं तो चालानी कार्रवाई होगी. निगम द्वारा हटाने पर जो खर्च आएगा अवैध कब्जा कब्जाधारी से लिया जाएगा . इस कार्रवाई दौरान जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी से बचाव के लिए निगम भिलाई ने चलाया अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा भीषण गर्मी एवं लू से बचने क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बचाव हेतु बस्तीयों में पॉपलेट वितरण किया जा रहा है। गर्मी से राहत देने के लिए अलग-अलग स्थानो पर शीतल जल की व्यवस्था भी की गई है। जिससे नागरिको को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने गर्मी से बचाव के दिशा-निर्देशो को लोगो तक अधिक से अधिक पहुंचाने व उन्हे जानकारी देने को कहा है। जिसके लिए प्रमुख रूप से ध्यान देने योग्य बाते है।

**लू के लक्षणः**- सिर में भीरीपन और दर्द का अनुभव होना। बुखार के साथ मुंह का सूखना। चक्कर और उल्टी आना। कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना। शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना। अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना। भूख ना लगना। बेहोश होना।

**लू से बचने के घरेलू उपायः**- गर्मी के दिनो में हल्का भोजन करें। किसी प्रकार की दवा की जगह ऐसे फल ज्यादा ले, जिसमें पानी की मात्रा अधिक हो। लू से बचने के लिए कच्चे आम का लेप बनाकर पैरो के तलवों पर मालिश करें। भीषण गर्मी में चाय काफी के स्थान पर समय-समय पर नीबू पानी/शिखंजी/लस्सी पेय पदार्थ को अधिक प्राथमिकता दें। दिन में कम से कम दो बार ठंडे पानी से स्नान करें। घूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें। प्रारंभिक सलाह के लिए उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लिया जावे।

**बरसाती पानी के बहाव के लिए बनाये गये छोटे बड़े नहर, नालियो एवं तालाबो की सफाई सभी जोन क्षेत्र में वृहद स्तर पर कराया जा रहा**

# निगम क्षेत्र में वर्षाऋतु को ध्यान मे रखते हुए नहर-नालियों का सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बरसाती पानी के बहाव के लिए बनाये गये छोटे बड़े नहर, नालियो एवं तालाबो की सफाई सभी जोन क्षेत्र में वृहद स्तर पर कराया जा रहा है, जिससे बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से सके। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश दिये है कि आगामी वर्षाऋतु में बरसाती पानी का जमाव न हो तथा नागरिको को कोई असुविधा न हो इसके लिए भिलाई शहर के छोटे बड़े नहर, नालियो एवं तालाबो की सफाई का कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। निगम के नेहरू नगर, वैशालीनगर, मदर टेरेसा नगर, खुर्सीपार के जोन आयुक्त अपने अपने क्षेत्रो के नहर, नालियो एवं तालाबो का बरसात पूर्व सघन सफाई हो सके, नाली की सफाई मेनुअल जे.सी.बी. द्वारा, गहरे नालो की सफाई चैन माउंटिंग द्वारा किया जा रहा है। इस बात का ध्यान दिया जा रहा है कि जो भी कचरा एकत्रित हो उसे उसी दिन हटा लिया जावे। जिससे आम नागरिको को परेशानी न हो। जिससे बरसाती पानी अथवा तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहने वाले पानी का जल जमाव न हो। निचली बस्तीयो में बरसात का पानी न भरे तथा जल जमाव से होने वाले बिमारी जैसे डायरिया, पीलिया, मलेरिया न फैसे। साथ ही घनी आबादी क्षेत्र में मच्छर की रोकथाम के लिए मेलाथियान एवं धुएँ का छिड़काव भी किया जा रहा है तथा गढ़ढे में जमे पानी पर जला आईल का छिड़काव भी किया जा रहा है। सफाई अभियान में काम कर रहे कर्मचारियों की का कहना है कि हम लोग नालियों की सफाई करके आते हैं स्थानीय निवासियों द्वारा उसमें दोबारा कचरा डाल दिया जाता है आयुक्त नगर निगम भिलाई में सभी नागरिकों से सहयोग हेतु अपील की है कि नालियों में कचरा मत डालें कचरे को अलग-अलग गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग करके रोज सुबह आने वाले रिक्शा वाले सफाई की सफाई कर्मचारी को देवें गीले कचरे से खाद बन जाएगा सूखे कचरे का करके उपयोग किया जा सकता है। आयुक्त ध्रुव एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा स्वयं प्रतिदिन मैदानी क्षेत्रो में भ्रमण कर सफाई किये जा रहे क्षेत्रो का मानिटरिंग कर रहे तथा आवश्यकतानुसार दिशा निर्देश भी दे रहे है कि किस प्रकार सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चले।

# 10 वीं बोर्ड के स्टेट टॉपर सिमरन शब्बा को कुनकुरी के व्यवसायी राधेश्याम जिंदल के परिवार ने किया सम्मानित

- आईएएस बनने के सिमरन के सपने को साकार होने के लिए दी शुभकानाएं



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

10वीं बोर्ड में 99.50 प्रतिशत लाकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन करने वाली जशपुर जिला मुख्यालय की छात्रा सिमरन शब्बा को जगह-जगह से बधाई मिल रही है और दूर-दूर से लोग उसके घर आकर उसे बधाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में कुनकुरी के व्यवसायी राधेश्याम जिंदल अपने पुत्र वधु नेहा जिंदल, और बेटी अंशिका जिंदल के साथ जशपुर स्थित करबला रोड में सिमरन के घर पहुंचे और उन्हें शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

राधेश्याम जिंदल ने शब्बा को इस कामयाबी के लिए बधाई देते हुए उसे उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सिमरन से उसके भविष्य में आगे की पढ़ाई के बारे में पूछा जिसमें सिमरने ने कहा, वह आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है, जिसपर राधेश्याम जिंदल ने खुशी जाहिर करते हुए सपनों के मुकाम तक पहुंचने की शुभकामनाएं दी।

## संपादकीय

# उद्भव परियोजना सैन्य रणनीति शिक्षण

**उद्भव परियोजना** भारत की सैनिक रणनीति संबंधी समृद्ध विरासत का सम्मान कर इसे नागरिकों से जोड़ना चाहती है। कहावत है कि 'यदि आप शांति चाहते हैं तो युद्ध के लिए तैयार रहें।' यह भारत में लंबे समय से व्याप्त दर्शन की अभिव्यक्ति है। ऐतिहासिक रूप से भारत ने मजबूत रहने के साथ शांति बनाए रखी है तथा बिना उकसावे के कभी युद्धोन्माद नहीं पैदा किया है। यह दृष्टिकोण प्राचीन भारतीय विवेक से आया है जिसमें किसी संभावित खतरे से निपटने के लिए युद्धकला में प्रगति के महत्व पर जोर दिया गया था। महत्वपूर्ण समझी जाने वाली सैन्य रणनीति में भारत की समृद्ध व प्राचीन विरासत की जड़ें वेदों, पुराणों तथा महाभारत में निहित हैं, लेकिन अक्सर सांस्कृतिक विरासत के इस आयाम की अनदेखी हुई है। सेना की 'उद्भव परियोजना' का उद्देश्य यह ऐतिहासिक संपदा जनता के सामने लाना तथा नागरिकों को रक्षा के क्षेत्र में शामिल कर भारत की रणनीतिक व सैनिक परंपराओं की गहरी समझदारी प्रोत्साहित करना है। सर्वाधिक प्राचीन पवित्र रचनाओं में शामिल वेदों में युद्धकला, रणनीति तथा युद्ध के नैतिक आयामों के प्रारंभिक संदर्भ मिलते हैं। प्राचीन भारतीय साहित्य के ज्ञान भंडार पुराणों में राजनय और युद्धनीति सिद्धान्तों को विस्तार दिया गया है। 'विष्णु पुराण' तथा 'अग्नि पुराण' में सैनिक संगठन की गहन जानकारी देते हुए सैनिकों की भूमिका व दायित्वों तथा संसाधनों के रणनीतिक प्रयोग पर जोर दिया गया है। विश्व साहित्य के एक महानतम महाकाव्य 'महाभारत' में सैनिक विवेक का भंडार है। यह न केवल कुरुक्षेत्र में हुए युद्ध का, बल्कि रणनीति, युद्धकला तथा सैनिकों के नैतिक द्वंद्व का वर्णन भी करता है।


अन्य प्राचीन भारतीय रचनाओं में असीम विवेक समाहित है जिसे आधुनिक




रक्षा रणनीतियों, जैसे खुफिया व्यवस्था, मनोवैज्ञानिक युद्ध व नैतिक व्यवहार में प्रयोग किया जा सकता है। पिछले साल शुरू की गई उद्भव परियोजना इन प्राचीन रचनाओं पर गहराई से गौर करती है। इसका उद्देश्य सेना में स्वदेशी विमर्श को प्रोत्साहित कर भारत की प्राचीन रणनीतिक विरासत को समकालीन युद्धकला क्षेत्र में समाहित करना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सैन्यबल भविष्य के लिए तैयार रहेंगे। इस पहल का उद्देश्य हमारे नागरिकों को शिक्षित कर किसी संभावित भावी युद्ध के लिए तैयार करना है। इसका उद्देश्य नागरिकों में युद्धकला की समझदारी विकसित करने के साथ ही उनको अनेक अवसरों में शामिल करना है। भारत की बौद्धिक व रणनीतिक उपलब्धियों का वर्णन नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव व पहचान की भावना मजबूत करेगा। इससे इतिहास के एकपक्षीय वर्णन से भी मुक्ति मिलेगी। उद्भव परियोजना के अंतर्गत कार्यशालाओं, सेमिनारों तथा आनलाइन पाठ्यक्रमों को शामिल कर नागरिकों को प्राचीन भारतीय सैन्य रचनाओं तथा उनकी आधुनिक प्रासांगिकता की शिक्षा दी जाएगी। विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के सहयोग से अकादमिक खोज व पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही अनेक पुस्तकों, वृत्तचित्रों तथा लेखों के माध्यम से भारतीय सैन्य रणनीति के विभिन्न आयामों को उजागर किया जाएगा। इसे व्यापक बनाने के लिए प्रमुख रचनाओं के अनुवाद व उन पर टिप्पणियों को भी महत्व दिया जाएगा। भारत की दार्शनिक व सांस्कृतिक विरासत में शामिल अवधारणात्मक ढांचों तथा रणनीतिक शब्दावली को प्रस्तुत करने वाली 'उद्भव परियोजना' प्रशंसनीय है। यह पहल समृद्ध सैनिक विरासत समझने की पहल है जिसने भारत की रणनीतिक संस्कृति विकसित की है तथा वर्तमान व भावी रक्षा रणनीतियों के लिए अमूल्य सबक देती है।

# लोकसभा चुनाव का निर्णायक चरण

उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट व प्रभावी नेतृत्व भाजपा को अपना गढ़ बचाने में उल्लेखनीय भूमिका अदा करेगा।



सिद्धार्थ मिश्रा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सात चरणों में मतदान वाले लोकसभा के अंतिम चरण महत्वपूर्ण हैं। उत्तर प्रदेश का लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण स्थान है। यहां योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट व प्रभावी नेतृत्व भाजपा को अपना गढ़ बचाने में उल्लेखनीय भूमिका अदा करेगा। अभी दस दिन और बाकी हैं जिसके बाद दो महीने लंबी चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। लोकसभा चुनाव को इसलिए याद रखा जाएगा कि जहां सत्तारूढ़ पार्टी का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी भयानक गरमी और धूल का सामना करते हुए अपने कार्यकर्ताओं को ऊर्जान्वित कर रहे हैं। भारत में इस समय गरमी का प्रकोप अपने चरम पर है ऐसे में चुनाव प्रचार आसान नहीं है। राष्ट्रीय मीडिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का प्रचार अभियान सुर्खियों में है जो लगभग समान ऊर्जा के साथ मैदान में डटे हैं। विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष वयोवृद्ध मल्लिार्जुन खड़गे ने यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव अभियान का बोझ अकेले 'गांधी परिवार' के कंधों पर न पड़े। लोकसभा चुनाव भी एक युद्ध की तरह है जिसमें कठोर संघर्ष के बाद यह तय होता है कि कौन जीता और कौन पराजित हुआ। अतीत पर गौर करें तो द्वितीय विश्वयुद्ध में बर्लिन की लड़ाई सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्ध हुई थी। उस समय सोवियत सैनिकों का वह चित्र सुर्खियों में छाया था जिसमें वे बर्लिन के राइखस्टाग पर सोवियत संघ का झंडा फहरा रहे थे। मई, 1945 में बर्लिन में हुई इस घटना ने निर्णायक रूप से एडोल्फ हिटलर के नेतृत्व वाली जर्मनी की पराजय की घोषणा कर दी थी।

इसी प्रकार 2024 के लोकसभा चुनाव को हमेशा इसलिए याद किया जाएगा कि 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में किस पक्ष की विजय हुई। वर्तमान समय में लोकसभा में 80 सांसद भेजने वाला उत्तर प्रदेश भाजपा का गढ़ है। उत्तर प्रदेश का हिंदी हृदय प्रदेश में महत्वपूर्ण स्थान है जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और हरियाणा शामिल हैं। लेकन मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हरियाणा के उलट उत्तर प्रदेश में भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला नहीं है। उत्तर प्रदेश में मजबूत क्षेत्रीय पार्टी-समाजवादी पार्टी-सपा से भाजपा का मुख्य मुकाबला है जहां कांग्रेस ने उसके साथ चुनाव समझौता किया है। सपा विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल है। उत्तर प्रदेश की तुलना बिहार से भी नहीं की जा सकती है जहां भाजपा मजबूत क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय जनता दल-राजद से मुकाबला कर रही है। हालांकि, यहां भाजपा के साथ एक और मजबूत क्षेत्रीय दल-जनता दल युनाईटेड-जदयू का गठबंधन है।

इस प्रकार उत्तर प्रदेश में भाजपा पूरी तरह अपने दम पर चुनाव लड़ रही है, भले ही उसके एक-दो छोटे सहयोगी दल हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के बल पर चुनाव लड़ रही है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भाजपा ने 2017 में प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बना कर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया था। योगी के नेतृत्व में भाजपा 2022 में पुन: प्रबल बहुमत से विधानसभा चुनाव में विजय पाने में सफल हुई थी। योगी आदित्यनाथ 2022 से ही भाजपा का संगठन मजबूत कर उसे चुनाव के लिए तैयार करने में लगे हुए हैं।

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवा कर भाजपा का एक वादा पूरा किया। इस वर्ष जनवरी में अयोध्या मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन देश में भाजपा की एक सबसे बड़ी उपलब्धि रहा है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने न केवल अयोध्या में मंदिर परिसर, बल्कि पूरे अयोध्या शहर तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में विकास का व्यापक रोडमैप तैयार कर उसे लागू किया। मुख्यमंत्री और उनकी सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा हो।

योगी आदित्यनाथ ने पूरे दो महीने तक भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊर्जान्वित रखते हुए यह सुनिश्चित किया कि वे लगातार काम करते हुए विरोधियों पर वरीयता प्राप्त करने तथा उनके प्रति निर्णायक आक्रमण करने में सफल हों। उन्होंने 27 मार्च को 'प्रबुद्ध जन सम्मेलन' के आयोजन के साथ ही चुनाव अभियान शुरू कर दिया था और वे इसे मई के अंत में चुनाव प्रचार अभियान जारी रखने तक बनाए रखेंगे। इस प्रकार उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान के मामले में भाजपा अपने विरोधियों से बहुत आगे है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार प्रधानमंत्री के प्रचार अभियान में कभी-कभी थोड़ी ढिलाई दिखी। उनके अनुसार मोदी सरकार ने पिछले दस साल की उपलब्धियों को एक अत्यधिक ध्रुवीकरण वाले एजेंडे की तुलना में शायद पृष्ठभूमि में डाल दिया था जिससे कुछ समर्थकों को भी थोड़ी चिन्ता हुई। उनको लगता था कि प्रधानमंत्री के लक्ष्य वाक्य-'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को शायद समुचित महत्व नहीं मिल रहा है। इस लक्ष्य वाक्य या नारे का अर्थ देश की आर्थिक प्रगति तथा सामाजिक एकजुटता के प्रति समावेशी दृष्टिकोण अपनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पिछले दस साल के शासनकाल में 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसी अनोखी पहलें कीं। इनके माध्यम से उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने तथा ढांचागत संरचना को विश्वस्तरीय बनाने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। लेकिन संभवत: इन पहलों को उनके चुनावी भाषणों में तुलनात्मक रूप से वरीयता नहीं मिली। इससे विपक्ष को सरकार पर हमले का थोड़ा बहुत मौका मिल गया। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले सात सालों में अपने दृष्टिकोण में मजबूत कानून व्यवस्था के साथ ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद या 'हिंदुत्व' पर बहुत जोर दिया है। वे अपना चुनाव प्रचार अभियान लगातार इसी रास्ते पर चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश में उनके नेतृत्व की पहचान सांस्कृतिक विरासतों की पहचान बहाल करने तथा अल्पसंख्यक तुष्टीकरण समाप्त करने से बनी है। योगी आदित्यनाथ के इस दृष्टिकोण का प्रमाण अयोध्या में अत्यन्त व्यापक स्तर पर दीपावली के भव्य आयोजन तथा ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण हिंदू स्थलों का पुराने नाम छोड़ कर पुन: नामकरण रहा है। हालांकि, उत्तर प्रदेश का आर्थिक व ढांचागत विकास किसी से छिपा नहीं है। उनके शासनकाल से पहले जहां प्रदेश को विभिन्न विकास मानकों के आधार पर देश के सबसे गरीब 'बीमारू' राज्यों में रखा जाता था, वहीं पिछले सात साल में यह देश में अनेक मानकों में पहले स्थान पर पहुंच गया है। इससे योगी आदित्यनाथ की छवि हिंदुत्व के प्रबल नेता के साथ ही विकास पुरुष वाली भी बनी है। इसका कारण प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था है जिसके कारण वह पिछले वर्षों में भारी मात्रा में देशी-विदेशी निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है।

योगी प्रशासन का प्रमुख आधार कानूनों का कठोर क्रियान्वयन, सुरक्षा की स्थिति में सुधार तथा अपराध घटाने पर रहा है। प्रदेश की सारी जनता योगी सरकार की इन उपलब्धियों को स्वीकार करती है और इनमें अनेकानेक गैर-हिंदू भी शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ के प्रतिबद्ध अपराध-विरोधी अभियानों के कारण उनके प्रशंसकों की संख्या पिछले सालों में बहुत बढ़ी है और यह उनके परंपरागत हिंदुत्व प्रशंसकों से आगे जाती है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व भाजपा की राष्ट्रीय राजधानी तक सुरक्षित यात्रा संभव बनाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी राजनेता हैं।

भले ही उनके तरीके अलग-अलग रहे हों, पर मोदी और योगी ने भारतीय राजनीति और प्रशासन पर काफी व्यापक प्रभाव डाला है। 4 जून को जब भारतीय जनता पार्टी-भाजपा अपनी विजय पताका फहराएगी तो इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का योगदान महत्वपूर्ण होगा।

# यूपीएससी : समानता का प्रतीक और सफलता का सबसे छोटा रास्ता

इंशा वारासी

भारत की प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा परीक्षा में सफल मुस्लिम उम्मीदवारों की बढ़ती जनसांख्यिकी मुस्लिम समुदाय में हो रहे शैक्षिक परिवर्तन का प्रमाण है। योग्य मुस्लिम उम्मीदवारों के प्रतिशत की निगरानी करके, कोई भी परीक्षा में उनकी सफलता को प्रभावित करने वाले कारकों की बेहतर समझ प्राप्त कर सकता है। उनकी उपलब्धियाँ निष्पक्ष चयन प्रक्रिया का प्रमाण हैं, जो हाशिये पर मौजूद वर्गों को सफल होने और बड़े सपने देखने की अनुमति देती हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 2023 यूपीएससी परीक्षा में सफल मुस्लिम उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व 4.9 प्रतिशत है. पिछले वर्षों में, प्रतिशत 2021 में 3.64 प्रतिशत से लेकर 2022 में 3.10 प्रतिशत तक रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में 70% से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दिखाते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए। यह प्रवृत्ति सरकारी संस्थानों के भीतर अधिक प्रतिनिधित्व और विविधता की ओर बदलाव का संकेत देती है, जो समानता और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। चूंकि मुसलमान बाधाओं को तोड़ना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करना जारी रखते हैं, इसलिए समाज के लिए उनके प्रयासों का समर्थन करना और प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करके मुस्लिम युवाओं को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने और इस राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान देने के लिए सशक्त बनाया जा सकता है। अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि के छात्र अधिक जागरूक हो रहे हैं और उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, हम सिविल सेवाओं में शामिल होने की इच्छा रखने वाले मुस्लिम छात्रों, विशेषकर महिला छात्रों में वृद्धि देख रहे हैं, जो एक सकारात्मक विकास है। इस वर्ष 9वीं रैंक धारक एक मुस्लिम महिला है, जो गरीबी के जाल और मुस्लिम समुदाय से जुड़ी रूढ़िवादिता से बचने के लिए शिक्षा और सरकारी सेवाओं पर मुस्लिम परिवारों के जोर को दर्शाता है। यह सच है कि दशकों से, मुसलमान पिछड़ गए हैं और पिछड़ गए हैं, जिसने उन्हें आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने और कैरियर विकल्प के रूप में नौकरशाही की इच्छा रखने से रोक दिया है। यह भी गलत धारणा थी कि मुस्लिम उम्मीदवारों को प्रशासन देते समय पक्षपात किया जा रहा है, लेकिन अब




यह दृष्टिकोण बदल गया है। यूपीएससी में चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता और समानता के प्रति प्रतिबद्धता न केवल यह सुनिश्चित करती है कि सबसे योग्य व्यक्तियों को सिविल सेवा के लिए चुना जाए, बल्कि सिस्टम में विश्वास और विश्वास की भावना भी पैदा होती है। यह विविध पृष्ठभूमि और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के उम्मीदवारों के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य करता है। यह इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि कड़ी मेहनत का फल मिलता है और मेहनती और प्रतिभाशाली व्यक्तियों के लिए उपलब्धि हासिल करना संभव है। इसके अतिरिक्त, यह मुस्लिम युवाओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने और सभ्य बनने की आकांक्षा रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। सेवकों से आग्रह किया गया कि वे अपने चुने हुए क्षेत्र में सफलता की खोज में बाहरी कारकों से न डरें। शिक्षा और योग्यता-आधारित चयन के महत्व पर जोर देकर, मुस्लिम छात्र विकास में तेजी लाने और लोगों को ईमानदारी से सेवाएं प्रदान करने में योगदान दे सकते हैं। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि परिवर्तन और प्रगति के दृश्य एजेंटों को जामिया हमदर्द, जामिया इस्लामिया या अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों के साथ-साथ अन्य सामुदायिक समूहों को श्रेय दिया जाता है जो आवासीय कोचिंग, पुस्तकालय सुविधाएं, अनुकूल सीखने का माहौल, सलाह,शिक्षण सामग्री, तैयारी सत्र प्रदान करते हैं। ये संगठन उम्मीदवारों के लिए एक सहायक माहौल और आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें अपने संबंधित क्षेत्रों में सफ्ल होने और महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव डालने के लिए सशक्त बनाया जाता है। इसलिए, युवाओं, विशेषकर महिलाओं का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रतिस्पर्धी और प्रतिष्ठित परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए सामुदायिक स्तर पर ऐसी और पहल की आवश्यकता है।

मुस्लिम युवाओं को छोटी-मोटी सांप्रदायिक घटनाओं से विचलित होने से बचना चाहिए और इसके बजाय अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए और समुदाय में अभी भी प्रचलित शिक्षा के प्रति अनिच्छा को दूर करने के लिए सामुदायिक संबंध बनाना चाहिए। यह दृष्टिकोण मुस्लिम युवाओं को अपने लक्ष्य हासिल करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने में सक्षम बनाएगा। सिविल सेवा में विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देकर, हम एक अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और न्यायसंगत प्रणाली बना सकते हैं। उम्मीदवार चयन में निष्पक्षता के लिए यूपीएससी की सराहना करना आवश्यक है, क्योंकि यह सिस्टम में विश्वास को बढ़ावा देने में मदद करता है और सभी आवेदकों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। जब मुस्लिम युवा प्रतिस्पर्धी स्तर पर पहुंचते हैं, तो सार्वजनिक संस्थानों और प्रशासन की निष्पक्षता उनकी सफलता और उपलब्धियों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हो जाती है। इस पहलू में, यूपीएससी जैसी संस्थाएं निष्पक्ष और निष्पक्ष संस्था के रूप में सामने आती हैं।

## आप की बात

### मोबाइल का अति प्रयोग

**जयपुर** में माँ के मना करने पर भी मोबाईल पर 22 वर्षीय बेटी द्वारा अधिक समय तक बात करने पर गुस्से में माँ ने लोहे की रॉड सिर पर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। बेटी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करती थी, लेकिन वो कुछ ज्यादा ही मोबाईल पर बात करने में तल्लीन रहती थी। इस वजह से उसे छुपा दिया गया था जो दो महीने बाद फिर दे दिया किन्तु उसने अति बात करना नहीं छोड़ा जिससे हादसा हो गया। हालांकि मोबाईल आज की जरुरत हो गया है, किन्तु उसका दुरुपयोग भी तेजी बढ़ता जा रहा है। बड़ों की बात तो छोड़िये, छोटे-छोटे बच्चे तक आजकल मोबाईल के दीवाने बन गए हैं। नए-नए गेम्स की लत ने बच्चों को और ज्यादा व्यस्त कर दिया है। बच्चों पर तो नियंत्रण माता-पिता रख सकते हैं, किन्तु समझदार को कैसे समझाया जाए, जो वाहन चलाते समय बात करने में इतने मशगूल रहते हैं कि हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इसके कारण वे खुद तो परेशानी मोल लेते ही हैं दूसरों को बेवजह भारी दिक्कत में भी उलझा देते हैं। सेल्फी लेने वाले तो जैसे अपने आपको खतरों के खिलाड़ी से कम नहीं समझते। इनमें से अनेक अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। वर्तमान समय में मोबाइल जरूरी हो गया है, पर इसके दुरुपयोग व अति प्रयोग से बचना भी बहुत जरूरी है।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### प्रशांत की भविष्यवाणी

**इन दिनों** विपक्षी दल पूरे देश भर में यह भ्रम फैला रहा है कि भाजपा इस बार 250 से भी कम सीटों पर रहेगी एवं मोदी सरकार का यह आखिरी कार्यकाल है तब ऐसे में पॉलीटिकल थिंकर प्रशांत किशोर का कहना है कि भाजपा को इस बार लोकसभा चुनाव में 300 सीट मिलने की पूरी पूरी संभावनाएं हैं। उनका कहना है कि देशभर में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कोई व्यापक गुस्सा नहीं है पर इन्होंने 400 पार नारे की कोई भी वकालत नहीं की है। उनका अनुमान है कि वर्तमान में पूर्व एवं दक्षिण में भाजपा के पास लोकसभा में 50 सीट हैं इसलिए पूर्व एवं दक्षिण में भाजपा की हिस्सेदारी 15-20 सीटों पर बढ़ने की उम्मीद है, जबकि उत्तर दक्षिण में इसे कोई खासा नुकसान भी नहीं हो रहा है। अत: अबकी बार 400 पार का नारा चाहे सक्सेस ना हो पर फिर एक बार मोदी सरकार नारा तो अवश्य ही सफ्ल होने जा रहा है। प्रशांत किशोर की यह भविष्यवाणी उन विपक्षी नेताओं के लिए कड़ा सबक है जो अतार्किक रूप से मोदी की विदाई की घोषणायें पूरी बेशर्मी के साथ कर रहे हैं। प्रशांत किशोर की भविष्यवाणियां अतीत में सटीक सिद्ध हुई हैं और एक्ज़िट पोल आने के पहले उस पर विश्वास किया जा सकता है।

- **एमएम राजावत**, शाजापुर

### वंशवाद का प्रकोप

**गांधी-नेहरू** परिवार ने देश की राजनीति में वंशवाद की नींव रखी जिसे देश के अन्य राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों ने भी आत्मसात किया। जब भी भाजपा राजनीति में वंशवाद पर आघात करती है तो वंशवादी दलों के कुतर्क सामने आते हैं। वे कहते हैं कि एनडीए के दलों में भी अनेक सांसदों के पुत्र, पुत्री या पत्नी सांसद, विधायक या अन्य राजनीतिक पदों पर हैं तो फिर कांग्रेस पर ही निशाना क्यों? भाजपा से पूर्व जनसंघ और भाजपा के जन्म से लेकर आज तक के जितने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं वे सभी एक परिवार तो दूर की बात है, एक जाति या एक क्षेत्र के भी नहीं हुए। भाजपा सरकार के दो शासन कालों में दो प्रधानमंत्री हुए उनके परिवार से एक भी व्यक्ति राजनीति के उच्च पद पर तो क्या उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम तक भी देश नहीं जानता। कुछ महीने पहले उत्तराखण्ड में दो महिलाओं का एक चित्र सोशल मीडिया में प्रचारित हुआ जिसमें देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की बहनें मिलती दिख रही हैं। इसे किसी भी संचार माध्यम में स्थान नहीं मिला, जबकि यही घटना यदि गांधी परिवार के किसी भी सदस्य के साथ घटी होती तो इसे व्यापक प्रचार मिलता। यह भाजपा और बाकी के बीच का अंतर है।

-**नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### दुनिया की राजनीति

**रूस-चीन** संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर पेइचिंग पहुंचकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने वर्तमान को इतिहास की ओर मोड़ने की एक कोशिश की। चीन, रुस और अमेरिका कितनी ही विश्व के प्रति चिंता जाहिर करें, यह महाशक्तियां शुद्ध रूप से सिर्फअपना हित साधने में लगी रहती हैं । उनके आपसी सहयोग भी विशुद्ध रूप से व्यावसायिक होकर अपना भला देखते हैं। ऐसी मानसिकता के चलते यदि चीन को हथियार बेचने से भरपूर फायदा मिल रहा है और उसके अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के हित भी सध रहे हैं तो वह रूस को हथियार क्यों नहीं बचेगा? अमेरिका कौन सा दूध का धुला हुआ है क्योंकि वह भी तो यूक्रेन और इज़राइल को हथियारों की भरपूर सप्लाई कर रहा है। इन बड़े देशों की अधिनायकवादी मंशा के चलते पूरा विश्व कई तरह के संकटों से जूझ रहा है। तीसरे विश्वयुद्ध और विश्वव्यापी भुखमरी की समस्याएं पैदा होने जा रही है। मगर यह लोग युद्धरत देशों को अपने प्रभाव से युद्ध बंद करनें के प्रयासों के बजाय युद्ध करने के लिए उकसा रहे हैं। ऐसे में इन देशों से शांति की अपेक्षा व्यर्थ है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कुपोषित बच्चों हेतु वरदान साबित हुई एनआरसी जिला अस्पताल बेमेतरा

## जिला बेमेतरा के अब तक 1696 बच्चे हुए कुपोषण से मुक्त, पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चो के साथ पालक भी होते है लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला में जिला के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र - एनआरसी जिला चिकित्साल्य बेमेतरा में संचालित है । जहाँ 0 वर्ष से 05 वर्ष तक के बच्चों को भर्ती कर कुणेषण से मुक्त करने का कार्य किया जाता है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम, चिरायु के टीम द्वारा भेजा जाता है, एवं पालक स्वयं बच्चों को ला कर भी भर्ती करा सकते है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों को 15 दिवस तक भर्ती करके पोषन आहार एवं उचित दवाईयों के माध्यम से उपचार किया जरा है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में गंभीर- कुपोषित बच्चों एवं ऐसे बच्चे जिन्हे लंबे समय से दस्त हो रहा हो, या बार-बार बिमार पड़ते है, ऐसे बच्चे को भी ह्ज्रष्ट ने भर्ती कर सकते है। पोषक आहार में बच्चो को थेरापूटिक



फूड, एवं समय समय पर नाश्ता (दलिया, हलवा,खिचड़ी, इडली, सेवई आदि) एवं माताओं को दो समय का भोजन प्रदाय किया जाता है तथा माता को 150 रु. प्रतिदिन का 15 दिवस का 2250.00 रु.। छुट्टी पश्चात् प्रदाय किया जाता है। यहाँ पर दि जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं मुफ्त में प्रदाय किया जाता है। जिला अस्पताल में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र बेमेतरा में जनवरी, 2013 से संचालित है, जिसमे कुल अब तक 1696 बच्चे भर्ती होकर सुपोषित हो चुके है। जिला अस्पताल बेमेतरा के एमसीएच बिल्डिंग में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों को सुपोषित करने हेतु जिला के जिलाधीश रणबीर शर्मा के निर्देश पर सीएमएचओ सह सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. चुरेन्द्र, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु के मार्गदर्शन एवं शिशुरोग विशेषज्ञ डाँ दीपक कुमार निराला, चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन वर्मा के देखरेख एवं फिडिंग डिमास्ट्रेटर दीप्ति धुरंधर तथा स्टॉफ नर्स कु. अंकिता वर्मा, कु. हिमेश्वरी साहू , लक्ष्मी- परगनिहा, ममता वर्मा, कु. सत्यवती रागे एवं कुमारी रोहिणी चंद्राकर के देखरेख में रखा जाता है एवं नमिता दुबे (कुक) के द्वारा भोजन तैयार किया जाता है। इन सभी के का योगदान से कुपोषित बच्चों को सुपोषित,कुपोषण से मुक्त होकर स्वस्थ्य बच्चे को घर जाने हेतु छुट्टी दिया जाता है, जिनसे राज्य और देश में कुपोषित बच्चों की दर में कमी होने पर योगदान भी रहता है ।

| वर्ष | लाभान्तित |
|---|---|
| 2013-14 | 87 |
| 2014-15 | 127 |
| 2015-16 | 149 |
| 2016-17 | 134 |
| 2017-18- | 225 |
| 2018-19- | 208 |
| 2019 20 | 213 |
| 2020-21 | 88 |
| 2021-22 | 33 |
| 2022-23 | 180 |
| 2023-24 | 221 |
| अप्रैल से मई 2024 तक | 31 |

## दिखावे और व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति करते है सांसद संतोष पाण्डेय : तुकाराम चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने सांसद संतोष पाण्डेय पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते सोमवार कवर्धा जिला के बांहपानी में हुए भीषण सड़क हादसे में सेमरहा गांव के 19 लोगो को दर्दनाक मौत से न केवल सेमरहा गांव बल्कि कवर्धा जिला और छत्तीसगढ़ सहित देश के लोगो की आंखें नम हो गई मगर सांसद संतोष पाण्डेय को थोड़ा भी लज्जा नहीं आई। तुकाराम चंद्रवंशी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा इस दुखद हादसे के बाद देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त किए थे वही इस लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के लिए हाल ही चुनाव मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और साथ ही घायलों से मिलकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया इसके साथ ही शासन प्रशासन और राजनीतिक दल से जुड़े तमाम लोग पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचकर इस संकट की घड़ी से उबरने के लिए पीड़ित परिवारजनों हौसला दे रहे है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय को इस दर्दनाक हादसे से शायद कोई वास्ता नहीं इसलिए तो घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी सांसद संतोष पाण्डेय लापता है हालाकि संतोष पाण्डेय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से पता चला संतोष पाण्डेय ओडिसा के केंदुझर लोकसभा में चुनावी प्रचार में मशगूल है अगर उनको अपने संसदीय क्षेत्र के लोगो के प्रति थोड़ा सा भी संवेदना या दर्द होता तो वे चुनाव प्रचार छोड़कर 4 दिनों के भीतर पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचते। इस बात से स्पष्ट होता है कि सांसद संतोष पाण्डेय केवल स्वार्थ की राजनीति करते है।

## बीएसबीके कंपनी मजदूरों का कर रही है शोषण : राकेश द्विवेदी

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र की दल्ली राजहरा माईंस में बीएसपी के प्रोजेक्ट में कार्यरत बीएसबीके कंपनी मजदूरों का शोषण कर रही हैं। भाजपा राजहरा मंडल के अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा कि इन कंपनी द्वारा मजदूरों के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मामले में माइंस प्रबंधन एवं ठेकेदार की भी भूमिका संदिग्ध प्रतीत होने लगी है।

प्रोजेक्ट में कार्यरत कर्मियों का भुगतान भी शासन द्वारा तय दर पर नहीं किया जा रहा है ना ही वेतन का भुगतान समय पर किया जाता हैं। वर्षो से कार्यरत श्रमिकों का अस्थायी गेट पास बनाया जाता है। जो मात्र 15 दिनों के लिए वैध होता है। लगातार तीन बार अस्थायी गेटपास बनाने के पश्चात नियमानुसार मजदूरों का नियमित पास बनाने हेतु उन्हें सेफ्टी ट्रेनिंग एवं सरफेस वर्कर ट्रेनिंग देकर परमानेंट पास बनाया जाना चाहिए।



किन्तु प्रोडक्सन का हवाला देकर माइंस क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा लगातार लंबे समय से अस्थायी गेट पास ही बनवाया जा रहा है। ऐसा कृत्य किसी श्रमिक की दुर्घटना होने पर कंपनी की जवाबदेही से बचने के लिए किया जा रहा है। क्योंकि अस्थायी पासधारी श्रमिक की पर दुर्घटना पर कंपनी अपनी जवाबदेही से बच जाती है जहां रोजगार लगाने के नाम पर माइंस में प्रोजेक्ट में कार्य कर रही कंपनियों के अधिकारियों द्वारा काम पर लगाने के लिए स्थानीय बेरोजगार युवकों से लाखों रुपए वसूल बैक डोर से एंट्री कराई जा रही है वहीं उनके जीवन से भी खिडवाड़ किया जा रहा है। जबकि गेट पास बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रबंधन के दबाव डलवा कर ठेकेदार द्वारा गेट पास बनवाया जाता है। इस प्रक्रिया में इस तरह की त्रुटि की केवल प्रोजेक्ट में कार्य कर रही कंपनियों एवं ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए श्रमिको के जीवन से खिडवाड किया जा रहा है। जिसकी उक्त स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। जिससे इस कार्य के लिप्त लोगों को रोका जा सके एवं स्थानीय बेरोजगार युवकों को शोषण से बचाया जा सके एवं उन्हें नियमित कार्य पर रखा जाए। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने इस तरह हो रहे शोषण एवं बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ को तत्काल बंद करने की मांग की।

## पीएमश्री स्कूल खोलवा में हुआ समर कैंप का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

विकासखंड सहसपुर लोहारा में संचालित पीएमश्री स्कूल प्राथमिक शाला खोलवा में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन 15 से 24 मई तक आयोजित हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर ने बताया कि इस समर कैंप में नन्हे बच्चों का व्यक्तित्व विकास किया जा रहा है। इस 10 दिवसीय कैंप में प्राथमिक शाला के बच्चों का सर्वांगिण विकास और दक्षता निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन और प्रस्तुतीकरण विद्यार्थियों, पालको एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। समर कैंप में सांस्कृतिक (गायन वादन, नृत्य,) पेंटिंग लेखन अभिव्यक्ति कौशल इंडोर गेम एवम विज्ञान के प्रयोग एवम प्रदर्शन आदि रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में विद्यालय के 80 बच्चो ने भाग लिया ।संचालित गतिविधियों का अवलोकन जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा नियमित रूप से किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस समर कैंप में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों कराया गया। जिसमें बच्चे पालक एवं शिक्षकों ने अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए खूब आनंद लिया। इस कार्यक्रम को संचालित करने में संकुल शैक्षिक समन्वयक शिवलाल मारकंडे, प्रधान पाठक मनोज कुमार साहू एवं विद्यालय के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन में समस्त बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर ने निजी स्कूल संचालकों की बैठक में तीन दिवस के भीतर ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में मुख्य शिक्षा सचिव के निर्देशानुसार जिले के सभी निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार पर अशासकीय स्कूलों के प्रबंधन एवं प्रिंसिपल के साथ बैठक लेकर समीक्षा की । बैठक में कलेक्टर शर्मा ने जिले के समस्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत निर्धारित पात्रता अनुसार बच्चों के प्रवेश और ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी संकलित करने पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत प्रवेश दिए गए बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा प्रदान करने पर जोर देते हुए इन बच्चों पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने के लिए कहा । कलेक्टर



शर्मा ने स्कूल प्रबंधक से कहा की जिले के गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्यो की बैठक 3 दिन के भीतर बुलाकर यह समीक्षा करे । विद्यालय में कितने विद्यार्थियों ने आरटीई के तहत प्रवेश लिया था। साथ ही उनमें से कितने बच्चे पढ़ाई छोड़कर ड्राप आउट हो गए हैं। यह सभी जानकारी पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में भेजने के निर्देश दिए हैं । जिलाधीश ने जिले के टॉप टेन स्कूल जिनकी परफॉर्मेंस खराब है और जहाँ से ज्यादा बच्चे ड्रॉपआउट हुए है उन स्कूलों में तीन दिवस के भीतर उनकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है । साथ ही उन्होंने कहा की जो बच्चे ड्रॉप आउट हुए है वो अभी क्या कर रहे है कौन से स्कूल में है सारी जानकारी नोडल और प्रिंसिपल या डायरेक्टर समय सीमा में प्रस्तुत करने को कहा है । ऐसे स्कूल जो शिक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं उन पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं । कलेक्टरों से यह भी कहा गया है कि बीते पांच सालों में ड्राप आउट हुए बच्चों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा करें। साथ ही ड्राप आउट रोकने की दिशा में समुचित पहल करने का कष्ट करें। इससे जिले में आरटीई की मंशा के अनुरूप सभी बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर सकें। इस अवसर पर एडीएम डा. अनिल वाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डीईओ कपूर सहित निजी स्कूल के प्रिंसिपल एवं स्कूल प्रबंधक उपस्थित थे । बता दें की आरटीई में ड्राप आउट के सही कारणों का पता लगाने के लिए सरकार ने अब सर्वे करने का फैसला किया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों के अनुसार यह सर्वे सरकारी स्कूल के शिक्षकों के माध्यम से कराया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक को आरटीई में ड्राप आउट हुए बच्चों के पालकों का मोबाइल नंबर दिया जाएगा। शिक्षक पालकों से बात करके पता लगाएंगे कि बच्चा स्कूल क्यों नहीं जा रहा है। इसके पीछे की वजह क्या है। क्या वे पारिवारिक कारणों से स्कूल नहीं जा रहे हैं या स्कूल प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार है।

## पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जबरन लूट, गाली गुप्तार करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

आरोपी मनोहर राय ने प्रार्थी मोहम्मद सना निवासी कुंडा को परिचित होने से फोन करके राजा नवागांव पार्टी बनाएंगे कहकर बुलाया था एवं शाम को करीब 6:00 बजे प्रार्थी एवं एक अन्य गवाह बाजार के पास मनोहर राय से मिले मनोहर राय ने तालाब के पास बकरा बनाए हैं कहकर ले गया। वहां पर कुछ लोग ताश खेल रहे थे, आरोपी भी ताश खेला रुपए हार गया। तब प्रार्थी मोहम्मद सना के पास आकर रुपए मांगने लगा प्रार्थी रुपए न देने पर आरोपी द्वारा गाली गुप्तार कर प्रार्थी के हाथ को जबरन पकड़ा और प्रार्थी के पहने शर्ट जेब से 30000 को खींचकर लूट लिया और फरार हो गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना भोरमदेव में अपराध क्रमांक 3/ 2024 धारा 392, 294 आईपीसी कायम कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपी मनोहर राय को सतनामी पारा राजा नवागांव में पता तलाश कर मिलने पर पुलिस हिरासत में लेकर थाना लाकर बारीकी से पूछताछ किया गया, जो अपराध घटित करना कबूल किया। आरोपी के द्वारा लूट के 20000 पेश करने पर जप्त किया गया एवं 10000 को खाने-पीने एवं शराब पीने में खर्च होना बताया। आरोपी को विधिवत्त गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीआर बिसन एवं प्रधान आरक्षक आदित्य कृषि संतोष साहू कुमान सिंह आरक्षक राजेश जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

### भण्डारण पर रोक लगाने खनीज विभाग की कार्यवाही जारी

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले मे चल रहे अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भण्डारण पर रोक लगाने हेतु 22 मई से 24 मई 2024 तक कार्यवाही कर खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत जिले में खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही में रेत एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 07 वाहन पकड़े गए। अवैध परिवहन के 07 प्रकरण दर्ज कर 05 प्रकरण मे अर्थदंड राशि 152000 रुपये वसूल की गई है तथा शेष 02 प्रकरण प्रकियाधीन हैं। 4 ट्रकों में अवैध रेत का परिवहन और 3 ट्रकों में अवैध गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था । खनिज अधिकारी ने बताया है कि सभी मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध कर खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम) 2022 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जा रही है। बता दें की कलेक्टर शर्मा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा लगातार खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे वाहन मालिकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।

# राजहरा में जिम्मेदार अधिकारी खुलेआम उड़ा रहे हैं कंपनी द्वारा बनाए गए नियमों की धज्जियां

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि नगर प्रशासन विभाग टाउनशिप राजहरा में जिम्मेदार अधिकारी खुलेआम कंपनी द्वारा बनाए गए नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण टाउनशिप में पानी खोलने के ठेके का जिसमें ठेकेदार को ठेके के नियमों के अनुसार चार नये ठेका श्रमिकों की भर्ती करनी है। लेकिन नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा ठेकेदार को छोड़कर स्वयं भर्ती का जिम्मा ले लिये है और सबसे बड़ी बात यह है कि नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा इसके लिए बकायदा अपने चहेतों का इंटरव्यू लिया जा रहा है जोकि सिर्फ दिखावे के लिए किया जा रहा है। क्योंकि इसमें नगर के बेरोजगारों को छोड़कर सिर्फ अपने चहेतों का इंटरव्यू लिया जा रहा है और अपने चहेतों की भर्ती कराने के लिए सारा खेल खेला जा रहा है, जबकि ठेका शर्तों में कहीं इस बात का उल्लेख नहीं है कि श्रमिकों की भर्ती नगर प्रशासन टाउनशिप द्वारा इंटरव्यू लेकर किया जाएगा। नगर प्रशासन के अधिकारी द्वारा इंटरव्यू लेना बहुत सी बातें स्पष्ट करता है। जिसकी जांच होनी जरूरी है कि जब बीएसपी प्रबंधन ने ठेका निकाल दिया है तो उसमें कौन काम करेगा इसमें नगर प्रशासन टाउनशिप विशेष रूचि क्यों ले रहे क्या उन्हें ऐसा करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक खदान या कार्मिक विभाग के अधिकारियो ने निर्देशित किया है या फिर स्वयं इनके द्वारा भर्ती के खेल को इंटरव्यू का नाम दिया जा रहा है। जो कार्य नगर प्रशासन टाउनशिप राजहरा खदान समूह को करने चाहिए ये उन कार्य में बिल्कुल भी रूचि नहीं लेते है।

पूरा टाउनशिप कचरे से भरा पड़ा है मगर इनको तो इंटरव्यू लेकर अपने लोगों को भर्ती कराना है सबसे बड़ी बात इंटरव्यू लेना भी होता तो ठेकेदार लेता नगर प्रशासन अधिकारी किस हैसियत से श्रमिकों



का इंटरव्यू ले रहे हैं समझ से परे है। अब यह भी जांच का विषय है कि नगर प्रशासन टाउनशिप बीएसपी प्रबंधन के लिए कार्य कर रहे हैं या ठेकेदार के लिए क्योंकि इंटरव्यू अगर लेना हो तो ठेकेदार लेगा। नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा टाउनशिप में रह रहे बीएसपी कर्मचारियों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। इसके बहुत से उदाहरण है टाउनशिप की नालियों की साफ-सफाई लंबे समय से हुई नहीं है। टाउनशिप में खुलेआम अवैध अतिक्रमण हो रहा है मगर इनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है लोग नालियों में दो मंजिला मकान बना रहे हैं और नगर प्रशासन अधिकारी उसमें मौन सहमति प्रदान करते हुए और अपने सबसे महत्वपूर्ण कार्य श्रमिकों की भर्ती के लिए इंटरव्यू लेने में लगे हुए हैं। माइंस आफिस रोड जो श्रमवीर चौक से माईंस आफिस तक है इनके आने के बाद से उस रोड पर भी खुलेआम अतिक्रमण हो रहा है और नगर प्रशासन अधिकारी टाउनशिप इसमें भी मौन सहमति प्रदान कर रहे हैं क्या इनको यह भी नहीं पता क्या की जिस तरह इस्पात भवन जाने वाली सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखा गया उसे राजहरा नगर में भी लागू करना होगा। मगर इनको इससे क्या इनकी पहली प्राथमिकता तो किस ठेके में कौन काम करेगा यह है इसलिए बाकी चीजों में मौन सहमति दी जा रही है। संघ का कहना है कि नगर प्रशासन टाउनशिप को बीएसपी प्रबंधन द्वारा जिस कार्य के लिए नियुक्त किया गया है वो उन सारे कार्यों को छोड़कर बाकी सारे कार्य कर रहे हैं जिससे नगर में औद्योगिक अशांति का वातावरण बनें। राजहरा टाउनशिप में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है नियमित कर्मचारी रोज टाउनशिप कार्यलय का चक्कर लगा रहे हैं मगर काम किसी का नहीं हो रहा है कारण स्पष्ट है जब मुखिया ही इंटरव्यू लेने में लगे हैं तो समस्याओं का समाधान कैसे होगा, यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है जिसका समाधान खदान के उच्च अधिकारियों को करना होगा।क्या उच्च प्रबंधन द्वारा इंटरव्यू के लिए कोई पैनल बनाया गया है क्या? बीएसपी के अधिकारियों द्वारा इंटरव्यू लेना स्पष्ट करता है कि भर्ती नियमित कर्मचारियों के रूप में की जा रही है। एक बात तो स्पष्ट जिस तरह कांग्रेस के शासन काल में कर्मचारियों की भर्ती में इंटरव्यू के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था ऐसी जानकारी मिली है कि आज उसी तर्ज पर बीएसपी प्रबंधन की तरफ से इंटरव्यू लेकर श्रमिकों की भर्ती की जा रही हैं जो कि जांच का विषय है कि एक पानी खोलने के कार्य के लिए श्रमिकों की भर्ती इंटरव्यू लेकर की जा रही है और दूसरी ओर 160 करोड़ के सिलिका रिडिक्शन प्लांट के ठेके में कौन श्रमिक कार्य कर रहा है उसकी स्पष्ट जानकारी तक नहीं है? जिस तरह से राजहरा टाउनशिप के ठेकों में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है गुणवत्ता विहीन कार्य हो रहे हैं मगर इसमें ध्यान नहीं दिया जा रहा है और जनता का पैसों का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। संघ खदान के जिम्मेदार अधिकारीयों को स्पष्ट कर देना चाहता है कि जिनको कंपनी में जिस कार्य के लिए नियुक्त किया गया है वो वहीं कार्य करें और ठेकेदार बनकर उसका काम ना करें।कोई भी नियम विरुद्ध कार्य न करें जिससे कंपनी की बदनामी हो और औद्योगिक अंशाति का वातावरण पैदा हो, अगर तत्काल इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है तो संघ कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।

## कर्मचारी अधिकारियो की मूलभूत मांगो को लेकर राज्य कर्मचारी संघ छतीसगढ़ मे हुए लामबंद




पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

20 वर्ष की सेवा अवधि के बाद पूर्ण पेंशन, व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति आदेश, कार्यभारित कर्मचारियों की मृत्यु के बाद अनुकम्पा नियुक्ति सहित दर्जनों मांगो को लेकर राज्य कर्मचारी संघ छतीसगढ़ लामबंद हो गया है। रविवार को राजधानी रायपुर मे प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओ को राज्य शासन को अवगत कराने और निराकरण की मांग का निर्णय लिया गया है। बैठक मे प्रदेश पदाधिकारीयों सहित समस्त प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, समस्त जिलाध्यक्ष, जिला सचिव एवं जिला कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरोत्तम घृतलहरे, प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय, राज्य कर्मचारी संघ छतीसगढ़ पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन पटेल, राज्य कर्मचारी संघ छतीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अरुण तिवारी, प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द ओझा , हरिसिंह राणा, प्रदेश कोषाध्यक्ष टी आर देवांगन प्रदेश संगठन मंत्री बोधी राम निषाद, प्रदेश सचिव डॉ. विनोद वर्मा, जिलाध्यक्ष बेमेतरा नालेश्वर साहू सहित सैकड़ो की संख्या मे प्रमुख पदाधिकारी गण उपस्थित हुए।

# पेट्रोल पंप पर मारपीट की सूचना पर तत्काल हरकत में आयी पुलिस टीम ने देर रात छापेमारी कर 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों में एक विधि के साथ संघर्षरत बालक भी शामिल
- पेट्रोल पंप के मालिक ने लूटपाट की घटना से किया इंकार, आरोपियों को बलवा, मारपीट के अपराध में पुसौर पुलिस ने भेजा जेल
- आरोपियों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन से शराब पीने के लिए मांगे थे रूपये, नहीं मिलने पर मारपीट कर हुये थे फरार



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत सारंगढ़ मुख्य मार्ग में ग्राम तुपकधार स्थित सिद्धी फ्यूल (पेट्रोल पंप) में रात्रि करीब 9.40 बजे 6-7 की संख्या में स्कार्पियो वाहन में आये अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन जयराम (44 साल) से शराब पीने के लिए रूपये मांगे, जयराम ने रुपए देने से इनकार किया तो उसे गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इस बीच पंप में काम कर रहे जयकुमार का लड़का श्रवण (24 साल) और लोचन गुप्ता बीच बचाव करने आये जिन्हें भी अज्ञात व्यक्तियों ने हाथ मुक्का लात से मारपीट कर से पेट्रोल पंप में उत्पाद मचाते हुए भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस को पेट्रोल पंप के किसी कर्मचारी ने अज्ञात आरोपियों द्वारा रूपयों की लूटपाट कर भाग जाने की सूचना दी गई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने तत्काल जिले के सभी एक्जिट पांइट की नाकेबंदी कराया गया तथा नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं साइबर सेल व थाना प्रभारियों को नाकेबंदी कर संदेही स्कार्पियो वाहन एवं आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिये। घटना के कुछ ही देर बाद तत्काल पुसौर टीआई रोहित बंजारे अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। फुटेज में आरोपीगण नशे में सेल्समेन जयराम, उसके लड़के श्रवण और लोचन गुप्ता से मारपीट करते साफ दिखाई दे रहे थे और घटना कारित कर फरार हुए बोलेरो का नंबर सीजी 13 ए.ए 9450 की जानकारी मिली। वाहन के डिटेल पर वाहन स्वामी के थाना जूटमिल के भजनडिपा के होने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस छापेमारी कर घटना में शामिल रहे पांच आरोपी लखेश्वर निराला, वीरेंद्र निराला, भोला जाटवार, कलेश्वर जाटवार, मंशाराम जाटवार और अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया , पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया है। घटना के संबंध में पेट्रोल पंप संचालक विजय चैधरी के रिपोर्ट पर थाना पुसौर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 147, 294, 506, 323, 327 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कार्पिया वाहन सीजी 13 ए.ए 9450 की जप्ती की गई है। नगर पुलिस अधीक्षक के साथ पुसौर पुलिस द्वारा पेट्रोल पंप के संचालक विनोद चैधरी से लूटपाट की घटना को लेकर विस्तृत पूछताछ, तस्दीकी गई जिसमें रात्रि में पेट्रोल पंप से सेल्स हुए पेट्रोल की रकम सही मिला, पंप पर रात्रि किसी प्रकार की लूटपाट की घटना नहीं हुई थी। पुलिस को लूटपाट की गलत सूचना पेट्रोल पंप के किसी कर्मचारी द्वारा दी गई थी। पुलिस ने अपचारी बालक समेत 05 आरोपी लखेश्वर निराला पिता पिललाल निराला उम्र 23 वर्ष, वीरेंद्र निराला पिता विजय निराला उम्र 26 वर्ष, भोला जाटवार पिता रामाधार जाटवर उम्र 25 वर्ष, कलेश्वर भारद्वाज पिता स्वर्गीय अनुज भारद्वाज 42 वर्ष, मंशाराम जटवार पिता स्वर्गीय अनुज राम जाटवार उम्र 61 वर्ष सभी निवासी राजीव गांधी नगर भजनडीपा थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# गुम बालिका दस्तयाब, पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले युवक को किया गिरफ्तार

- दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में खरसिया पुलिस ने भेजा रिमांड पर आरोपी गया जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को गुम नाबालिगों के संबंध में पंजीबद्ध धारा 363 आईपीसी के अपराधों की लगातार जांच पतासाजी कर अधिक से अधिक गुम नाबालिकों की दस्तयाबी के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में खरसिया पुलिस को क्षेत्र से 14 मई को लापता हुई बालिका को दस्तयाब करने में सफलता मिली है। गुम बालिका के पिता द्वारा 21 मई को थाना खरसिया में बालिका के बिना बताए घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर थाना खरसिया में धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। गुम बालिगा पतासाजी के दौरान 21 मई को पुलिस ने बालिका को उसके गांव जाकर दस्तयाब किया और बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई की पिछले तीन माह से लक्ष्मण दास महंत (उम्र 27 वर्ष) उसे प्रेम प्रसंग में फंसा कर शादी करने की बात कह रहा था और 14 मई के सुबह लक्ष्मण महंत मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स में बिठाकर बिलासपुर ले गया। जहां एक लेबर कॉलोनी में किराया मकान में रखकर शादी का विश्वास देकर शारीरिक संबंध बताया। लक्ष्मण दास महंत को बालिका के परिजनों द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की जानकारी होने पर बालिका को उसके गांव के बाहर छोड़कर भाग गया था। पुलिस खरसिया पुलिस द्वारा प्रकरण में धारा 366, 376(2)(द), 323 आईपीसी तथा धारा 6 पॉक्सो एक्ट अपराध में विस्तारित किया और आरोपी को उसके गांव में दबिश देकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स जप्ती कर आरोपित का न्यायिक रिमांड लेने न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट प्रदाय करने पर आरोपी को खरसिया पुलिस द्वारा जेल दाखिल किया गया है।

# राजीव जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण





पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया, असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिद्दीक के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को याद कर उनकी शहादत को नमन किया, इस दौरान कांग्रेस नेता मो. सिद्दीक ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा थे। वे आज भी देश के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। देश के लिए उनके कार्यों और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि राजीव जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए इस देश के विकास को एक नई दिशा प्रदान की, तथा राजीव जी ने जहां संचार क्रांति के क्षेत्र में इस भारत को आगे बढ़ाया तो वहीं उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में ही इस भारत देश ने अलग-अलग क्षेत्र में सफलताएं अर्जित की है, तथा आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें नमन करते हैं, एवं उनके द्वारा राष्ट्रहित के लिए किए गए कार्यों को स्मरण करते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मार्गदर्शक प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, नागेंद्र वोरा, आनंद पांचाल, सुरेश बाफना, जावेद नकवी, राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागडेलवार, शरद गुप्ता, मुनेश गौतम श्रेयांस शुक्ला इरफान खान, देवेंद्र पवार, जितेंद्र शुक्ला, गेंदलाल ठाकुर (लाला), शेख शाहरुख, विजय बाफना, अर्पण जैन, सल्लू भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए

# बिलासपुर से प्रयागराज, जबलपुर और जगदलपुर के लिए विमानसेवा 1 जून से

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



एयरपोर्ट से चलने वाले विमान की नई समय सूची जारी कर दी गई है। एलाइंस एयर कंपनी ने प्रयागराज, जबलपुर के साथ बिलासपुर-जगदलपुर के बीच नई हवाई सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए रिवाइज्ड शेड्यूल जारी किया गया है। एक जून से लागू होगा। अब एक साथ पांच शहरों के लिए विमान सेवा 1 जून से शुरू होने जा रही है 7 बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए रिवाइज समर शेड्यूल 2024 जारी किया गया है। यह शेड्यूल एक जून से छब्बीस अक्टूबर के लिए होगा। उल्लेखनीय है तीन साल से अधिक समय से चल रहे प्रयागराज और जबलपुर फ्लाइट को एलाइंस एयर कंपनी ने दो माह पहले बंद कर दिया था। इसलिए बिलासपुर से सातों दिन के स्थान पर सिर्फदो दिन दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट उपलब्ध थी। इसके खिलाफ शहर के लोग आंदोलन करने लामबंद होने लगे थे. इसका असर देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अब हफ्ते के सातों दिन राजधानी दिल्ली के लिए हवाई सेवा मिलेगी। साथ ही नई फ्लाइट जगदलपुर के लिए भी दी गई हैं। दिल्ली के अलावा कलकत्ता के लिए एलाइंस एयर द्वारा हवाई सेवा शुरू है। शेड्यूल के मुताबिक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को बिलासपुर से कलकत्ता के लिए सीधी उड़ान सुविधा मिलेगी। नई दिल्ली से सोमवार को फ्लाइट रवाना होकर जगदलपुर पहुंचेगी। जगदलपुर से 12.05 बजे रवाना होकर 13.10 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। इसके बाद 13.35 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी। जो 16.20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। नई दिल्ली 7.50 बजे विमान रवाना होकर 11.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 11 बजे रवाना होकर 12.05 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। वहां से नई दिल्ली जाएगी। मंगलवार को कोलकाता से 7 बजे फ्लाइट रवाना होकर 8.05 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 9.15 रवाना होकर 11.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं दूसरी फ्लाइट प्रयागराज से 10 बजे रवाना होकर 11.25 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 12.30 बजे रवाना होकर 13.45 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। बुधवार को नई दिल्ली 7.50 बजे विमान रवाना होकर 11.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 11 बजे रवाना होकर 12.05 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। वहां से नई दिल्ली जाएगी। इसी तरह गुरुवार को कोलकाता से 7 बजे फ्लाइट रवाना होकर 8.05 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 9.15 रवाना होकर 11.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं प्रयागराज से 10 बजे दूसरी उड़ान रवाना होकर 11.25 बजे बिलासपुर आएंगी। इसके बाद 12.30 बजे रवाना होकर 13.45 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। शुक्रवार को जगदलपुर से फ्लाइट रवाना होकर 12.50 बजे बिलासपुर आएंगी। इसके बाद 13.15 बजे रवाना होकर 16 बजे दिल्ली पहुंचेगी। शनिवार को कोलकाता से 5.55 बजे रवाना होकर 7.45 बजे बिलासपुर आएंगी। यहां से 8.10 बजे रवाना होकर 10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। दिल्ली से 8.10 बजे फ्लाइट रवाना होकर 10.55 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से 11.20 बजे रवाना होकर 12.15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। जबलपुर से 12.40 बजे रवा होकर 13.35 बजे बिलासपुर आएंगी। इसके बाद बिलासपुर से 14 बजे रवाना होकर 16.45 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रविवार को जगदलपुर से 10.30 बजे फ्लाइट रवाना होकर 11.25 बजे बिलासपुर आएंगी। यहां से 11.50 बजे रवाना होकर 12.25 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

# अवैध शराब बेच रहे व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया



- आरोपी से 32 पाव देशी मशाला शराब बरामद, आबकारी एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा फटहामुड़ा में शराब रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि फटहामुड़ा का घनश्याम राजभर अवैध बिक्री के लिए पुराना बस स्टैंड की ओर से अवैध शराब लेकर अपने घर की ओर जा रहा है। पुलिस ने संदेही को उसके घर के पास घेराबंदी कर शराब लेकर आते हुए पकड़ा गया जिसके पास रखे बोरी अंदर सीलबंद देशी मसाला शराब के 32 पाव बरामद हुआ। आरोपी घनश्याम राजभर पिता स्व0 बोधराम राजभर उम्र 39 साल निवासी फटहामुड़ा थाना जूटमिल रायगढ़ से 32 पाव देशी मासाला शराब कीमत 3,520 का जप्त कर थाना जूटमिल में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

# नशे के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का बड़ी कार्यवाही, शराब पीकर चला रहा था हाईवा

- जिला यातायात विभाग ने किया 10000 /- रुपये का जुर्माना

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com





जिले में जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा की पदस्थापना के बाद से जहां शक्ति जिले में यातायात को लेकर पुलिस सक्रिय नजर आ रही है तो वहीं पुलिस अधीक्षक ने जिला यातायात प्रभारी के रूप में कमल महतो को जिम्मेदारी देकर यातायात विभाग को पूरा सक्रिय कर दिया है, जिला यातायात प्रभारी कमल महतो भी पूरे जिले के विभिन्न स्थानों पर जाकर जहां यातायात के नियमों का पालन करवाने लोगों को जागरुक करते नजर आ रहे हैं तो वहीं जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की भी शामत आ गई है,इसी श्रृंखला में शराब पीकर वाहन चलाने वाले हाईवा के चालक के खिलाफ 10000/- रूपये जुर्माना किया गया है, एवं जिला यातायात प्रभारी महतो ने कहा है कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर लगातार कार्रवाई की जाएंगी,सक्ति जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में जिला सक्ति में दुर्घटना में अंकुश लाने के लिये सक्ति क्षेत्र में पहल हो रही है, एक भेट वार्ता में शक्ति जिले के यातायात प्रभारी कमल महतो ने बताया कि जिला सक्ति क्षेत्र में दुर्घटना स्थल का निरीक्षण लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, पुल निमार्ण विभाग, तहसीलदार राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं आम जनता के साथ संयुक्त निरीक्षण कर आये दिन हो रही दुर्घटनाओ के तकनीकी कारणों का पता लगाकर निराकरण करने के संबंध में आवश्यक कार्यावाही की जा रही है,यातायात मित्र बनाकर लोगो में यातायात नियमो की जानकारी देकर दुर्घटना होने पर तत्काल घायलो का उचित ईलाज हेतु पुलिस, डायल 112, 108 वाहन, को सूचना देने मोबाईल नंबर देकर जागरूक किया जा रहा है,यातायात नियमो का उलघन्न करने वाले 58 वाहन चालको पर चालानी कार्यावाही कर 17400/- समन शुल्क लिया गया।

# ग्रामीणों की रकम को क्रीप्टो करेंसी में निवेश कर तीन गुना करने का लालच देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



चौकी फगुरम थाना उभरा के अपराध कमांक 211/2024 धारा 420 के प्रार्थी किर्तन सिंह मरावी पिता वरूण सिंह मरावी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम झर्रा द्वारा 20.05.2024 को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ब्लाक चैन डी सेन्ट्रलाईज (युबीसी इंटरनेशनल) के नाम से नेटवर्क बनाकर जय कुमार वैष्णव पिता भागीरथी वैष्णव निवासी ग्राम बड़कीमहरी थाना व जिला बलरामपुर छग के द्वारा बैंक एव फोन पे के माध्यम से उसका लगभग 1.45000 रूपये एवं नगदी रकम लगभग 1,00000 रूपये तथा अन्य लोगो को रकम तीन गुना करने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी कर जमा करवाया गया है, लेकिन जय कुमार वैष्णव के द्वारा लगभग 01 साल बीत जाने के बाद भी आज पर्यन्त तक कोई भी राशि वापस नही किया गया है, जिससे प्रार्थी को महसुस हुआ कि वे सभी लोग ठगी के शिकार हो गये है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस, अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा के द्वारा आरोपि के धरपकड़ हेतु सायबर सेल प्रभारी निरी प्रवीण सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल बलरामपुर रवाना किया गया। टीम आरोपी का पतासाजी करने उसके सकुनत ग्राम बड़की महरी पीपरपारा बलरामपुर जिला बलरामपुर मे पहुंचने पर आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे टीम के द्वारा घेराबंदी कर बड़ी मुश्किल से पकड़कर पुछताछ किया गया, जो प्रारंभिक पुछताछ में घटना कारित करना स्वीकार हुये बताया गया की वह प्रार्थी एवं अन्य लोगों से पैसों को डालर में बदलकर क्रीप्टो करेंसी में निवेश कर रकम तीन गुना करने का झांसा देकर ठगी करता है आरोपी को चौकी लाकर हिकमातमली से पुछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक रेडमी कंपनी का मोबाईल तथा धोखाधड़ी रकम मे से बचत रकम 65,000 रूपये को प्राप्त कर जप्त किया गया है। आरोपी के विरुध्द पर्याप्त सबूत मिलने एवम आरोपी के द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी को दिनाक 23.05.2024 के 15.00 बजे विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सुचना उसके परिजनो को दी गई है। तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपुत, चौकी फ्गुरम प्रभारी भुपेन्द्र चन्द्रा, प्रधान आरक्षक नौदित्य वर्मा सायबर सेल सक्ती, सउनि श्रवण चौहान, आरक्षक अविनाश देवांगन सुभाष राज, जयदेव साहु का योगदान रहा।

**विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा 3 मई से निशुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लास चलाई जा रही है**

# नि :शुल्क इंग्लिश स्पोकन कार्यक्रम में पहुंचे विद्यालय के कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com





शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा 3 मई से निशुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लास चलाई जा रही है, तथा इस क्लास में प्रतिष्ठित व्याख्याता एवं अंग्रेजी शिक्षक नकुल देवांगन द्वारा बच्चों को जहां सामान्य बोलचाल की भाषा में अंग्रेजी की शिक्षा दी जा रही है,तो वहीं प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक यह क्लास हो रही है, एवं 24 मई को इस निशुल्क इंग्लिश स्पोकन क्लास में बच्चों से चर्चा करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामावतार अग्रवाल पहुंचे,तथा रामावतार अग्रवाल ने जहां बच्चों से इस इंग्लिश क्लास के संबंध में जानकारी ली तथा बच्चों से पूछा तो बच्चों ने बताया कि विद्यालय द्वारा करवाई जा रही इस क्लास का उन्हें काफी फायदा मिल रहा है, एवं अंग्रेजी बोलचाल के बारे में उन्हें काफी जानकारी हुई है, एवं उनके इंग्लिश टीचर नकुल देवांगन द्वारा भी बहुत ही अच्छे ढंग से उन्हें सिखाया जा रहा है, इस दौरान इंग्लिश टीचर नकुल देवांगन ने भी विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल को 3 मई से प्रारंभ हुए इस पूरे प्रशिक्षण की जानकारी दी तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामावतार अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को जहां हिंदी के साथ-साथ अपनी जरूरत अनुरूप अंग्रेजी के भी ज्ञान की आवश्यकता है, तो वहीं आज संचार क्रांति का जमाना है एवं हम अधिक से अधिक कंप्यूटर एवं लैपटॉप का भी उपयोग कर रहे हैं तथा अंग्रेजी का ज्ञान हमें होना जरूरी है इसी सब दृष्टि से सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा इस क्लास का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे भी उत्साह के साथ भागीदारी कर रहे हैं,वहीं शक्ति के सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे इस निशुल्क इंग्लिश स्पोकन शिविर को सफल बनाने में जहां विद्यालय प्रबंधन समिति के भी सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं लगे हुए हैं, तो वहीं इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति के व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में किया गया है, एवं मांगेराम अग्रवाल का कहना है की निशुल्क इंग्लिश स्पोकन शिविर से बच्चों को जहां इसका लाभ मिलेगा तो वहीं निशुल्क रूप से यह पूरा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# 67 पाव देशी अंग्रेजी शराब व 03 बीयर बोतल के साथ आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पेट्रोलिंग दौरान पुलिस टीम द्वारा विनोबा भावे नगर मदनपुर खरसिया के राजकुमार राठौर पिता ठंडा राम राठौर उम्र 27 साल को काफी मात्रा में शराब अवैध बिक्री के लिए लाते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 67 पाव देशी प्लेन और अंग्रेजी शराब एवं 03 बोतल बियर जुमला 14 लीटर ब्लक शराब कीमती करीब 8,000 रुपए जप्त किया गया है। आरोपी पर राजकुमार राठौर थाना खरसिया में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

# जल जगार से जागा गणेशपुर







पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

वर्षा जल का संचयन, वृक्षारोपण, जलस्त्रोतों की साफ-सफाई कर भू जल स्तर बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में आगामी 15 जून तक जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गांवों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सहित बोर स्ट्रक्चर बनाने की समझाईश ग्रामीणों को दी जा रही है। आज कुरूद विकासखण्ड के ग्राम गणेशपुर में आयोजित जल जगार उत्सव में बच्चों ने आकर्षक नृत्य, नुक्कड़ नाटक और परिचर्चा के जरिए उपस्थितों को समझाया कि जल है तो कल है, इसलिए हम सबको पानी का सदुपयोग करना और व्यर्थ में पानी नहीं बहने देना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शन के जरिए यह भी बताया कि ग्रामीण अपने-अपने घरों और आसपास में स्थित जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करने, एक व्यक्ति कम से कम एक पौधा का रोपण करने और रूफटॉप स्ट्रक्चर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वाटर स्ट्रक्चर इत्यादि बनाये जायें। कार्यक्रम में वाटर हीरो जल प्रहरी नीरज वानखेड़े ने ग्रामीणों को जल संरक्षण संबंधी संरचना बनाकर दिखाया। इसके साथ ही उपस्थितों ने नारी शक्ति से जल शक्ति सेल्फी प्वाईंट में सेल्फी ली। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद डी.डी. मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद बी.आर.वर्मा, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विस्तार अधिकारी, स्व सहायता समूह की महिलाएं सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया खाद बीज के भंडारण सेवा सहकारी समिति लोलेसरा का निरिक्षण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आगामी खरीफ वर्ष 2024 के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ने आज कृषि विभाग के अधिकारियों से खाद बीज भण्डारण की जानकारी ली और जिले में खाद बीज के भंडारण, वितरण एवं गुणवत्ता परीक्षण हेतु
सेवा सहकारी समिति लोलेसरा जिला बेमेतरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में भण्डारित यूरिया, डी.ए.पी., पोटास, एन.पी.के. व अन्य खाद के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के समय समिति में 12 मेट्रिक टन यूरिया, 31 मेट्रिक टन डी.ए.पी., 10 मेट्रिक टन पोटास व 11 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध थे। कलेक्टर शर्मा के द्वारा समिति में भण्डारित खाद को जल्द से जल्द वितरण करने तथा यूरिया, डी.ए.पी. के उपयोग को कम करने एवं नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु निर्देश दिये । इसके अतिरिक्त डी.ए.पी के विकल्प के रूप में 20:20:013 व सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करने हेतु निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान जिलाधीश ने समिति में उपस्थित कृषक बहल राम वर्मा, भरत वर्मा, सनत वर्मा व अन्य कृषक से प्रति इकाई उपयोग होने वाले खाद्/उर्वरक के संबंध में जानकारी ली साथ ही उनसे पुछा गया कि खरीफव रबी में आप लोगो के द्वारा कौन-कौन से फसल लगाई जाती है । कलेक्टर के द्वारा कृषको को समझाईस दिये की प्रति एकड़ रासायनिक खाद् के उपयोग को कम करे साथ ही समिति प्रबंधक को निर्देशित किये कि उर्वरक का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से ही करे। कलेक्टर शर्मा ने आगामी खरीफवर्ष 2024 में उर्वरक डीएपी की मांग अधिक होने पर उसकी पूर्ति के लिए विकल्प उर्वरक के रूप में उसके उपयोग हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने को कहा । उन्होंने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समितिवार वास्तविक किसानों से बीज की वास्तविक मांग प्राप्त कर बीज निगम के प्रबंधक को उपलब्ध कराएं ताकि किसानों को आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सके तथा बीज की बचत या वापसी की स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर डॉ. अनिल कुमार वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, उप संचालक कृषि एम.डी. डड्सेना, उप पंजीयक सहकारी संस्था बसंत कुमार, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक आर.के. वारे, जिला विपणन अधिकारी उपेन्द्र कुमार, सहायक संचालक कृषि जितेन्द्र ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.खं.-बेमेतरा डॉ श्याल लाल साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सतवन दास नवरंगे, सहायक समिति प्रबंधक मनोज चौहान व अन्य कृषकगण उपस्थित थे।

# तरेगांव जंगल पहुंचे उप-मुख्यमंत्री ग्रामीणों से किया सीधा संवाद





पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने निर्वाचन क्षेत्र कवर्धा विधानसभा में आम जनता से मुलाकात के क्रम में आज शुक्रवार को ग्राम तरेगांव जंगल पहुंचे। उन्होंने ग्रामवासियों के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों की अनेक समस्याओं का उन्होंने मौके पर निराकरण भी किया। जिला कबीरधाम के बोड़ला विकासखंड के अंतर्गत ग्राम तरेगांव जंगल वनांचल की बस्ती है। उप-मुख्यमंत्री शर्मा वनांचल गांवों का लगातार दौरा कर रहे हैं। आज तरेगांव जंगल आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। महिलाओं ने जगह-जगह उनकी आरती कर तिलक लगाया। इस अवसर पर युवा और बच्चे भी उत्साहित और खुश नजर आए। उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने आत्मीय स्वागत के लिए ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और पेड़ की छांव तले बैठकर उनसे रूबरू चर्चा की।

# डायरिया के मरीजों से मिलने देर रात स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे विधायक संदीप साहू

## मरीजों से हाल चाल पूछ डॉक्टर को बेहतर ईलाज करने दिए निर्देश, गर्मी अधिक खान पान का रखें विशेष ख्याल

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



पलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डायरिया से पीड़ित भर्ती मरीजों को देखने बीते कल देर रात अस्पताल पहुंचकर कसडोल विधायक संदीप साहू ने सभी वार्डों में मरीजों और उनके परिजनों से बात किया और हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों के परिजनों से बात करते हुए भरोसा दिलाया कि बेहतर उपचार होगा और किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। वही उन्होंने डॉक्टर, नर्स और अस्पताल स्टाप को साथ लेकर एक-एक मरीजों का स्वास्थ हिस्ट्री पूछा और मरीजों से उपचार को लेकर जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टर और नर्स से कहा कि डायरिया के मरीज का उपचार में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न बरती जाए। एक-एक मरीजों का उपचार गंभीरता पूर्वक करें। मरीजों को जिस भी दवाई की जरूरत है वो सब अस्पताल से उपलब्ध कराए। गांव से भी लगातार मरीज आ रहे है तो वहाँ निगरानी रखकर इन्हे गांव में ही खत्म करने की व्यवस्था करें। वही उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात किया तो लोगो ने विधायक को बताया कि शादी में देर रात भोजन करना और धूप में खाली पेट रहने एवं बर्फवाला ठंडा पानी, बर्फ का गोला खाने से तबीयत बिगड़ी है। जिसके बाद अस्पताल में है। विधायक साहू ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि गर्मी तेज है शादी- ब्याह का सीजन भी है तो लोग अपने सेहत का विशेष ख्याल रखें। खान पान में ध्यान दे धूप और गर्मी से बचे क्योंकि बीमारी का ईलाज़ से ज्यादा उसके बचाव की जरूरत है। उन्होंने मरीजों के परिजनों से कहा कि बर्फगोला और बर्फ वाली पानी पीने से बचे और ताजा एवं गर्म भोजन खाए, गर्म पानी पीए ताकि स्वास्थ खराब न हो। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष रोहित साहू उपस्थित रहें। यह जानकारी निज सचिव मनीष साहू ने दी।

# शक्ति पंप्स को इनोवेटिव मोटर टेक्नोलॉजी के लिए मिला 14 वां पेटेंट

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में सोलर पंप और मोटर बनाने वाली अग्रणी निर्माता कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को मेथड एंड ऐपरेटस फॉर सॉफ्ट स्टार्ट, सॉफ्ट स्टॉप, प्रोटेक्शन एंड ब्राउन आउट ऑपरेशन ऑफ अ ग्रिड कनेक्टेड मोटर का आविष्कार करने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट अधिनियम 1970 में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट दाखिल करने की तारीख से 20 वर्षों की अवधि के लिए मान्य है। यह कम्पनी को मिला 14 वां पेटेंट है। यह पेटेंट तकनीक मोटर और ग्रिड विद्युत प्रणालियों दोनों के लिए कई प्रमुख लाभ प्रदान करती है। यह मोटर की गति को धीरे-धीरे बढ़ाकर, सॉफ्ट स्टार्टर मोटर और जुड़े उपकरणों पर मेकेनिकल स्ट्रेस को कम करता है जिससे मोटर की लाइफ बढ़ती है साथ ही मेंटेनेंस कॉस्ट भी कम होती है। यह पारंपरिक स्टार्टिंग टेक्निक के सडन टॉर्क और मैकेनिकल शॉक को खत्म करते हुए, एक स्मूथ और नियंत्रित स्टार्ट देती है, जो सेंसिटिव उपकरणों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। यह नई पेटेंट तकनीक मोटर और ग्रिड विद्युत प्रणालियों में इनपुट को बूस्ट करती है। शक्ति पंप्स के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने इस उपलब्धि पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि, हमें गर्व है कि हमने अपना 14वां पेटेंट प्राप्त किया, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण योगदान है। सॉफ्ट स्टार्टर और स्टॉप शक्ति पंप्स की पेटेंट तकनीक की प्रमुख विशेषता है जो मोटर में एक्सिलरेशन और डीएक्सिलरेशन पर नियंत्रण प्रदान करती हैं और मैकेनिकल स्ट्रेस को कम करती हैं। कन्वेयर सिस्टम, पंप, एचवीएसी सिस्टम और मशीनिंग जैसे एप्लीकेशन में सुरक्षा को बढ़ाती हैं। मोटर स्टार्ट के दौरान करंट को कम करके, वोल्टेज को कम करती है। ज्यादा विद्युत की आवश्यकता को कम करती है। जिससे सिस्टम एफिशिएंसी, विश्वसनीयता और मोटर की लाइफ में सुधार होता है। इसे जनरेटर से चलने वाली एसी मोटर्स के साथ भी चलाया जा सकता है। शक्ति पंप्स वैश्विक विद्युत प्रणाली के लिए बेहतर समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। शक्ति पंप्स, सौलर पंपिंग सोल्युशन में सस्टेनेबल इनोवेशन और विश्वसनीयता में सबसे आगे है तथा पर्यावरणीय के प्रति जिम्मेदार भी है। कंपनी सौलर पंप टेक्नोलॉजी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने में सबसे आगे रही है। शक्ति पंप्स के सभी सबमर्सिबल पंप स्टेनलेस स्टील पर आधारित हैं, जो नई तकनीक और मैन्युफेक्चरिंग में क्वालिटी का प्रमाण है। विशेष रूप से, शक्ति पंप्स को भारत का पहला 5 स्टार रेटेड पंप मैन्युफेक्चरर होने का गौरव प्राप्त है, जो दुनिया भर के 125 से अधिक देशों में अपने प्रोडक्टों की सप्लाय करता है और अपने स्वयं के सौलर पंप, मोटर, स्ट्रक्चर और कन्ट्रोलर, वीएफडी बनाती है।

# हैदराबाद ओमेगा हॉस्पिटल जबलपुर द्वारा नि:शुल्क आर्थोपेडिक शिविर आज

**मनेन्द्रगढ़।** हैदराबाद ओमेगा हॉस्पिटल द्वारा 25 मई, 2024 दिन शनिवार को सुबह 11 से 3 बजे तक नि:शुल्क आर्थोपेडिक कैंप का आयोजन खान नर्सिंग होम (एसपीएम हॉस्पिटल) विवेकानंद कॉलेज के पास, जे.के.डी. रोड, मनेंद्रगढ़ छत्तीसगढ़ किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों से संबंधित समस्याओं का निदान और उपचार प्रदान करना है। कैंप में विख्यात ज्वाईंट रिप्लेस्मेंट सर्जन डॉ. अमित जय कुमार जैन (कोट वाले) उपलब्ध रहेंगे, जो मरीजों को उचित परामर्श निशुल्क देंगे। हॉस्पिटल के एचओडी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, डॉ. अमित जयकुमार जैन ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को उचित निशुल्क परामर्श उपलब्ध कराना है। मरीजों से अनुरोध है कि वे अपने पुराने मेडिकल रिकॉर्ड्स साथ लाएं।

# सोशल मीडिया पर प्रभु श्रीराम एवं सर्व हिन्दू समाज को अपशब्द कहने वाले के विरुद्ध विहिप बजरंगदल ने की कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार भाटापारा के लवन थाने में बजरंग दल ने सोशल मिडिया में हिन्दू समाज को अपशब्द कहने गाली गलौच करने वाले असमाजिक तत्व के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए लवन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज करायी बजरंगदल जिला सह संयोजक विजय साहू के नेतृत्व में लवन सरखोर कोयदा कोरदा समेत आस पास गांव के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के युवाओं ने सुंदर लाल खूंटे के नाम से संचालित इंस्टाग्राम आई डी की आडियो वीडियो पोस्ट की प्रति के साथ लवन थाने पहुंचकर आवेदन दिया जिसमें कहा गया है की शोसल मिडिया का दुरूपयोग कर भगवान श्रीराम, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हिन्दू समाज के विरुद्ध अश्लील एवं गन्दी गालियां देकर हिन्दू समाज के साथ साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का अपमान किया गया है एवं प्रदेश का माहौल एवं छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है ऐसे धर्मद्रोही एवं राष्ट्रद्रोही की तत्काल पता साजी करके कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए यदि कार्यवाही नही की जाती है तो बजरंगदल कार्यकर्ताओं एवं हिन्दू समाज के लोगों ने उग्र आंदोलन की बात कही शिकायत कर्ताओं में विनय धीवर, महेंद्र वर्मा, लोकनाथ यादव, गगन ध्रुव, खुशी वर्मा, दुलेश साहू, कोमल साहू, प्रेम सागर ठाकुर सुमित ध्रुव सोमू निषाद तुकेश्वर सिंह तुषार ठाकुर करण ठाकुर कुलदीप ध्रुव पकाशा निषाद संदीप ठाकुर पीताम्बर साहू भोलू वर्मा खालेश्वर साहू मिथुन वर्मा ओकर वर्मा मनोहर वर्मा कोमलेश वर्मा पियूष ठाकुर, दुर्गेश, मदन मनोज, वेदप्रकाश अनिल समेत बड़ी संख्या में बजरंगदल के कार्यकर्ताओं के साथ हिन्दू समाज के लोग उपस्थित थे।

# वनधन विकास के लिए बिजनेस प्लान तैयार करने दिया जा रहा प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य वनोपज संघ रायपुर के मार्गदर्शन में जिले में वनधन विकास केन्द्र के लिए बिजनेस प्लान तैयार करने आगामी 26 मई तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि विशेष जनजाति कमार लोगों की आय में वृद्धि करना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि लघु वनोपज संग्रहण के बाद उसका प्राथमिक, अंतिम प्रसंस्करण कर मूल्यवर्धन करने से आय में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा लघु वनोपज संग्रहण, विपणन, संवर्धन, प्रसंस्करण, कृषि, वानिकी, लाख सहित अन्य माध्यम से लाभ लेना है, जिसके लिए 22 से 26 मई तक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में कुल 70 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण लिया। इनमें जिला यूनियन धमतरी के 40, गरियाबंद के 20 और जिला यूनियन नारायणपुर के 10 शामिल हैं। इस अवसर पर उप प्रबंध संचालक धमतरी, रायपुर वृत्त, नारायणपुर सहित उप वनमण्डलाधिकारी बिरगुड़ी और नगरी उपस्थित रहे। इसके अलावा स्व सहायता समूह की महिलाएं, वनधन मित्र और प्रबंधक उपस्थित हुए।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** प्राकृतिक आपदा से जिले के दो मृतक के परिजनों को कलेक्टर नम्रता गांधी ने आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये स्वीकृत किया है। इनमें भखारा तहसील के ग्राम डाही निवासी ममता पटेल की गाज गिरने से मृत्यु होने के फलस्वरूप उनके पति निरंजन पटेल को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये तथा कुरूद तहसील के ग्राम अछोटी की अनूपी बाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पति लच्छन राम साहू को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

# गैस एजेंसियों द्वारा किया जा रहा उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी

**धमतरी ।** जिले में संचालित गैस एजेंसियों द्वारा ई-केवाईसी (बायोमेट्रिक अद्यतन) का कार्य नगरनिगम धमतरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत में शेष बचे गैस कार्डधारियों का लगातार शिविर लगाकर किया जा रहा है। इसके अलावा गैस एजेंसियों के कार्यालय में भी उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि संचालित गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी घर-घर जाकर भी लगातार नि:शुल्क सुरक्षा जांच की जा रही है। होस पाईप, जिसका अधिकतम मूल्य प्रति नग 190 रूपये की दर से विक्रय का प्रावधान पेट्रोलियम कंपनी द्वारा निर्धारित है। घरेलू गैस उपभोक्ताओं से अपील की गई हे कि शिविर में उपस्थित होकर ई-केवाईसी का कार्य पूरा करा लें।

# 5 प्रकरणों में अर्थदंड 1 लाख 52 हज़ार रूपये की गई वसूली



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले मे चल रहे अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भण्डारण पर रोक लगाने हेतु 22 मई से 24 मई 2024 तक कार्यवाही कर खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत जिले में खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही में रेत एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए वाहन पकड़े गए। अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज कर 05 प्रकरण मे अर्थदंड राशि 152000 रुपये वसूल की गई है तथा शेष 02 प्रकरण प्रकियाधीन हैं। 4 ट्रकों में अवैध रेत का परिवहन और 3 ट्रकों में अवैध गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। खनिज अधिकारी ने बताया है कि सभी मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध कर खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम) 2022 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जा रही है। बता दें की कलेक्टर शर्मा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा लगातार खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे वाहन मालिकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।

# युवाओं को ऋण संबंधी जानकारी देने ग्राम कोपेडीह में लगाया गया शिविर






पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम कोपेडीह के ग्रामीणों को रोजगार और आजीविका से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश आज शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान गांव के बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी गई। वहीं गांव के ऐसे युवा जो स्वरोजगार अथवा उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें उद्योग विभाग की ओर से मिलने वाले ऋण की जानकारी दी गई। सहायक संचालक, कौशल विकास डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कोपेडीह में आयोजित शिविर में अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास प्राप्त कर और स्वरोजगार अथवा उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## प्रेमशीला त्रिपाठी का निधन



**भंवरपुर ।** भंवरपुर निवासी प्रेमशीला त्रिपाठी पति सनपती त्रिपाठी ( बालसमुंद बाराडोली वाले) का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार भंवरपुर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजन एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। वे अपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे भंवरपुर के हितेश त्रिपाठी एवं परमेश त्रिपाठी की माताजी हैं तथा बसना निवासी नंदलाल मिश्रा एवं जयलाल मिश्रा की बड़ी बहन हैं।

**पायनियर की खबर पर लगी मुहर...**

# रिश्वतखोरी के आरोप में जेल जा चुके अधिकारी राठौर के हाथ में आबकारी की कमान

# अवैध कारोबार में हिस्सेदारी बढ़ाने का दबाव बनाते हुए उपनिरीक्षक का आडियो वायरल

## राठौर के संरक्षण में लगातार विभाग की हो रही बदनामी, विवादित एकाउंटेंट को वापस बुलाने की भी तैयारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर में लगातार प्रकाशित आबकारी विभाग की खामियों को उजागर करते हुए लिखे गए ख़बरों पर अंततः मुहर लग ही गया। बीते दिनों पायनियर ने अपनी ख़बरों में प्रमुखता से इस बात का उल्लेख किया था कि आबकारी विभाग की एसआई के दबाव में कोचियों पर जमकर दबाव बनाया जा रहा है और प्रति पेटी दो सौ रुपये के रकम की उगाही की जा रही है। आबकारी अधिकारियों के संरक्षण में चल रहे शराब के अवैध व्यवसाय के खेल में अब एक नया मोड़ आ गया है जिसमे विभाग की ही एक अधिकारी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमे वो अवैध शराब कोचियों से प्रति पेटी 200 रुपये वसूलने की बात कह रही हैं।

शराब खरीदने पहुंचे लोगों ने पायनियर को बताया कि अंग्रेजी शराब दुकान के काउंटर से चेहरा देखकर शराब का दाम लिया जा रहा है। राजनांदगांव सहित आसपास की शराब दुकानों में किसी उपनिरीक्षक नाम की महिला अधिकारी का खौफ कायम है। उनके द्वारा कोचियों को बुला बुला कर दो सौ रुपये प्रति पेटी देने का दबाव बनाया जा रहा है और ऐसा नहीं करने पर उन्हें माल देना बंद किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रेवाडीह पेण्ड्री के एक बड़े शराब कोचिये को बड़ी मात्रा में सुबह से ही माल की सप्लाय अधिकारियों के संरक्षण में दी जा रही है।


आबकारी अफसरों के संरक्षण में चल रहा अवैध कारोबार, अधिक दाम में बिक रही शराब, तुलेश्वरी का कोचियों पर दबाव, 200 रुपये प्रति पेटी चाहिए

आबकारी के कारनामे का आडियो वीडियो जारी

आबकारी के अधिकारियों के इशारे पर खेल

सोशल मीडिया में वायरल


कोचियों पर 200 रुपये प्रति पेटी देने का दबाव




### विवादित लोगों पर यदुनंदन राठौर मेहरबान

राजनांदगांव में अवैध वसूली और पंद्रह साल ठेकेदारी में काम करने की वजह से संजय धुपारे नामक व्यक्ति को पांच माह पूर्व राजनांदगांव से हटाया गया था। उसके बाद ये एकाउंटेट फिर खैरागढ़ मे काम पे लग गए, फिर वंहा से भी निकल दिया गया अवैध वसूली और ओवर रेट के कारण जिसकी शिकायत भी हुई थी लेकीन अब जिले में अवैध कमाई करने के लिए धुपारे को वापस बुला लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शराब के अवैध व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए संजय को विवादित होने के बावजूद बुलाया गया है। पायनियर ने पड़ताल में यह भी पाया कि जो कंपनी वाला ऑफर देता है उसी कंपनी का ब्रांड इसके द्वारा काटा जाता है इसलिए अच्छी शराब का टोटा है। गंभीर विषय यह भी है कि एकाउंटेट के लिए ग्रेजुएशन होना जरुरी है जबकि संजय धुपारे सिर्फ बारहवीं पास है।






आबकारी अधिकारी राठौर की ख़ास माने जाने वाली तुलेश्वरी देवांगन के कथित वायरल वीडियो से अब विभाग में हड़कंप मच गया है। सोशल मीडिया में वायरल उक्त वीडियो में तुलेश्वरी देवांगन खुलकर कोचियों पर दबाव बना के पैसा मांगते नजर आ रही हैं। पायनियर इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता लेकिन यह बात भी सही है कि बिना आग लगे कहीं से भी धुंआ उठना संभव नहीं है।

### फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने कर्मचारी को पीटा वीडियो वायरल

विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह के क्षेत्र में आबकारी विभाग लगातार विवादों में है। बीते दिनों रेवाडीह शराब दुकान में फ्लाइंग स्क्वाड रायपुर की टीम द्वारा वहां के कर्मचारी के साथ मारपीट का वीडियो में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 22 के सुपरवाइजर को हटा कर दूसरे को लाने की तैयारी की वजह से ऐसा हुआ है। आबकारी विभाग क्या करना चाह रहा है यह तो सोचनीय विषय, पर ऐसा लग रहा है कि शराब कोचियों को बढ़ावा देने के लिए यह सब किया जा रहा है।

### मामला बिगड़ने के बाद तुलेश्वरी को नोटिस जारी


-: कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, राजनांदगांव (छ.ग.) :-

//प्रेस विज्ञप्ति//

दिनांक 24.05.2024

जिले में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन के नाम सोशल मिडिया में वायरल समाचार को संज्ञान में लिया जाकर, संबंधित अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने की कार्यवाही की जा रही है, वायरल समाचार की सत्यता की जांच करने हेतु वरिष्ठ सहायक जिला आबकारी अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर जांच कर जांच प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त जांच के दौरान जिले में पदस्थ श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन, आबकारी उपनिरीक्षक का प्रभार सहायक जिला आबकारी अधिकारी के द्वारा संपादन किया जावेगा।

सहायक आयुक्त आबकारी
राजनांदगांव छ.ग.

जिले में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन के नाम से वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिसका जवाब एक सप्ताह के भीतर माँगा गया है। हांलाकि यह सब दिखावटी कार्यवाही है क्यूंकि यदुनंदन राठौर को इन सब मामलों की जानकारी शुरुआत से ही है और उन्हीं के संरक्षण में यह सारा खेल हो रहा है।

### 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों धरा चुके हैं राठौर

वर्तमान समय में आबकारी विभाग की कमान जिस अधिकारी यदुनंदन राठौर के हाथ में है वो 25 हजार के रिश्वतखोरी के आरोप में पहले जेल जा चुके हैं। गौरतलब है कि छह वर्ष पूर्व धमतरी में शासकीय शराब दुकान के मकान मालिक तुलसीराम सोनकर से किराया भुगतान के बदले 25 हजार रुपए रिश्वत लेते ततकालीन जिला आबकारी अफसर यदुनंदन राठौर को एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया था। एसीबी के मुताबिक तुलसीराम के मकान को आबकारी विभाग ने 1.30 लाख प्रतिमाह के भाड़े पर लिया था। राठौर उससे किराए में कमीशन मांग रहा था। न देने पर उसे परेशान भी कर रहा था। तंग आकर तुलसीराम ने इसकी शिकायत एसीबी में की थी। एसीबी के एसपी मनीष शर्मा ने तुलसीराम से लेन-देन की बात मोबाईल पर रिकार्ड करवाई। फिर टीम ने जिला आबकारी अफसर को पकड़ने की योजना बनाई। तुलसीराम को 25 हजार देकर दो जून को कलेक्टोरेट के प्रथम तल पर स्थित जिला आबकारी कार्यालय भेजा। तुलसीराम ने जिला आबकारी अफसर यदुनंदन राठौर के हाथ में जैसे ही 25 हजार रुपए थमाया, एसीबी के निरीक्षक आरके साहू और उनकी टीम ने अफसर को पकड़ लिया था और कार्यवाही करके जेल भेज दिया था।

# युवती को जिंदा जलाने वाले जीजा को उम्रकैद की सजा

- वर्ष 2021 का मामला, शादी से दो दिन पहले की थी वारदात

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पत्नी की बहन को जिंदा जलाने वाले आरोपी जीजा को राजनांदगांव जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने एक हजार रुपए अर्थदंड भी आरोपी पर लगाया है। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में आरोपी को छह माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

मामले की पैरवी करने वाले लोक अभियोजक नारायण कन्नौजे ने बताया कि आरोपी जीजा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

जिले के तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र के कोपेड़ीह में मनीषा सेन का 22 से 24 मई 2021 के बीच विवाह संपन्न होना था। मनीषा सेन के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई मेहमान आए हुए थे। इस बीच 21 मई की रात को घर में जब सब सोए हुए थे, उस दौरान 22 मई की तडक़े 5 बजे दुल्हन बनने की तैयारी कर रही मनीषा सेन के ऊपर उसके जीजा हेमलाल सेन ने मिट्टीतेल उड़ेलकर उसे जिंदा आग के हवाले कर दिया।

इस घटना को एक महिला मेहमान रंभा सेन निवासी राका ने प्रत्यक्ष तौर पर देखा। आग से मनीषा बुरी तरह से जल गई। रंभा सेन ने मनीषा को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह भी झुलस गई।

घर वालों ने मनीषा और रंभा को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जानकारी बसंतपुर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद तत्कालीन निरीक्षक रितेश मिश्रा ने चिकित्सकों की अनुमति से मनीषा सेन और रंभा सेन का बयान दर्ज किया। वहीं मनीषा सेन की स्थिति खराब होते देखकर उसे रायपुर भेज दिया गया था, जहां उसकी कुछ दिनों बाद मौत हो गई।

रंभा सेन की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी जीजा हेमलाल सेन के विरूद्ध मामला दर्ज किया। इस मामले में आरोपी हेमलाल सेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 307 व 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा ने पूरे मामले की बारीकी से जांच की। इस जघन्य वारदात को लेकर उनके द्वारा बनाई गई चार्जशीट के आधार पर अदालत में लंबी सुनवाई चली। आखिरकार पुख्ता सबूतों के आधार पर पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराते अदालत ने आरोपी जीजा को उम्रकैद की सजा सुनाई।

# पहले ही स्टॉफ कम, मेडिकल कॉलेज में एक और डॉक्टर का इस्तीफा

- अब ईएनटी डिपार्टमेंट के एचओडी ने छोड़ा कॉलेज

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालयसे प्रोफेसरों के रुठने का क्रम खत्म ही नहीं हो रहा है। अब यहां ईएनटी विभाग के एचओडी डॉ. अनूप गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है। वे यहां 10 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। बीते छह माह में यहां से 6 से ज्यादा चिकित्सकों ने नौकरी छोड़ दी है। लगातार इस्तीफों से मेडिकल कॉलेज की मान्यता खतरे में पड़ सकती है। जबकि पहले ही यहां प्राध्यापकों और सहायक अध्यापकों की कमी बनी हुई है। यही नहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों की विदाई से मेडिकल कॉलेज में उच्च स्तरीय उपचार भी प्रभावित हो रहा है।

गौरतलब है कि, पर्याप्त सुविधाएं और अध्यापकों की कमी को लेकर पहले ही नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) प्रदेश कि चिकित्सा विद्यालयों को चेतावनी दे चुका है। एनएमसी ने कुछ पर तो जुमार्ना भी लगाया है। एनएमसी से फैकल्टी और इंफ्रास्ट्रचर की कमी को दूर नहीं करने पर सीटें कम कर देने या मान्यता खत्म कर देने की चेतावनी दी है।बीते साल भर में कैंसर, हड्डी, मेडिसिन व स्त्री रोग सहित अन्य विशेषज्ञों ने नौकरी छोड़ दी। इनमें डॉ. सौम्या डुलानी, राजेश डुलानी, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन साहू और सर्जन रूपनारायण साहू सहित दर्जन भर डॉक्टर शामिल हैं। एनएमसी की इस चेतावनी के बीच राजनांदगांव स्थित मेडिकल कॉलेज में इस्तीफे का दौर चल रहा है जो कि बड़ा परेशानी का सबब है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के रवाना होने से यहां मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा नहीं मिल पाएगी। दूसरी ओर फैकल्टी न होने और मान्यता खतरे में पड़ जाने से यहां अध्ययनरत छात्रों के लिए भी चुनौतियां खड़ी हो जाएगी। पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में समस्याओं और चिकित्सा सुविधाओं में कमी को लेकर हमेशा ही विवाद छिड़ा रहा है। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए भी कॉलेज की दुर्दशा, तकनीकी उपकरणों की कमियां जैसे कई मुद्दे उठाए थे। सरकार में भाजपा के लौटने के बाद यह परेशानी और बढ़ती जा रही है। आचार संहिता के समाप्त होते ही प्राध्यपकों-सहायक शिक्षकों की भर्ती को लेकर सरकार को बड़ा निर्णय लेना होगा। संविदा भर्तियों के सहारे इससे निजात मिल सकती है। इसके अलावा भी विधानसभा चुनाव के वायदों में शामिल मेडिकल कॉलेज को उन्नत बनाने के दावों को भी जल्द पूरा किए जाने की जरुरत है।




## पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद जागी पुलिस...

# शराब तस्करी के आरोप में महिला आरक्षक का पति गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल के ग्रामों में अवैध शराब बिक्री की शिकायतों के मद्देनजर सायबर सेल व स्थानीय पुलिस ने ज्वाइंट आपरेशन करके नामी शराब तस्कर पर रेड कार्रवाई की है। पुलिस प्रशासन ने ये कार्यवाही पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद की है इससे पहले वो सुसुप्त अवस्था में थी। आरोपी सँतोष निर्मलकर साकिन खुज्जी को सायबर व पुलिस टीम ने 50 नग अवैध शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विभागीय सूत्रों द्वारा आरोपी युवक सँतोष को पुलिस विभाग में ही पदस्थ एक महिला आरक्षक का पति बताया गया है। 23 मई को पुलिस ने मुखबिर सुचना पर उपनिरी लाभाराम ध्रुव, आर गौरव शेण्डे क्र 960, आर त्रिलोकी ध्रुव क्र 1767, आर दीपक जाटवर क्र 1252 एवं सायबर सेल से सउनि सुमन कुमार कर्ष, आर मनोज खुटे क्र 1120, आर जोगेश राठौर क्र 1244 की टीम गठित कर आरोपी की घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। पुलिस की आधिकारिक जानकारी मुताबिक आरोपी संतोष निर्मलकर ऊर्फ गंगभोई पिता स्व गुहाराम निर्मलकर, 34 वर्ष, साकिन राजाखुज्जी बस स्टैण्ड के पीछे को कुल 50 नग शोले पौवा देशी प्लेन शराब, सीलबंद कुल 9 लीटर, जुमला कीमती 4500 रूपये एवं कुल बिक्री रकम 1100 रूपये, कुल जुमला रकम 5600 रूपये के साथ बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ कर जप्त किया गया। आरोपी पर 34, 2 के तहत अपराध दर्ज करके गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है।

### आरक्षक के पति पर विशेष ऑपरेशन

पुलिस विभाग के सूत्रों की माने तो आरोपी शराब कोचिया पुलिस विभाग में महिला आरक्षक का पति है। इनके ऊपर पुर्व में भी कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद अपनी महिला आरक्षक पत्नी के दायित्वों को परे रखकर आरोपी द्वारा वर्षों से अवैध शराब का धंधा किया जा रहा है। इस बार शिकायत पर सायबर व डोंगरगांव पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है।




### पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद बड़ी कार्यवाही

गौरतलब है कि पायनियर ने अपने 13 मई के अंक में डोंगरगांव में हो रहे अवैध शराब तस्करी के मामले की खबर का पर्मुखताब से प्रकाशन किया था जिसके बाद ही पुलिस ने अपनी कार्यवाही तेज की और आरक्षक पीटीआई को गिरफ्तार किया। जबकि अवैध शराब के बड़े मामलों में लिप्त लोग अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। मिली जानकारी के अनुसार इन्हें भाजपा व कांग्रेस के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है इसलिए इन पर कार्यवाही से पुलिस बच रही है।


डोंगरगांव शराब दुकान में कोचियों का राज, आम जनता को नहीं मिल रही शराब, गांव-गांव में खप रहा लाखों का अवैध शराब

आबकारी विभाग के संरक्षण में जमकर हो रहा खेल, पायनियर ने पहले भी उठाया था मुद्दा

# बारिश, तेज अंधड़ से बिगड़ा मौसम का मिजाज, आज से नवतपा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नवतपा शुरु होने से पहले मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। शुक्रवार की दोपहर तेज अंधड़ के साथ तकरीबन आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। इस बीच तापमान 41 डिग्री तक दर्ज किया गया। बारिश के बाद इसमें कुछ गिरावट आई। शनिवार से 2 जून तक नवतपा का दौर रहेगा। इस दौरान भी बारिश की संभावना है लेकिन तापमान में और भी बढ़ोतरी का भी अनुमान जताया जा रहा है। कुलमिलाकर बेमौसम बारिश और तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 2.40 बजे बादलों की गरज के साथ बारिश शुरु हुई। इस दौरान तेज अंधड़ से कई छोटे-बड़े फ्लैक्स सड़क पर आ गिरे। कई जगहों पर पेड़ की डालियों के टूटने से बिजली के तार भी टूट गए। कई जगहों पर फॉल्ट की शिकायतें मिली। विभागीय कर्मी तकनीकी समस्याओं को दूर करने में लगे रहे। विद्युत आपूर्ति कई कुछ देर के लिए बाधित भी रही।

मौसम विभाग का अनुमान है कि, 13-14 जून को मॉनसून यहां दस्तक दे देगा। इससे पहले प्री मॉनसून का असर भी देखने को मिल सकता है। जबकि अभी भी बेमौसम बारिश हो रही है। इन सबको देखते हुए किसान अभी से रबि फसल के लिए तैयारियों में जुट रहे हैं। खेतों को जोतने के साथ ही उसकी उर्वरक क्षमता बढ़ाए जाने के जतन किए जा रहे हैं। कीट के लिए भी उपाय हो रहे हैं। किसान चाहते हैं कि, तेज धूप और हल्की बारिश का फायदा मॉनसून शुरु होने से पहले ही उन्हें मिले।

# जशपुर, कुनकुरी, फरसाबहार एवं पत्थलगांव एसडीएम ने ली निजी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक

- बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाले विद्यार्थियों की कारण उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

## आरटीई एक्ट के परिपालन और ड्रॉपआउट छात्रों की ली जानकारी



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, पत्थलगांव एसडीएम सु आकांक्षा त्रिपाठी, कुनकुरी एसडीएम नन्दजी पाण्डेय और फरसाबहार एसडीएम प्रदीप कुमार राठिया ने निजी स्कूल के प्राचार्य की बैठक लेकर आरटीई एक्ट के परिपालन और ड्रॉपआउट छात्रों के संबंध में ली गई। साथ ही निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का शत प्रतिशत पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम ने सभी प्राचार्यो को पिछले पांच वर्षो में बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाले विद्यार्थियों की कारण सहित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रवेशित वर्षो में अधिनियम अनुसार कम से कम 25 प्रतिशत बच्चे आर टी ई के तहत प्रवेश लेने, सभी की शत प्रतिशत एंट्री आरटीई पोर्टल पर सुनिश्चित करने और गणवेश और लेखन सामग्री हेतु प्रदाय राशि सीधे नगद बच्चो को न देकर नियमानुसार व्यय करने के लिए कहा। सभी को ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को पोर्टल में दर्ज करने को निर्देशित किया गया। 9वी से 12वी के विद्यार्थी जो आरटीई से लाभान्वित हैं, उनको यूनिफॉर्म और अन्य सामग्री वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्राचार्यो से निरंतर समन्वय बनाकर पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की जानकारी लेते हुए शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत् नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कुकराझार जिले के 769 गांव के रूप में घोषित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने 24 मई 2024 को हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा जारी कर जशपुर जिले के तहसील बागबहार के ग्राम कुकराझार को असर्वेक्षित ग्राम होने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 90 में निहित शक्तियों के तहत् संहिता की धारा 68, 72 एवं 73 की शक्तियों के प्रयोग करते हुए जिला जशपुर का 769 ग्राम एवं तहसील बागबहार में 53 ग्राम घोषित किया है। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1925 के बंदोबस्त कार्य में छूटा हुआ गांव कुकराझार तहसील बागबाहर जिला जशपुर के अंतर्गत आता है। जहां 35 कृषक के लगभग 300 जनसंख्या वाले गांव को आज तक किसी भी ग्राम का नाम नहीं मिला था। अंतिम प्रकाशन के पश्चात राजस्व ग्राम जिला जशपुर की 769 गांव के रूप में घोषित होने पर गांव वाले अत्यधिक खुशी से उत्साहित है। जिससे उनकी जमीन कर रहे किसान खेती से जीवनयापन में राजस्व रिकार्ड बन जाने से भूमि स्वामी हक खरीद बिक्री का अधिकार प्राप्त हुआ। उनके बच्चों की जाति प्रमाण पत्र धान खरीदी सभी कार्य आसानी से हो पाएंगे।

# हमारे अस्तित्व के लिये जरूरी है जल: कविंद्र जैन

## पौधे भी अपने जीवन की रक्षा के लिए जल संरक्षित करते हैं

- पर्यावरण की सुरक्षा हेतु आम नागरिक, किसान,उद्योगपति सभी की सहभागिता जरूरी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



जल संरक्षण को लेकर जिले मे चल रहे जन जागरण अभियान जल जगार को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए समाज सेवी एवं तन, जल तल नवसंचरण संस्था के सचिव कविंद्र जैन ने विज्ञप्ति के माध्यम से इस अभियान के लिए जिला कलेक्टर सहित समस्त प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल संरक्षण समय की मांग है। जनसंख्या के बढ़ते दबाव, जगलों की कटाई और आधुनिकी करण की होड़ मे हमने सृष्टि की सबसे अनमोल वस्तु की उपेक्षा की है जिसके परिणाम स्वरूप जल की उपलब्धता मे खतरनाक तीव्र गति से कमी आई है। भू जल को मुफ्त की वस्तु समझ कर निर्ममता से दोहन बदस्तुर जारी है जबकि भू जल स्तर को बढ़ाने के लिये किये जा रहे प्रयास अभी भी शुरूआती दौर पर ही है। इसका नतीजा यह है कि भू जल स्तर सैकड़ों हजारों फीट नीचे जा चुका है। महानगरों मे तो भूमिगत जल समाप्तप्राय है। पूरे ब्रम्हांड मे पृथ्वी ही एक मात्र ऐसा ज्ञात ग्रह है जहाँ पर जीवन है और इसका एक मात्र कारण यही है कि पृथ्वी मे जल की उपलब्धता है। मनुष्य सहित जीव.जंतुए पेड़ पौधे सभी के अस्तित्व के लिये जल जरूरी है। जल के बिना जीवन असंभव है। पेड़ पौधे भी जल के महत्व को समझते हैं इसलिये प्रत्येक वृक्ष अपनी जड़ों मे जल संरक्षित करके रखते हैं ताकि उनका अस्तित्व बना रह सके। मनुष्य जिस बेपरवाही से जल और जंगल का दोहन कर रहा है इससे न सिर्फ मनुष्य का स्वयं का भविष्य खतरे मे अपितु अन्य जीवों के हक़ का पानी भी उसने अपनी विलासिताओं मे गँवा दिया है। श्री जैन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि पानी का दुरूपयोग को न्युनतम करते हुए जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण को एक आंदोलन के रूप मे अपनायें। घरों मे, सार्वजनिक स्थलों पर,कार्यालयों, प्रतिष्ठानों सहित सामाजिक भवनों मे अनिवार्य रूप से वर्षा जल को संरक्षित करने के लिये संरचना का निर्माण कराये। समाज सेवी संस्थाएँ इस पर यथा संभव तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने आगे आयें। उन्होंने क्षेत्र के किसान भाईयों से भी अपील की कि अपने खेतों, बाड़ीयों मे सोखता गड्ढा बनाकर वर्षा जल को संरक्षित करें। आधुनिक कृषि पद्धति अपनायें,फसल चक्र मे परिवर्तन करें, 2 फसली कृषि करने वाले किसान एक फसल कम पानी की खपत वाली फसलें जैसे दलहन, तिलहन एवं अन्य नकद क्रॉप लेने का अभियान चलायें ताकि उनके अपने खेतों मे आने वाले कई वर्षों तक पानी की उपलब्धता बनी रह सके। उद्योग संचालकों से भी उन्होंने अपील की कि पानी की खपत कम से कम रखे एवं वॉटर रिसाइकलिंग तकनीक अपनायें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर भविष्य के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने मे अपना योगदान दें।

# धमतरी मे बदला मौसम का मिजाज, कडी धूप में झमाझम बारिश, उमस से लोग परेशान



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को एक तरफ जहा तेज धूप निकली हुई थी वहीं दोपहर तीन बजे के बाद अचानक मौसम में परिर्वतन हुआ और बारिश होने लगी। दिलचस्प बात यह है कि कुछ देर धूप में भी बारिश होती रही फिर मौसम बदल गया हालांकि बारिश कुछ ही देर हुई मगर लोगो को गर्मी से थोड़ी राहत भी मिली। वही शनिवार 25 मई से अब नौतपा भी लगने वाला है जिसे लेकर यह माना जा रहा है कि गर्मी और भी बढ़ेगी वहीं यह भी कहा जा रहा है कि इसी तरह धूप और बदली का मौसम नौतपा में चलता रहेगा बहरहाल इस बदले मौसम से लोगो के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है उमस भी खूब हो रही है।

# समर कैंप में बच्चे तैरना सीख रहे हैं



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर में तैराकी कैंप ग्राम लालपुर में आयोजित किया गया है जहां लालपुर एवं आसपास ग्राम के बच्चे तैरने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर एचं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला के सभी विद्यालयों में विभिन्न खेलों का समर कैंप आयोजन किया गया है। आकाश सिंह परिहार सहायक नोडल अधिकारी के उपस्थिति में बच्चों के द्वारा फ्री स्टाइल तैराकी का प्रदर्शन किया गया। परिहार के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन एवं तैराकी के लाभ के बारे में बताया गया। खेल प्रशिक्षक राम भजन देवांगन, ग्राम पंचायत के,पंच द्वारा बच्चों को शपथ दिलाया गया कि वे तालाब को गंदा ना करेंगे ना करने देंगे। प्रशिक्षण में जीएसटी कटौती के प्रावधानों, शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामाग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर सप्लायर तथा ठेकेदारों को किए जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की कटौती के संबंध में नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

# जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

- 21 दिनों तक होगा आयोजन, तैयारियां पूरी
- खेलों को बढ़ावा देने जिले भर में लगेगा प्रशिक्षण शिविर

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 24 मई से 14 जून 2024 तक किया जायेगा। 21 दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल, तैराकी, बैडमिंटन, ताईक्वांडो खेलों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में सब जूनियर, जूनियर बालक , बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। इस प्रशिक्षण शिविर प्रातः 06:30 से 08:30 बजे तक एवं सायंकाल 04:00 से 05:00 बजे तक प्रशिक्षण कराया जाएगा । जिसके लिए निर्धारित खेल मैदान इस प्रकार हैं- 01 फुटबॉल खेल - रणजीता स्टेडियम के मैदान में 02 तैराक खेल - तरण ताल में 03 बैडमिंटन खेल-बैमिंटन हॉल में 04 ताईक्वांडो खेल-इंडोर हॉल जशपुर मुख्यालय में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सहायक जिला कीड़ा अधिकारी,कीड़ा अधिकारी, कोच-प्रशिक्षक , व्यायाम शिक्षक, अधीक्षक, पी.टी.आई., कर्मचारी, खेल प्रेमी प्रशिक्षणार्थियों को उपरोक्तानुसार 21 दिवस तक निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। खेल प्रशिक्षण के उपरांत समापन में सभी खिलाड़यों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर द्वरा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए अब लाईन लगाने की जरूरत नहीं

## आभा एप के जरिए किया जा सकेगा रजिस्ट्रेशन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए अब मरीजों अथवा उनके परिजनों को लाईन लगाने की जरूरत नहीं है, अभा एप के जरिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। जिला अस्पताल अब पूरी तरह डिजीटलाईज्ड हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके मंडल ने बताया कि मोबाईल एप आभा आयुष भारत हेल्थ एकाउंट के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन स्वयं के मोबाईल से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के बाद यूनिक आईडी नंबर मिलेगा,जो 14 डिजीट आभा कार्ड होगा। उक्त नंबर को चॉईस सेंटर या खुद के कम्पयूटर अथवा जिला अस्पताल के किसी भी काउंटर से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर बताकर प्रिंट निकाला जा सकता है। इस डिजीटल कार्ड में मरीज की सम्पूर्ण चिकित्सकीय जानकारी अंकित होगी। जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि जिला अस्पताल में आभा एप रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड चस्पा किया गया है। मरीज अपने मोबाईल के माध्यम से क्यूआर कोर्ड स्कैन कर ओपीडी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1100 लोग रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि एक बार रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद आभा कार्ड जनरेट होगा, इसमें 14 डिजीट नंबर से देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में उपचार की सुविधा प्राप्त होगी व मरीज की मेडिकल हिस्ट्री संग्रहित होगी। जिलेवासियों से अपील किया गया है कि वे आभा एप प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना रजिस्ट्रेशन जरूर कर लें।

# मालवाहक वाहनों में लोगो का परिवहन करने वाले कुल 38 वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर मुंगेली पुलिस द्वारा की गई कारवाही

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



बीते दिनो कर्वधा में हुए दुखद हादसे बाद घटना की पुर्नावृत्ति न हो सके इसके लिए जिले की पुलिस सजग नजर आ रही है जिसको देखते हुए माल वाहक परिवहन गाडियों में यात्री परिवहन पर सतत निगरानी का दौर जिले में प्रारंभ हो गया है इसी कडी में पुलिस उप महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक परिवहन में की जाने वाली यात्री परिवहन की सघन चेकिंग की जा रही है। जिसके अर्तगत 23 मई को समस्त थाना/ चौकी क्षेत्र अंतर्गत मालवाहक वाहन जिसमे यात्रियों का परिवहन करते पाए गए कुल 38 मॉलवाहक वाहनों के विरुद्ध समन शुल्क की राशि वसूल की गई एवं भविष्य में यातायात नियमों का पालन करते हुए ऐसा न करने की हिदायत दी गई। इसी प्रकार विगत दो दिन में मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं में भी 107 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है जिसमें 36800/- समन शुल्क के रूप में वसूल किया गया है।

# धमतरी शहर के प्रतिष्ठित नूतन स्कूल में आज होगा पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन समारोह

## कार्यक्रम को लेकर सभी पूर्व छात्र–छात्राएं हैं उत्साहित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी शहर के मध्य मराठापारा में स्थित नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक है जिसने समाज को कई होनहार व सफल नागरिक दिए जो देश.विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। क्या ऐसा संभव हो सकता है कि स्कूल के पूर्व छात्र स्कूल से जुड़ी अपनी भूली बिसरी पुरानी यादों को ताजा करने के लिए एकत्र हो सके। ` जरूर हो सकता है, वह भी इन छात्रों के पुनर्मिलन समारोह कार्यक्रम के आयोजन से। ऐसा ही एक पुनर्मिलन कार्यक्रम 25 मई 2024 को नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में होने जा रहा है जिसका आयोजन वर्ष 1998-99 बैच के साइंस, मैथ्स ग्रुप के पूर्व छात्र-छात्राओं के द्वारा किया जा रहा है। इस रि-यूनियन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए इन पूर्व छात्रों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है। 1998-99 बैच के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ.साथ देश व विदेशों में भी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रियूनियन कार्यक्रम को लेकर यह सभी नई उमंग व जोश के साथ 25 मई का इंतजार कर रहे हैं। यह संयोग ही होगा कि 25 वर्षों बाद 25 मई 2024 को इन पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन होगा। पुनर्मिलन कार्यक्रम की शुरुआत इनके नूतन स्कूल के प्रांगण व कक्षा से होगीए जहां यह सभी अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं से मिलकर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कल 25 मई को होने वाले पुनर्मिलन समारोह हेतु पूरी तैयारी हो चुकी है कार्यक्रम के पूर्व विदेश से आए छात्र एवं स्थानीय स्तर पर उपस्थित छात्र के द्वारा स्कूल के प्राचार्य शिक्षकों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की गई।

## जिले की बालिकाओं के लिए सुनहरा मौका, लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर कोर्स संचालित

# नि :शुल्क आवासीय कोर्स के लिए नवगुरुकुल में प्रवेश प्रकिया जारी

- सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक्स डिजाइन, फाइनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की हो रही पढ़ाई

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन जशपुर द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर में संचालित नवगुरुकुल में प्रवेश हेतु जिले की बालिकाओं के लिए सुनहरा मौका है। नवगुरुकुल में संचालित विभिन्न कोर्सों के लिए प्रवेश प्रकिया जारी है। साथ ही प्रवेश हेतु आयोजित लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष क्लासेस शुरू की गई है। इस विशेष रेमेडियल क्लासेस में अभी वर्तमान में 25 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिन्हें नवगुरुकुल द्वारा संचालित विभिन्न कोर्स में प्रवेश हेतु तैयारियां कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवतियों-महिलाओं को रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण कोर्स के माध्यम से बेहतर करियर बनाने का अवसर प्रदान किया गया है। जिसके तहत लाइवलीहुड कॉलेज में जिला प्रशासन के सहयोग से नवगुरुकुल संस्था द्वारा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, मैनेजमेंट, एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस के निशुल्क रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण 18 महीने कोर्स संचालित किया जा रहा हैं। यहां विभिन्न कोर्स के चयनित छात्राओं को लैपटॉप दिया गया है। यहां कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग सहित अन्य कोर्स के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को इंग्लिश कम्यूनिकेशन और लीडरशिप भी सिखाई जा रही हैं। चयनित अभ्यर्थी कोडिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग सहित अन्य कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे इन सभी क्षेत्रों में अपना कैरियर बना सकेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 20 हजार रुपये का वेतन की नौकरी मिल सकेगी। भविष्य में अमेजन, नेटवेस्ट, एप्प स्क्रिप, मैक्यूरी, एक्सेंचर जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्य करने का अवसर मिल सकेगा। इस कायक्रम के तहत न्यूनतम दसवीं कक्षा पास युवतियों-महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण के लिए ग्यारहवीं, बारहवीं की सभी विषयों या संकायों की छात्राएं भी आवेदन कर सकती है। बीए, बीएससी, बीटेक, बीसीए की छात्राएं भी इन सभी कोर्स में शामिल हो सकती है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय हैं। वर्तमान में 80 से अधिक छात्राएं निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# सामूहिक आदर्श विवाह एवं भक्त माता कर्मा जयंती जिला संघ मुंगेली द्वारा आयोजित किया गया



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

सामूहिक आदर्श विवाह एवं भक्त माता कर्मा जयंती जिला संघ मुंगेली द्वारा आयोजित किया गया। प्रथम दिन तेलचूल माटी का कार्यक्रम रखा गया था द्वितीय दिवस सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा बारातियों द्वारा मुंगेली नगर का बाजे गाजे के साथ भ्रमण किया गया सामूहिक विवाह में 5 जोड़ों का विवाह सामाजिक रीति रिवाज से सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैंड मुंगेली में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुन्नू लाल मोहले विधायक, प्रमुख अतिथि थानेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़, कार्यक्रम की अध्यक्षता लखन लाल साहू पूर्व सांसद सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर नव दंपत्तियों को हार्दिक बधाई देते हुए सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी आदर्श विवाह को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला साहू संघ मुंगेली के अध्यक्ष पुहुप राम साहू एवम समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता गण जुटे रहे उक्त जानकारी जिला साहू संघ मुंगेली के प्रवक्ता डॉ रामकुमार साहू ने दी।

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पॉवर कपनीज के अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा सचिव पी.दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज, प्रचलित और भावी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लगभग 10 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं की चर्चा की तथा विभिन्न परियोजनाओं के कार्य आगे बढ़ाने हेतु निर्देश दिये। दयानंद ने डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में यह बैठक ली जिसमें एम.डी. जनरेशन एस.के. कटियार द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारियां दी गई। वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों को दयानंद ने सराहनीय बताया तथा इसकी निरंतरता बनाये रखने के लिये समुचित मार्गदर्शन दिया। हमारे ताप बिजली घरों का देश के स्टेट सेक्टर यूटिलिटीज में अव्वल आना गौरव का विषय है। वर्ष 2023- 2024 में अनाकेंक्षित आंकड़े के अनुसार 800 करोड़ रूपए से अधिक आय की संभावना पर दयानंद ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने 2×660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना कोरबा पश्चिम, 1म660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना मड़वा की प्रगति की समीक्षा की। कोरबा पूर्व में 440 मेगावाट की बंद परियोजनाओं की भूमि पर नये बिजली घर लगाने की संभावनाओं पर विचार विमर्श कर निर्देश दिए। दयानंद ने पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं से लगभग 6000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वृद्धि के लिये आवश्यक मार्गदर्शन दिया। सोलर पीबी आधारित लगभग 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर भी कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दयानंद ने दिये। ताप बिजली घरों से निकलने वाली राखड़ के शत प्रतिशत निस्तारण की दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश देते हुये दयानंद ने कहा कि पर्यावरण व जनस्वास्थ्य की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये। उल्लेखनीय है कि विगत वित्तीय वर्ष में कुल उत्पादित राखड़ के 81 प्रतिशत का निस्तारण किया गया था। दयानंद ने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती पूरी पारदर्शिता के साथ नियमानुसार होनी चाहिए। भर्ती की कार्य भी मिशन मोड पर हो, जिसका लाभ बेहतर कार्य निष्पादन के रूप में मिलेगा। पॉवर कंपनीज की संपत्तियों पर किसी का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, नियमानुसार कार्यवाही कर उन्हें सख्ती से हटाया जायेगा। वहीं रिक्त पड़ी भूमि के सकारात्मक और उत्पादक उपयोग के संबंध में भी योजना बना कर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी के विभिन्न विभागों के कार्यपालक निदेशक एम.एस. कंवर, सी.एल. नेताम, एम.आर. बागड़े तथा मुख्य अभियंता एच. एन. कोसरिया, हेमंत सिंह, गिरीश गुप्ता, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे।

# आईपीएल मैच में सट्टा संचालित करते 5 अंतर्राज्यीय सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा संचालित करते 5 अंतर्राज्यीय सटोरियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। बता दे कि थाना डी.डी.नगर के अपराध क्रमांक 176/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 के प्रकरण में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना डी.डी. नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 11.04.24 को आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा संचालित करते आरोपी अनिल आहूजा पिता स्व.परमानंद आहूजा उम्र 48 साल निवासी विकास विहार कालोनी कृष्णा अपार्टमेंट डी डी नगर रायपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 नग मोबाईल फोन एवं नगदी रकम 1060 रूपये जप्त कर कार्यवाही किया गया था। उसके अन्य साथी दिल्ली में बैठकर अन्ना रेड्डी एप पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम का गठन कर दिल्ली रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दिल्ली पहुंच कर सटोरियों की पतासाजी करते हुए सटोरियों को लोकेट किया गया जो कि दिल्ली के मोहन गार्डन स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट के एक फ्लैट में रहकर सट्टा खिला रहे थे। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम के सदस्यों द्वारा उसी अपार्टमेंट में फ्लैट किराये पर लेने की योजना बनाकर सभी फ्लैट की रेकी कर रहे थे तथा प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहीं थी। पूरे लोगों की उपस्थिति होते ही फ्लैट में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान फ्लैट में कुल 05 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप एवं मोबाईल फोन से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे। सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान अन्ना रेड्डी आर-555 आई.डी. पैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार किया गया। जिस पर सभी 05 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप 04 नग, मोबाईल फोन 15 नग, चेकबुक 04 नग, पासबुक 06 नग, ए.टी.एम. कार्ड 22 नग, कैल्कुलेटर 01 नग तथा 01 नग वाईफाई राउटर सहित जुमला कीमती लगभग 4,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना डी.डी.नगर में दर्ज अपराध क्रमांक 176/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत् कार्यवाही किया गया।

# गैस सिलेंडर में सब्सिडी के लिए केवाईसी 31 मई तक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



गैस सिलेंडरों की सब्सिडी पाने के लिए लोगों को गैस एजेंसियों में जाकर हर हाल में 31 मई तक अपना सत्यापन करवाना है। तय समय के बाद भी केवाईसी नहीं कराने वालों के गैस कनेक्शन भी ब्लॉक हो सकते हैं। केंद्र सरकार की ओर से पिछले साल से यह काम जारी है। लेकिन बताया जा रहा है कि केवाईसी कराने का काम अभी भी 60 फीसदी पूरा नहीं हुआ है। इसलिए पेट्रोलियम कंपनियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे 31 मई तक केवाईसी करवा लें। इसके बाद सत्यापन कराने वालों को कई तरह की परेशानी होना तय है। कंपनियों ने साफ कर दिया है कि इस काम को गंभीरता से लें, नहीं तो जून से सिलेंडर मिलने में दिक्कत आएगी।केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने पिछले साल नया आदेश जारी कर कहा था कि जिन लोगों के नाम से सिलेंडर है उन्हें गैस एजेंसी में जाकर बताना होगा कि सिलेंडर लेने वाले वहीं हैं। पहले इसके लिए समय सीमा तय नहीं की गई थी, लेकिन अब 31 मई तक का समय दिया गया है।

# कांग्रेस पहले यह तय कर ले कि वह नक्सलवाद खत्म करना चाहती है या नहीं : संजय श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पहले यह तय कर ले कि छत्तीसगढ़ में वह नक्सलवाद खत्म करना चाहती है या नहीं। दीपक बैस, भूपेश बघेल और कांग्रेस के नेताओं के बयान और नक्सलियों के जारी पत्रों में वैचारिक सामानाता संदेह को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में घोषणा पत्र में लिखने के बावजूद न तो नक्सल नीति बनाई और ना ही उसे पर अमल किया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद जिस प्रकार लगातार मुठभेड़ में सफलता प्राप्त हो रही है और जिस प्रकार लगातार भाजपा की सरकार नक्सलियों से वार्ता के लिए वातावरण तैयार कर रही है। ऐसा लगता है कि यह बात दीपक बैस और कांग्रेस को अच्छी नहीं लग रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि 3 वर्ष के भीतर छत्तीसगढ़ में, देश में नक्सलवाद खत्म होकर रहेगा। उनकी नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार और उनके उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नक्सल उन्मूलन को लेकर कार्य कर रहे हैं वह बताता है कि भाजपा सरकार की स्पष्ट नीति है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र का विकास करना है। नक्सलवाद में फंसे युवाओ को मुख्य धारा में लाकर उनके पुनर्वास के कार्य करने हैं और दूसरी तरफ जो नक्सली बंदूक की नली से बात करना चाहते हैं उन्हें उस भाषा में जवाब देना है। उन्होंने कहा कि दीपक बैस और कांग्रेस को यह स्पष्ट समझ जाना चाहिए की जनता उनकी मंशा समझ चुकी है।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने महामंत्री यादराम साहू के नेतृत्व में बूढ़ा तालाब के पास पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। उनका कहना था कि ममता बनर्जी ने आरक्षण को लेकर कोलकाता उच्च न्यायालय के फैसले को नहीं मानने और कोर्ट की अवमानना किया। पुतला दहन करने वालों में उपाध्यक्ष शांतनु साहू, प्रदेश मंत्री देवदत्त साहू, सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मलकर, सह मीडिया प्रभारी श्रवण यदु, मंत्री वरुण साहू, कार्यालय प्रभारी निलेश नायक, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष लव यादव, करण यादव, थानेश्वर साहू, नरेंद्र फूल सिंह यादव, पूर्व पार्षद संतोष साहू, अन्य जिला, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोयला स्कैम मामले में उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडेय विशेष लोक अभियोजक अधिकारी नियुक्त



**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ के उप महाधिवक्ता डॉ सौरभ कुमार पांडेय को कोयला स्कैम मामले में ईओडब्लू के विशेष लोक अभियोजक अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य सरकार ने इस आशय के आदेश जारी कर दिए है। डॉ सौरभ पांडेय ईओडब्लू के शराब घोटाला मामले में भी राज्य आर्थिक अपराध शाखा के विशेष लोक अभियोजन अधिकारी हैं। कोयला स्कैम मामले में आर्थिक अपराध शाखा की ओर से रायपुर कोर्ट में राज्य के डिप्टी एजी डॉ सौरभ कुमार पांडेय पक्ष रखेंगे।

# मरम्मत कार्य के चलते बंद रहेंगे ये रेल्वे समपार फाटक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर रेल मंडल के आर.व्ही. एच-मंदिरहसौद के मध्य डाउन लाइन स्थित समपार फाटक क्रमांक 06 (किमी.4/18-20 मध्य डाउन लाइन) व्ही.आई.पी रेलवे समपार फाटक, आर.व्ही.एच-मंदिरहसौद में स्थित है। उक्त फाटक पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य 31 मई को रात 10 बजे से 1 को जून दिन 12 बजे तक समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। कचना रेलवे समपार फाटक पर सड़क यातायात बंद रहेगा। रायपुर रेल मंडल के आर.व्ही. एच-मंदिरहसौद के मध्य डाउन लाइन स्थित समपार फाटक क्रमांक 07 (किमी.5/27-29 मध्य डाउन लाइन) व्ही.आई.पी रेलवे समपार फाटक, आर.व्ही.एच-मंदिरहसौद में स्थित है। उक्त फाटक पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य दिन 27 मई को रात 10 बजे से 28 मई को दिन 12 बजे तक समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। पलौद/ स्टेडियम रेलवे समपार फाटक बंद रहेगा। लखौली नया रायपुर के मध्य डाउन लाइन स्थित समपार फाटक क्रमांक आर. व्ही. 17 (किमी.21/24-26 मध्य डाउन लाइन) रेलवे समपार फाटक, पलौद/स्टेडियम लखौली-नया रायपुर में स्थित है. उक्त फाटक पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य दिन 3 जून को रात 10 बजे से 4 जून को दोपहर 12 बजे तक समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधि पंडरिया हादसे के प्रभावितों से मिला

# शासन तंत्र की लापरवाही से पंडरिया में 19 लोगों की जान गयी : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कवर्धा जिले के पंडरिया में हुये सड़क हादसे में मृत हुये लोगों के परिजनों और घायलों से मिलने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रभावितों के गांव सेमरहा गये थे। प्रभावितों से मिलने के बाद पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह घटना बहुत हृदय विदारक है। शासन तंत्र की लापरवाही के कारण इतने आदिवासियों की जानें चली गयी। प्रदेश का मुख्यमंत्री आदिवासी है लेकिन उसकी नजर में आदिवासियों के जान की कोई कीमत नहीं है। एक पिकअप में 35 लोग रोज हफ्तो से भर-भरकर आते जाते थे, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और वन अमले के लोगों ने कभी रोका क्यों नहीं? यदि सरकार सही समय पर कदम उठाई होती तो इतने आदिवासियों की जान नहीं जाती। परिवहन विभाग स्वयं मुख्यमंत्री के पास है अतः उनकी खुद की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। गृहमंत्री के गृह जिले में मालवाहक वाहन में सवारी ढोई जा रही थी उनकी पुलिस कहां थी? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का इस घटना के बाद रवैय्या बेहद ही आपत्तिजनक रहा सिर्फ शोक व्यक्त करके पल्ला झाड़ लिये, पीड़ितो को दी गयी सहायता राशि 5 लाख भी अपर्याप्त है। मृतकों के परिजनों को 20 लाख रू. तथा घायलों को 5 लाख रू. की सहायता राशि सरकार तत्काल जारी करे। इस घटना में शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता श्रमिक बीमा योजना के तहत सभी को लाभ दिया जाना चाहिये। जानकारी आई है कि केवल दो लोगों को ही बीमा योजना का लाभ मिला है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस घटना के बाद भी सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाये गये है। जबकि कवर्धा में ही भोरमदेव के पास भी पिकअप पलटने से 7 लोगों की मौतें पहले भी हो चुकी है। पूरे प्रदेश में मालवाहकों में ठूस-ठूस कर लोगों को ढोया जा रहा है। सरकार पंडरिया की घटना के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ पीड़ितो से मिलने के लिये विधायक दलेश्वर साहू, विधायक भोलाराम साहू, विधायक यशोदा वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व-प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष कवर्धा महेश चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष कवर्धा होरी राम साहू गये थे।

25 May 2024 Pride Of Raipur

CITY LIF SAH Yatri
छत्तीसगढ़ में पहली बार
0/- रूपयें में ई-रिक्शा घर ले जाये
ये स्कीम सीमित समय के लिये कहीं मौका हाथ से निकल ना जाये...
आज ही बुक कराये, पहले आए पहले पाएं
आसान फायनेंस सुविधा, एक दिन में गाड़ी लेकर जाये
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड, गुरूद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर
• हिल्टन होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

ज्योतिष समाधान
सभी प्रकार के जटिल ज्योतिषीय समस्या समाधान के लिए संपर्क करें
पंडित. साकेत राव
मो. 9067312247
जोशीमठ ज्योतिष संशोधन केन्द्र
55, Swaraj, Main Road, Amleshwar, Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
50% Discount
Special Discount on ADMISSION FEES
Highlight
● Spoken English & Personality Development Classes
● Transport & Surveillance Facility ● Monthly Seminar & Discussion ● Personal attention on each students
● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact:- 07771-4000123

KSR SYMBOL OF TRUST
KisaN The Mark of Excellence
Parryware always in fashion
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000
86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

▪ नया बोरवेल्स 4" 5" 6" 8"
▪ नया पंप हमेशा उपलब्ध
▪ घरेलू पंप रिपेयरिंग का काम किया जाता है।
▪ सफाई भी किया जाता है।
पटेल बोरवेल्स
4 1/2" 6 1/2" Contractors
रिंग रोड नं.1, संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड, रायपुर (छ.ग.)
• 9977270388 • 9200003357 • 7999898750

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403